१७६८. **प्रतिक्षण** (अव्यय) (सं०) हर लहमे में, निरन्तर, लगातार, क्षणक्षण, पल-पल, प्रतिपद।

१७६९. **प्रतिक्षिप्त** (वि०) (सं०) रोका हुआ, फेंका हुआ, भेजा हुआ, निंदित।

१७७०. **प्रतिक्षेप** (संज्ञा पु०) (सं०) फेंकना, रोकना, तिरस्कार।

१७७१. **प्रतिग्रह** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वीकार, ग्रहण, पकड़ना, विवाह, पाणिग्रहण, ग्रहण, उपराग, स्वागत, अभ्यर्थना, दानी व्यक्ति, अनुग्रह, कृपा, उगालदान, पीकदान, दान, (अँ०) कस्टडी।

१७७२. **प्रतिघ** (संज्ञा पु०) (सं०) विरोध, सामना, मुकाबला, मारपीट, लड़ाई, रोष, क्रोध, कोप, मूर्छा, शत्रु, वैरी।

१७७३. **प्रतिघाती** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिद्वन्द्वी, शत्रु, वैरी, (वि०) विरोधी, मुकाबला करने वाला, टक्कर मारने वाला ।

१७७४. **प्रतिच्छन्न** (वि०) (सं०) ढका हुआ, छिपा हुआ, सम्पन्न, घिरा हुआ ।

१७७५. **प्रतिच्छवि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रतिबिम्ब, छाया, झाईं, परछाईं, चित्र, तस्वीर, प्रतिकृति, प्रतिच्छाया ।

१७७६. **प्रतिज्ञा** (संज्ञा पु०) (सं०) वचनदान, शपथ, सौगन्ध, वायदा, पन, प्रण, अंगीकार, अभियोग, दावा ।

१७७७. **प्रतिदारण** (संज्ञा पु०) (सं०) युद्ध, लड़ाई, फाड़ना, चीरना ।

१७७८. **प्रतिध्वनि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गूँज, प्रतिशब्द, गूँजना, दोहराना, प्रतिध्वान ।

१७७९. **प्रतिनिधि** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिमा, प्रतिमूर्ति, दूत, प्रतिभू, (अँ०) रिप्रेज़ेंटेटिव ।

१७८०. **प्रतिनिवर्तन** (संज्ञा पु०) (सं०) वापस आना, लौटना, मुड़ना, पराङ्मुख होना, प्रत्यवर्त्तन, लौटाना, फेरना ।

१७८१. **प्रतिपक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिवादी, विरोधी पक्ष, विरोधी दल, शत्रु, वैरी, दुश्मन, अरि, रिपु, विपक्षी, समानता, बराबरी ।

१७८२. **प्रतिपत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) उपलब्धि, प्राप्ति, पाना, ज्ञान, अनुमान, देना, दान, प्रतिपादन, निरूपण, प्रदर्शन, इत्मिनान, मानना, कायल होना, पद-प्राप्ति, धाक, साख, आदर-सत्कार, प्रवृत्ति, निश्चय, दृढ़ विचार, परिणाम, गौरव, सुख्याति, सम्मान, सम्भ्रम, प्रगल्भता, प्रबोध, निष्पत्ति, प्रतिष्ठा, यश ।

१७८३. **प्रतिपद्** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रास्ता, मार्ग, आरम्भ, प्रथम तिथि, प्रतिपदा, परवा, बुद्धि, समझ, पंक्ति, श्रेणी, अग्नि की जन्मतिथि, पड़वा, एक प्रकार का ढोल ।

१७८४. **प्रतिपन्न** (वि०) (सं०) प्राप्त, मिला हुआ, पूरा किया हुआ, आरम्भित, अपनाया हुआ, अंगीकृत, भरा-पूरा, शरणागत, प्रमाणित, साबित,

निश्चित, प्रमाणसिद्ध, अवगत, माननीय, मान्य ।

१७८५. **प्रतिपादक** (संज्ञा पु०) (सं०) समर्थक, निरूपक, उत्पादक, बोधक, प्रतिपत्तिजनक, ज्ञापक, संस्थापक, प्रकाशक ।

१७८६. **प्रतिपादन** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिपित्ति, प्रमाण, कथन, प्रमाण, सबूत, पुरस्कार, दान, उत्पत्ति, सम्पादन, बोधन, कथन ।

१७८७. **प्रतिपुरुष** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रत्येक मनुष्य, प्रतिनिधि, (अँ०) डेपुटी ।

१७८८. **प्रतिफल** (संज्ञा पु०) (सं०) छाया, प्रतिबिम्ब, परिणाम, नतीजा, तुल्यफल, समुचित फल, प्रतिकार ।

१७८९. **प्रतिबध, प्रतिबन्ध** (संज्ञा पु०) (सं०) रुकावट, रोक, विघ्न, बाधा, प्रतिष्टम्भ, शर्त, (अँ०) कंडिशन ।

१७९०. **प्रतिबंधक, प्रतिबन्धक** (संज्ञा पु०) (सं०) रोकने वाला, प्रतिरोधक, बाधक, व्याघातकारक, वृक्ष, पेड़ ।

१७९१. **प्रतिबल** (वि०) (सं०) जोड़ीदार, समर्थ, सशक्त, समान बल वाला ।

१७९२. **प्रतिबाधन** (संज्ञा पु०) (सं०) विघ्न, बाधा, पीड़ा, कष्ट ।

१७९३. **प्रतिबिंब, प्रतिबिम्ब** (संज्ञा पु०) (सं०) परछाईं, छाया, मूर्ति, प्रतिमा, चित्र, तस्वीर, दर्पण, शीशा ।

१७९४. **प्रतिबुद्ध** (वि०) (सं०) जागा हुआ, प्रसिद्ध, उन्नत ।

१७९५. **प्रतिबोध** (संज्ञा पु०) (सं०) जागरण, जागना, ज्ञान, प्रतिबोधन ।

१७९६. **प्रतिभट** (संज्ञा पु०) (सं०) योद्धा, शत्रु, वैरी, वीर, प्रतिद्वन्द्वी, योद्धा ।

१७९७. **प्रतिभय** (वि०) (सं०) भयंकर, खौफ़नाक, (संज्ञा पु०) ख़तरा, जोखिम, जोखों, भय, डर ।

१७९८. **प्रतिभा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) असाधारण, बुद्धि, समझ, मानसिक शक्ति, बुद्धिबल, उज्ज्वलता, चमक, ज्ञान, दीप्ति, प्रगल्भता ।

१७९९. **प्रतिभात** (वि०) (सं०) चमकीला, प्रकाशवान्, ज्ञान, प्रतीत, समक्ष ।

१८००. **प्रतिभान** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रभा, चमक, बुद्धि, समझ, ज्ञान, अनुमान ।

१८०१. **प्रतिभाव** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) उत्तर, जवाब, प्रतिउत्तर, कथन, बयान ।

१८०२. **प्रतिभास** (संज्ञा पु०) (सं०) आकृति, प्रकाश, चमक, धोखा, भ्रम ।

१८०३. **प्रतिभेद** (संज्ञा पु०) (सं०) अन्तर, फ़र्क, आविष्कार ।

१८०४. **प्रतिमंडल, प्रतिमण्डल** (संज्ञा पु०) (सं०) मंडल, घेरा, परिवेश, दल, समूह ।

१८०५. **प्रतिमा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मूर्ति, चित्र, अनुकृति, देवमूर्ति, प्रतिबिम्ब, छाया, प्रतिभा, छवि ।

१८०६. **प्रतिमान** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिबिम्ब, परछाईं, हाथी का मस्तक, समानता, बराबरी दृष्टान्त, उदाहरण, मानदण्ड, मानक, बटखरा, प्रतिछाया (अँ०) स्टैंडर्ड, मॉडल ।

१८०७. **प्रतियत्न** (संज्ञा पु०) (सं०) लालच, लोभ, लिप्सा, वाँछा, संशोधन, ग्रहण, उपग्रह, बन्दी, कैदी, संस्कार ।

१८०८. **प्रतियोग** (संज्ञा पु०) (सं०) विरोध, विवाद, शत्रुता, प्रतिपक्षता ।

१८०९. **प्रतियोगिता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) विपक्षता, शत्रुता, विरोध, विवाद, प्रतिस्पर्धी, प्रतिद्वन्द्विता, मुकाबिला ।

१८१०. **प्रतियोगी** (संज्ञा पु०) (सं०) शत्रु, विरोधी, वैरी, बाधक, सहायक, साथी, मददगार, जोड़ीदार, (वि०) मुकाबला करने वाला ।

१८११. **प्रतिरक्षा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बचाव, सुरक्षा (अँ०) डिफ़ैंस ।

१८१२. **प्रतिरव** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिध्वनि, झगड़ा, टंटा ।

१८१३. **प्रतिरूप** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिमा, प्रतिमूर्ति, आकृति, मूर्ति, चित्र, तस्वीर, प्रतिनिधि, नमूना, (वि०) समान, सदृश्य, तुल्य, बराबर, कृत्रिम, बनावटी, नकली, जाली, प्रतिरूपक (अँ०) कौंटरफ़ीट।

१८१४. **प्रतिरोध** (संज्ञा पु०) (सं०) विरोध, बाधा, रोक, रुकावट, मुकाबला, तिरस्कार, प्रतिबिम्ब, निबन्ध।

१८१५. **प्रतिलंभ, प्रतिलम्भ,** (संज्ञा पु०) (सं०) कुचाल, कुरीति, कलंक, दोष, निन्दा, गाली, दुर्वचन, कुवाच्य, लाभ, प्राप्ति।

१८१६. **प्रतिलोम** (संज्ञा पु०) (सं०) नीच या कमीना व्यक्ति, (वि०) विपरीत, प्रतिकूल, उलटा काम करने वाला, विलोम।

१८१७. **प्रतिवाक्य** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिवचन, उत्तर, प्रतिउत्तर, प्रतिध्वनि।

१८१८. **प्रतिवाद** (संज्ञा पु०) (सं०) विरोध, विवाद, बहस, उत्तर, जवाब, खंडन, आपत्ति।

१८१९. **प्रतिवादी** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिपक्षी, विपक्षी, प्रतिअर्थी।

१८२०. **प्रतिवास** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुवास, सुगन्धि, पड़ोस, निकट वास, समीप वास।

१८२१. **प्रतिवेदन** (संज्ञा पु०) (सं०) विवरण, सूचना, रिपोर्ट।

१८२२. **प्रतिश्रय** (संज्ञा पु०) (सं०) यज्ञशाला, यज्ञमण्डल, घर, विश्राम, सभा।

१८२३. **प्रतिश्रव** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वीकार, अंगीकार, प्रतिज्ञा, वायदा, निश्चित, कथन, प्रण, इक़रार, सुनना।

१८२४. **प्रतिश्रुति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रतिध्वनि, स्वीकृति, अनुमति, मंजूरी, प्रतिज्ञा, इक़रार, वचन, (अँ०) प्रामिस, गारंटी।

१८२५. **प्रतिषिद्ध** (वि०) (सं०) निषिद्ध, वर्जित, निषेधित (संज्ञा पु०) प्रतिषेध।

१८२६. **प्रतिष्ठा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कीर्ति, आदर, गौरव, सम्मान, स्थापना, उद्यापन, अवस्थापन, रखा जाना, स्थान, जगह, मान-मर्यादा, स्थिति,

ठहराव, प्रसिद्धि, ख्याति, यश, संस्कार, आश्रय, ठिकाना, पृथ्वी, शरीर इज़्ज़त, एक छन्द।

१८२७. **प्रतिष्ठान** (संज्ञा पु०) स्थापित करना, प्रतिष्ठित करना, रखना, बैठाना, ज़माना, पदवी, स्थान, जगह, संस्था, जड़, मूल।

१८२८. **प्रतिसंक्रम** (संज्ञा पु०) (सं०) संचार, प्रतिछाया, परछाईं।

१८२९. **प्रतिसंधि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ढूँढ़ना, खोजना, वियोग, बिछोह।

१८३०. **प्रतिसर** (संज्ञा पु०) (सं०) नौकर, अनुचर, कंकण, पुष्पहार, फूलमाला, प्रभात, सेना का पिछला भाग।

१८३१. **प्रतिस्पर्द्धा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) होड़, प्रतियोगिता, झगड़ा, ईर्ष्या, मत्सरता, गुप्तद्वेष, स्पर्द्धा, डाह, जलन, (वि०) प्रतिस्पर्द्धी।

१८३२. **प्रतिहंता, प्रतिहन्ता** (संज्ञा पु०) (सं०) बाधक, रोकने वाला।

१८३३. **प्रतिहत** (वि०) (सं०) हटाया हुआ, भगाया हुआ, अवरुद्ध, रुका हुआ, निराश, चोट खाया हुआ, रोका हुआ।

१८३४. **प्रतिहति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रोकने की चेष्टा या प्रयत्न, प्रतिघात, नैराश्य, विफलता, टक्कर, गुस्सा, क्रोध।

१८३५. **प्रतिहरण** (संज्ञा पु०) (सं०) विनाश, बरबादी।

१८३६. **प्रतिहार** (संज्ञा पु०) (सं०) दरबान, द्वारपाल, द्वार, दरवाज़ा, ड्योढ़ी, डेवढ़ी, चोबदार, मायावी, बाजीगर, ऐन्द्रजालिक।

१८३७. **प्रतिहास** (संज्ञा पु०) (सं०) कनेर, सफ़ेद कनेर, किसी को हँसते देख हँसना।

१८३८. **प्रतिहिंसा** (संज्ञा स्त्री) (सं०) वैर चुकाना, बदला लेना, हिंसा का प्रतिशोध।

१८३९. **प्रतीक** (वि०) (सं०) विरुद्ध, प्रतिकूल, उलटा, विलोम, औंधा, (संज्ञा पु०) चिह्न, निशान, पता, अङ्ग, अवयव, मुँह, मुख, रूप, आकृति, प्रतिरूप, स्थानापन्न वस्तु, मूर्ति, प्रतिमा, (अँ०) सिंबल।

१८४०. **प्रतीकार** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिकार, बदला, वैरशोधन, शत्रुता-निर्यातन, प्रतिफल, प्रतिशोध, इलाज, चिकित्सा, उपाय, उपशमन।

१८४१. **प्रतीक्षा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आसरा, इन्तज़ार, प्रत्याशा, बाट देखना या जोहना, (वि०) प्रतीक्षित,

१८४२. **प्रतीत** (वि०) (सं०) ज्ञानी, विदित, ज्ञात, अवगत, विख्यात, प्रसिद्ध, मशहूर, प्रसन्न, हृष्ट ।

१८४३. **प्रतीति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दृढ़ धारणा, दृढ़ निश्चय, यकीन, विश्वास, ख्याति, प्रसिद्धि, आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता, आदर ज्ञान, बोध, कीर्ति, (अँ०) क्रेडिट ।

१८४४. **प्रतीप** (वि०) (सं०) विरुद्ध, प्रतिकूल, उल्टा, विलोम, विपरीत, विरोधी ।

१८४५. **प्रतीयमान** (वि०) (सं०) ज्ञेय, बोधगम्य, अनुभूत ।

१८४६. **प्रतीवाप** (संज्ञा पु०) (सं०) संक्रामक रोग, दैवी उपद्रव ।

१८४७. **प्रतोद** (संज्ञा पु०) (सं०) कोड़ा, चाबुक, अंकुश ।

१८४८. **प्रत्यक्चेतन** (संज्ञा पु०) (सं०) परमेश्वर, अन्तरात्मा ।

१८४९. **प्रत्यक्ष** (वि०) (सं०) नयनगोचर, इन्द्रियगोचर, साक्षात्, स्पष्ट, सन्मुख, सामने ।

१८५०. **प्रत्यय** (वि०) (सं०) नूतन, नया, शोधा हुआ, शोधित, अभिनव, शुद्ध, बोधित ।

१८५१. **प्रत्यनीक** (संज्ञा पु०) (सं०) शत्रु, दुश्मन, प्रतिपक्षी, विरोधी, प्रतिवादी, विघ्न, बाधा ।

१८५२. **प्रत्यय** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतीति, विश्वास, एतबार, साख, (अँ०) क्रेडिट, प्रमाण, सबूत, ज्ञान, समझ, विचार, भावना, व्याख्या, कारण, हेतु, प्रसिद्धि, चिह्न, लक्षण, आवश्यकता, निर्णय, फैसला, निश्चय, राय, सम्मति, स्वाद, सहायक, विष्णु ।

१८५३. **प्रत्यर्थी** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिद्वन्द्वी, जोड़ीदार, वैरी, शत्रु, प्रतिवादी, मुद्दालह ।

१८५४. **प्रत्यवस्थान** (संज्ञा पु०) (सं०) स्थानान्तरकरण, विरोध, मुकाबिला ।

१८५५. **प्रत्यवहार** (संज्ञा पु०) (सं०) संहार, मार डालना ।

१८५६. **प्रत्यवाय** (संज्ञा पु०) (सं०) उलटफेर, भारी परिवर्तन,

१८५७. **प्रत्यस्तमय** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्यास्त, अवसान, समाप्ति ।

१८५८. **प्रत्याख्यान** (संज्ञा पु०) (सं०) खंडन, निराकरण, निरसन, अनादर-पूर्वक लौटाना, अमान्य करना, अस्वीकार, निन्दक ।

१८५९. **प्रत्यागम** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रत्यागमन, वापसी, दोबारा आना, प्रत्यावर्तन, लौटना ।

१८६०. **प्रत्यादेश** (संज्ञा पु०) (सं०) खंडन, निराकरण, आकाशवाणी, उपदेश, देववाणी ।

१८६१. **प्रत्यासत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) समीपता, निकटता, सादृश्य, घनिष्ठता ।

१८६२. **प्रत्याहार** (संज्ञा पु०) (सं०) इन्द्रिय-निग्रह, प्रतिकार ।

१८६३. **प्रत्यूष** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रातःकाल, प्रभात, तड़का, उषाकाल, सूर्य ।

१८६४. **प्रथम** (वि०) (सं०) पहला, सर्वश्रेष्ठ, प्रधान, मुख्य, (क्रि० वि०) पेश्तर, पहले आगे, आदि में, शुरू में ।

१८६५. **प्रथमा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मदिरा, शराब, पहली विभक्ति, श्रेष्ठा, बड़ी, मुख्या ।

१८६६. **प्रथित** (वि०) (सं०) प्रख्यात, प्रसिद्ध, ख्यात, प्रतिष्ठित, लम्बा-चौड़ा ।

१८६७. **प्रदक्षिण** (संज्ञा पु०) (सं०) परिक्रमा, मण्डलाकार घूमना, (वि०) समर्थ, योग्य, समर्पित ।

१८६८. **प्रदर्श** (संज्ञा पु०) (सं०) सूरत, चितवन, आदेश, आज्ञा ।

१८६९. **प्रदर्शक** (संज्ञा पु०) (सं०) गुरु, प्रकाशक, दिखानेहारा, मार्ग-दर्शक ।

१८७०. **प्रदर्शन** (संज्ञा पु०) (सं०) दिखाना, प्रदर्शनी, (अँ०) डिमॉन्स्ट्रेशन ।

१८७१. **प्रदर्शनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नुमायश।

१८७२. **प्रदान** (संज्ञा पु०) (सं०) देना, दान, अर्पण, त्याग, विवाह, अंकुश।

१८७३. **प्रदिव** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पुरातन, पुराना, पर्व का दिन, (वि०) चमकाने वाला।

१८७४. **प्रदीप** (संज्ञा पु०) (सं०) दीपक, दीया, दीप, प्रकाश।

१८७५. **प्रदीपिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) छोटी लालटेन, एक रागिनी, बिजली की बत्ती, (अँ०) इलेक्ट्रिक बल्ब।

१८७६. **प्रदीप्त** (वि०) (सं०) उज्ज्वलित, प्रकाशित, प्रकाशवान्, उज्ज्वल, जगमगाता हुआ, चमकदार।

१८७७. **प्रदीप्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आभा, चमक, रोशनी, प्रकाश।

१८७८. **प्रदेश** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रान्त, स्थान, जगह, अङ्ग, अवयव, बालिश्त, दीवार, संज्ञा, नाम।

१८७९. **प्रदोष** (संज्ञा पु०) (सं०) सन्ध्याकाल, सायंकालीन अन्धकार, अपराध, भारी दोष, आर्थिक लाभ, स्वार्थ, भ्रष्टाचार, (अँ०) करप्शन।

१८८०. **प्रद्युम्न** (संज्ञा पु०) (सं०) कामदेव, रतिदेव, कृष्ण के पुत्र (वि०) अत्यन्त बली, महान् वीर।

१८८१. **प्रद्योत** (संज्ञा पु०)(सं०) किरण, रश्मि, आभा, चमक, दीप्ति, प्रद्योतन।

१८८२. **प्रद्वेष** (संज्ञा पु०) (सं०) अरुचि, घृणा, वैर, शत्रुता।

१८८३. **प्रधर्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) बलात्कार, आक्रमण, हमला, दुर्व्यवहार, अपमान, तिरस्कार, प्रधर्षण।

१८८४. **प्रधान** (वि०) (सं०) मुख्य, खास, सर्वोच्च, श्रेष्ठ, (संज्ञा पु०) मुखिया, नेता, सरदार, मन्त्री, सचिव, बुद्धि, समझ, ईश्वर, परमात्मा, सेनाध्यक्ष (अँ०) चेयरमैन।

१८८५. **प्रधूपित** (वि०) (सं०) गरमाया हुआ, तपाया हुआ, चमकता हुआ, दीप्त, संतप्त।

१८८६. **प्रध्वंस** (संज्ञा पु०) (सं०) विनाश, नाश, विनष्टि, क्षय, विध्वंस।

१८८७. **प्रपंच, प्रपञ्च** (संज्ञा पु०) (सं०) संसार का जंजाल, भवजाल, संसार, जगत्, सृष्टि, क्रम, विस्तार, फैलाव, बखेड़ा, झगड़ा, झमेला, आडम्बर, ढोंग, धोखा, छल, भ्रम, प्रतारण।

१८८८. **प्रपंचित, प्रपञ्चित** (वि०) (सं०) ठगा हुआ, भटका हुआ, भूला हुआ, छला हुआ, विस्तृत, भ्रमयुक्त, प्रतारित।

१८८९. **प्रपात** (संज्ञा पु०) (सं०) किनारा, झरना, पर्वतों का पार्श्व।

१८९०. **प्रफुल्ल** (वि०) (सं०) विकसित, प्रस्फुटित, कुसुमित, खुला हुआ, विकाशयुक्त, उत्फुल्ल।

१८९१. **प्रबल** (वि०) (सं०) जोर वाला, बलवान्, तेज़, प्रचंड, उग्र, भारी, महान् बली, साहसी, ढीठ, सहजोर, मज़बूत।

१८९२. **प्रबोध** (संज्ञा पु०) (संज्ञा पु०) (सं०) जागना, नींद खुलना, पूरा ज्ञान, यथार्थज्ञान, ढाढ़स, दिलासा, चेतावनी, विकास, सावधानी, सावचेती सतर्कता।

१८९३. **प्रबोधन** (संज्ञा पु०) (सं०) जागरण, जगाना, नींद से उठना, ज्ञान देना, चिताना, चेतावनी देना, सावधान करना, ज्ञान देना, सान्त्वना देना।

१८९४. **प्रभंजन, प्रभञ्जन** (संज्ञा पु०) (सं०) अनिल, वायु, पवन, अत्यधिक तोड़-फोड़।

१८९५. **प्रभव** (संज्ञा पु०) (सं०) निकास, जन्म, उत्पत्ति, उद्गमस्थल, उपादानकरण, शक्ति, बल, पराक्रम, जन्म-हेतु, जन्म-कारण।

१८९६. **प्रभा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आभा, दीप्ति, चमक, सूर्यबिंब, आलोक, प्रकाश, तेज।

१८९७. **प्रभाकर** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, रवि, दिनकर, समुद्र, मदार, आक, अर्कवृक्ष।

१८९८. **प्रभाव** (संज्ञा पु०) (सं०) शक्ति, प्रादुर्भाव, उद्भव, माहात्म्य, असर, परिणाम, (अँ०) इन्फ़्लुएन्स, इफ़ैक्ट।

१८९९. **प्रभिन्न** (संज्ञा पु०) (सं०) मत्तहस्ती, मतवाला हाथी (वि०) विभक्त ।

१९००. **प्रभु** (संज्ञा पु०) (सं०) अधिपति, नायक, पालक, समर्थ, स्वामी, मालिक, ईश्वर, शब्द, पारा, पारद ।

१९०१. **प्रभुता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) महत्त्व, बड़ाई, मालिकपन, हुकूमत, शासनाधिकार, वैभव, प्रधानता, आधिपत्य, प्रमुख ।

१९०२. **प्रभूत** (वि०) (सं०) उद्‌गत, उत्पन्न, बहुत, विपुल, उन्नत, प्रचुर, (संज्ञा पु०) पंचभूत, तत्त्व ।

१९०३. **प्रभूति** (संज्ञा पु०) (सं०) पर्याप्तता, प्रचुरता, अधिकता, उत्पत्ति, निकास, बल, शक्ति ।

१९०४. **प्रमत्त** (वि०) (सं०) मस्त, पागल, विक्षिप्त, उन्मत्त, असावधान, लापरवाह ।

१९०५. **प्रमद** (संज्ञा पु०) (सं०) मतवालापन, हर्ष, आनन्द, धतूरा, (वि०) मतवाला, मत्त ।

१९०६. **प्रमा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शुद्ध और यथार्थ ज्ञान, नाप, माप, नींव, प्रमिति ।

१९०७. **प्रमाण** (संज्ञा पु०) (सं०) सबूत, सत्यता, सचाई, निश्चय, प्रतीति, दृढ़ धारणा, यकीन, मर्यादा, साख, मान, आदर, इयत्ता, हद, मान, शास्त्र, मूलधन, प्रमाण-पत्र, निदर्शन, दृष्टान्त, उदाहरण, साक्षी, लेख, प्रमृति, प्रतिपत्ति, (वि०) माननीय, सत्यवादी, नित्य, सत्य, प्रमाणित, चरितार्थ, मान्य, स्वीकार योग्य, ठीक ।

१९०८. **प्रमाता** (संज्ञा पु०) (सं०) चेतनपुरुष, द्रष्टा, साक्षी, (संज्ञा स्त्री०) दादी ।

१९०९. **प्रमाथ** (संज्ञा पु०) (सं०) अत्याचार, पीड़न, उत्तेजना, मन्थन, वध, हत्या, बलात्कार, बलात्‌हरण, प्रमथन, विलोडन ।

१९१०. **प्रमाथी** (वि०) (सं०) दुःखदायी, पीड़क, (संज्ञा पु०) एक औषध, पीड़नकर्ता, मारणकर्ता, प्रमथनशील ।

१६११. **प्रमाद** (संज्ञा पु०) (सं०) भ्रम, भ्रान्ति, भूल-चूक, अनवधानता, असावधानी, आलस्य ।

१६१२. **प्रमानना** (क्रि०) (हिं०) ठीक समझना, सत्य मानना, प्रमाणित करना, साबित करना, स्थिर करना, ठहराना ।

१६१३. **प्रमार्जन** (संज्ञा पु०) (सं०) धोना, साफ़ करना, झाड़ना, पोंछना, हटाना, दूर करना ।

१६१४. **प्रमित** (वि०) (सं०) परिमित, निश्चित, अल्प, थोड़ा, विदित, अवगत, प्रमाणित, ज्ञात ।

१६१५. **प्रमीढ़** (वि०) (सं०) गाढ़ा, घना, मोटा ।

१६१६. **प्रमीति** (संज्ञा) (सं०) मृत्यु, मौत, हत्या, वध ।

१६१७. **प्रमीला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नींद, तंद्रा, थकावट, ग्लानि, शैथिल्य, मूँदना ।

१६१८. **प्रमुख** (वि०) (सं०) प्रधान, मुख्य, प्रथम, पहला, श्रेष्ठ, प्रतिष्ठित, अगुआ, मान्य, माननीय (संज्ञा पु०) आदि, आरम्भ, समूह, पुन्नाग, (अव्यय) इत्यादि, वगैरह ।

१६१९. **प्रमुग्ध** (वि०) (सं०) अचेत, बेहोश, अत्यन्त मनोहर ।

१६२०. **प्रमूढ़** (वि०) (सं०) मूर्ख, मूढ़, घबराया हुआ, व्याकुल, परेशान ।

१६२१. **प्रमोक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) मुक्ति, मोक्ष, त्याग, छोड़ना, फेंकना ।

१६२२. **प्रमोद** (संज्ञा पु०) (सं०) हर्ष, आनन्द, आह्लाद, उल्लास, सुख ।

१६२३. **प्रयत** (वि०) (सं०) पवित्र, नम्र, दीन, प्रयत्नशील, पूत, शुद्ध, नियमित, तत्पर ।

१६२४. **प्रयत्न** (संज्ञा पु०) (सं०) अध्यवसाय, प्रयास, कोशिश, यत्न, चेष्टा ।

१६२५. **प्रयाण** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रस्थान, जाना, चढ़ाई, युद्धयात्रा,

आरम्भ, गमन, निर्माण, यात्रा, परलोक-गमन ।

१६२६. **प्रयात** (वि०) (सं०) गत, गया हुआ, प्रस्थापित, मृत, मरा हुआ, सोया हुआ, (संज्ञा पु०) ढलुवाँ, चट्टान, आक्रमण ।

१६२७. **प्रयाम** (संज्ञा पु०) (सं०) अभाव, महँगी, दुष्प्राप्यता, संयम, दीर्घता, लम्बाई, क़दर ।

१६२८. **प्रयास** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रयत्न, चेष्टा, उद्योग, परिश्रम, मेहनत, इच्छा, श्रम, आयास ।

१६२९. **प्रयुक्त** (वि०) (सं०) सम्मिलित, प्रेरित, व्यवहारित ।

१६३०. **प्रयुत** (वि०) (सं०) मिला-जुला, अस्पष्ट, सहित, समेत, (संज्ञा पु०) दस लाख की संख्या ।

१६३१. **प्रयोग** (संज्ञा पु०) (सं०) इस्तेमाल, व्यवहार, घोड़ा, दृष्टान्त, निदर्शन ।

१६३२. **प्रयोजन** (संज्ञा पु०) (सं०) काम, कार्य, अर्थ, अभिप्राय, आशय, उद्देश्य, मतलब, गरज, उपयोग, व्यवहार, हेतु, निमित्त ।

१६३३. **प्ररेचन** (संज्ञा पु०) (सं०) रुचि दिखलाना, मोहित करना, उत्तेजित, करना ।

१६३४. **प्ररोह** (संज्ञ पु०) (सं०) आरोह, चढ़ाव, उगना, जमना, उत्पत्ति, अंकुर, अँखुआँ, कोंपल ।

१६३५. **प्रलंब, प्रलम्ब** (वि०) (सं०) लंबा, टँगा हुआ, लटका हुआ, निकला हुआ, शिथिल, सुस्त, (संज्ञा पु०) लटकाव, फुलाव, शाखा, डाल, टहनी, फूलमाला, कंठहार, स्तन, कुच, जस्ता, सीसा, खीरा, लतांकुर ।

१६३६. **प्रलंभ, प्रलम्भ** (संज्ञा पु०) (सं०) छल, धोखा, प्राप्ति, उपलब्धि ।

१६३७. **प्रलपन** (संज्ञा पु०) (सं०) कहना, कथन, बकना, ऊटपटाँग, बातचीत ।

१६३८. **प्रलय** (संज्ञा पु०) (सं०) नाश, मृत्यु, मौत, विनाश, अचेतनता, मूर्च्छा, बेहोशी, कल्पान्त, लय, युगान्त, संक्षय ।

१६३६. **प्रलव** (संज्ञा पु०) (सं०) भलीभाँति काटना, टुकड़ा, धज्जी, लेश ।

१६४०. **प्रवण** (संज्ञा पु०) (सं०) चौराहा, पहाड़ का किनारा, चतुष्पथ, (वि०) ढालुवाँ, झुका हुआ, रत, प्रवृत्त, नम्र, विनीत, अनुकूल, मुवाफ़िक़, उत्सुक, तत्पर, उदार, स्निग्ध, निपुण, लम्बा, नपा हुआ, नीची भूमि ।

१६४१. **प्रवर** (वि०) (सं०) मुख्य, प्रधान, श्रेष्ठ (संज्ञा पु०) अगर काष्ठ, संतति ।

१६४२. **प्रवर्तक, प्रवर्त्तक** (संज्ञा पु०) (सं०) संचालक, प्रेरक, प्रयोजक, उत्साहदाता, सहायक, संस्थापक, पंच (अँ०) ऐबेटर ।

१६४३. **प्रवर्तन, प्रवर्त्तन** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रवृत्ति, प्रेरणा, आज्ञापन, प्रेषण, कार्य-संचालन ।

१६४४. **प्रवर्तित, प्रवर्त्तित** (वि०) (सं०) ठाना हुआ, निकाला हुआ, उत्तेजित, प्रेरित, आज्ञापित, लगाया हुआ ।

१६४५. **प्रवह** (संज्ञा पु०) (सं०) ख़ूब बहाव, तेज़ बहाव, निष्कासन ।

१६४६. **प्रवहण** (संज्ञा पु०) (सं०) लेजाना, कन्या को विवाहना, पालकी, डोली, नाव, पोत, सवारी ।

१६४७. **प्रवात** (संज्ञा पु०) (सं०) तेज हवा, अन्धड़, आँधी, हवादार स्थान, ढाल, उतार (वि०) हवा से हिलाया हुआ ।

१६४८. **प्रवाद** (संज्ञा पु०) (सं०) बात-चीत, जनश्रुति, जनरव, अफ़वाह, अपवाद, झूठी बदनामी, प्रसार, चर्चा, किंवदन्ती, उड़ती खबर ।

१६४६. **प्रवारण** (संज्ञा पु०) (सं०) निषेध, विरोध, इच्छा पूर्ण करना, काम्यदान ।

१६५०. **प्रवाल** (संज्ञा पु०) (सं०) मूँगा, विद्रुम, किसलय, कोंपल, सितार या तम्बूरे की लकड़ी ।

१६५१. **प्रवास** (वि०) (सं०) देशान्तरवास, विदेशयात्रा ।

१६५२. **प्रवाह** (संज्ञा पु०) (सं०) बहाव, जलधारा, धारा, जारी रहना,

क्रम, सिलसिला, प्रवृत्ति, झुकाव, उत्तम घोड़ा, व्यवहार, स्रोत ।

१६५३. प्रवाहक (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेत, पिशाच, गाड़ीवान, बहानेवाला या चलाने वाला व्यक्ति ।

१६५४. **प्रविख्यात** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रेत, बालू, (वि०) नामधारी, प्रसिद्ध, मशहूर ।

१६५५. **प्रविख्याति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रसिद्धि, शोहरत, नामवरी ।

१६५६. **प्रविचार** (संज्ञा पु०) (सं०) विवेक, ज्ञान, चतुराई ।

१६५७. **प्रविभाग** (संज्ञा पु०) (सं०) विभाग, बाँट, अंश, भाग ।

१६५८. **प्रविष्ट** (वि०) (सं०) घुसा हुआ, भरती हुआ हुआ, गया हुआ, दाखिल, सम्मिलित ।

१६५९. **प्रवीण** (वि०) (सं०) निपुण, कुशल, दक्ष, होशियार, कुशल गायक या वाद्यक, बुद्धिमान् सयाना, चालाक ।

१६६०. **प्रवीणता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) निपुणता, चतुराई, कुशलता, होशियारी, चालाकी, दक्षता ।

१६६१. **प्रवीर** (वि०) (सं०) योद्धा, वीर सुभट, बहादुर ।

१६६२. **प्रवृत्त** (वि०) (सं०) रत, तत्पर, प्रस्तुत, उद्यत, लगा हुआ, उत्पन्न ।

१६६३. **प्रवृत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बहाव, प्रवाह, झुकाव, रुझान, लगन, अभिरुचि, इच्छा, हाथी का मद ।

१६६४. **प्रवेश** (संज्ञा पु०) (सं०) घुसना, गति, रसाई, पहुँच, जानकारी पैठ, पैठार, पैठाव, (अँ०) एडमीशन ।

१६६५. **प्रशंसा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गुण-वर्णन, श्लाघा, स्तुति, तारीफ़, सराहना ।

१६६६. **प्रशम** (संज्ञा पु०) (सं०) शमन, उपशम, शान्ति, निवृत्ति, निवारण, नाश, ध्वंस, शमता, प्रशमन ।

१६६७. **प्रशमन** (संज्ञा पु०) (सं०) शान्ति, उपशम, नाशन, मारण, वध, प्रतिपादन, अस्त्र-प्रहार, वश में करना, शमता, प्रशान्ति ।

१६६८. **प्रशमित** (वि०) (सं०) शान्त, तृप्त, अघाया हुआ, शुद्ध किया हुआ ।

१६६९. **प्रशस्त** (वि०) (सं०) अच्छा, प्रशंसनीय, श्रेष्ठ, उत्तम, बड़ा, विस्तृत, लम्बा-चौड़ा, उपयुक्त, उचित, भव्य, सुन्दर, स्वच्छ ।

१६७०. **प्रशस्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) स्तुति, प्रशंसा, सिरनामा, अभिनन्दन ।

१६७१. **प्रशांत, प्रशान्त** (वि०) (सं०) अचंचल, स्थिर, निश्चल वृत्ति-युक्त, शान्त, धीर, (संज्ञा पु०) महासमुद्र ।

१६७२. **प्रशासन** (संज्ञा पु०) (सं०) कर्त्तव्य, शिक्षा, राज्य-प्रबन्ध, राज्य-व्यवस्था (अँ०) एडमिनिस्ट्रेशन ।

१६७३. **प्रशास्ता** (संज्ञा पु०) (सं०) शासनकर्ता, मित्र, ऋत्विक्, सहकारी ।

१६७४. **प्रशिष्ट** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अनुशासन, शिक्षा, उपदेश, आदेश, आज्ञा ।

१६७५. **प्रश्न** (संज्ञा पु०) (सं०) जिज्ञासा, सवाल पूछने की बात, विचारणीय विषय, एक उपनिषद्, पूछना ।

१६७६. **प्रश्नोत्तर** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रश्न तथा उत्तर, सवाल-जवाब, पूछताछ ।

१६७७. **प्रश्रय** (संज्ञा पु०) (सं०) आश्रय-स्थान, आधार, सहारा, प्रोत्साहन, टेक, विनय, नम्रता, शिष्टता ।

१६७८. **प्रश्रयी** (वि०) (सं०) शिष्ट, सुजन, भलामानुस, शान्त, नम्र, विनीत ।

१६७९. **प्रष्ठ** (वि०) (सं०) अग्रगामी, अगुआ, श्रेष्ठ, प्रधान, मुख्य ।

१६८०. **प्रसंख्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जोड़, मीजान, चिंता, (अँ०) टोटल ।

१६८१. **प्रसंग, प्रसङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) मेल, सम्बन्ध, संयोग, लगन, अनुरक्ति, संभोग, बात, वार्ता, उपयुक्त संयोग, अवसर, मौका, कारण, हेतु,

46,024

विषयानुक्रम, प्रकरण, प्रस्ताव, विस्तार, फैलाव, प्रसक्ति, मैथुन, उपलक्षण ।

१६८२. **प्रसक्त** (वि०) (सं०) सम्बन्धयुक्त, लगा हुआ, अटका हुआ, अनुरक्त, आसक्त, सम्बद्ध, प्रस्तावित ।

१६८३. **प्रसक्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अनुमिति, आपत्ति, व्याप्ति, प्रसंग, सम्पर्क ।

१६८४. **प्रसन्न** (वि०) (सं०) संतुष्ट, तुष्ट, खुश, आह्लादित, हर्षित, अनुकूल, स्वच्छ, निर्मल, पसन्द, दयान्वित, प्रफुल्ल, (संज्ञा पु०) महादेव ।

१६८५. **प्रसन्नता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) संतोष, तुष्टि, हर्ष, आनन्द, अनुग्रह, कृपा, स्वच्छता, निर्मलता, शुद्धि, प्रसाद, प्रफुल्लता ।

१६८६. **प्रसर** (संज्ञा पु०) (सं०) फैलना, फैलाव, बढ़ना, दृष्टि-प्रसार, वेग, तेज़ी, समूह, राशि, व्याप्ति, प्रभाव, प्रकर्ष, युद्ध, साहस, हिम्मत, बाढ़, बढ़िया, संचार (अँ०) प्रासेस ।

१६८७. **प्रसरण** (संज्ञा पु०) (सं०) बढ़ना, खिसकना, फैलना, विस्तार, व्याप्ति, उत्पत्ति, सेना का फैलाव ।

१६८८. **प्रसर्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) गिराना, बरसाना, वर्षण ।

१६८९. **प्रसव** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रसूति, जनन, जन्म, उत्पत्ति, बच्चा, सन्तान, फल, कुसुम, फूल ।

१६९०. **प्रसहन** (संज्ञा पु०) (सं०) हिंसक पशु, आलिंगन, सहनशीलता, क्षमा, सहन, (वि०) सहनशील ।

१६९१. **प्रसाद** (संज्ञा पु०) (सं०) अनुग्रह, कृपा, प्रसन्नता, निर्मलता, सफ़ाई, स्वास्थ्य, भोग (भगवान् को अर्पित होने वाली वस्तु) भोजन, चढ़ावा, नैवेद्य, गुरु की जूठन ।

१६९२. **प्रसादक** (वि०) (सं०) अनुग्रहकारक, निर्मल, प्रीतिकर, (संज्ञा पु०) प्रसाद, देवधन, बथुए का साग ।

१६९३. **प्रसादना** (संज्ञा पु०) (सं०) चाकरी, सेवा, परिचर्या, पवित्रता, (क्रि०) (हिं०) प्रसन्न करना ।

१६९४. **प्रसादी** (वि०) (सं०) प्रसन्न करने वाला, प्यार करने वाला,

शान्त, अनुग्रहकारक, निर्मल, स्वच्छ (संज्ञा पु०) नवैद्य, बलिदान का माँस ।

१९९५. **प्रसाधन** (संज्ञा पु०) (सं०) सजाना, शृङ्गार करना, शृङ्गार-सामग्री, सजावट का सामान, कार्य की पूर्ति, सम्पादन, निष्पादन, कंघी करना, वेश-रचना ।

१९९६. **प्रसार** (संज्ञा पु०) (सं०) विस्तार, फैलाव, संचार, गमन, प्रचार, प्रसरण ।

१९९७. **प्रसारिणी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गन्ध-प्रसारिणी लता, देव-धान्य, लजालु, लाजवन्ती ।

१९९८. **प्रसारित** (वि०) (सं०) विस्तारित, विस्तृत, फैलाया हुआ, ब्राडकास्ट किया हुआ ।

१९९९. **प्रसाह** (संज्ञा पु०) (सं०) पराजय, हार, आत्मशासन ।

२०००. **प्रसिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ज्वाला, लपट, रस्सी, रश्मि ।

२००१. **प्रसिद्ध** (वि०) (सं०) विख्यात, मशहूर, ख्यात, प्रख्यात, उजागर, नामवर, प्रतिष्ठित, प्रचलित, भूषित, अलंकृत ।

२००२. **प्रसिद्धि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ख्याति, शोहरत, बनाव, सिंगार, भूषा, अलंकार, प्रचार ।

२००३. **प्रसू** (वि०) (सं०) जन्मदात्री, उत्पादिका, (संज्ञा स्त्री०) माता, जननी, अम्बा, घोड़ी, कुश, केला, लता, नरम घास ।

२००४. **प्रसूत** (वि०) (सं०) उत्पन्न, पैदा, निकला हुआ, उत्पादित, जात, (संज्ञा पु०) कुसुम, फूल ।

२००५. **प्रसूति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रसव, जनन, उत्पत्ति, उद्भव, जन्म, कारण, प्रकृति, उत्पत्ति-स्थान, सन्तति, प्रसूता स्त्री ।

२००६. **प्रसून** (संज्ञा पु०) (सं०) पुष्प, फूल, कुसुम, कली, फल, (वि०) उत्पन्न, पैदा ।

२००७. **प्रसृत** (वि०) (सं०) फैला हुआ, बढ़ा हुआ, विनीत, भेजा हुआ, प्रेरित, तत्पर, प्रचलित, इन्द्रियलोलुप, लंपट, लगा हुआ ।

२००८. **प्रसृति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) फैलाव, विस्तार, सन्तान, संतति ।

२००९. **प्रसेक** (संज्ञा पु०) (सं०) खींचना, सेचन, निचोड़, छिड़काव, पसेव ।

२०१०. **प्रसेव** (संज्ञा पु०) (सं०) कुप्पा, कुप्पी, बीन की तूँबी, थैला ।

२०११. **प्रस्कंदन, प्रस्कन्दन** (संज्ञा पु०) (सं०) छलाँग, झपट, विरेचन, अतिसार, जुलाब, शिव, महादेव ।

२०१२. **प्रस्तर** (संज्ञा पु०) (सं०) पत्थर, सेज, शैय्या, चौरस जगह, समतल, चमड़े की थैली, प्रस्तार, पाषाण, पाथर, शिला, उपल, पल्लवादि-रचित शैया ।

२०१३. **प्रस्तव** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रभाव, स्तुति, प्रशंसा ।

२०१४. **प्रस्तार** (संज्ञा पु०) (सं०) विस्तार, फैलाव, सेज, शैया, आधिक्य, वृद्धि, परत, तह, समतल, सीढ़ी ।

२०१५. **प्रस्ताव** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रसंग, चर्चा, भूमिका, प्रस्तावना, अवसर, स्तुति, प्रकरण, वृत्तान्त, कथा, (अँ०) रेज़ोल्यूशन, आफ़र ।

२०१६. **प्रस्तावना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आरम्भ, वक्तव्य, भूमिका, प्राक्कथन, उपोद्घात, वाक्यानुष्ठान ।

२०१७. **प्रस्तुत** (वि०) (सं०) स्तुत्य, कथित, प्रासंगिक, उद्यत, तैयार, निष्पन्न, सम्पादित, उपयुक्त, प्राकरणिक, स्तुतियुक्त, उपस्थित, पेश, हाज़िर ।

२०१८. **प्रस्तुति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रशंसा, स्तुति, प्रस्तावना, तैयारी, निष्पत्ति, उपस्थिति ।

२०१९. **प्रस्थान** (संज्ञा पु०) (सं०) रवानगी, गमन, कूच, मार्ग, उपदेश की पद्धति या उपाय, यात्रा, प्रयाण, निर्याण ।

२०२०. **प्रस्थापन** (संज्ञा पु०) (सं०) भेजना, प्रेरणा, स्थापन, प्रस्थान कराना, प्रेरण, प्रेषण, पठाना ।

२०२१. **प्रस्थित** (वि०) (सं०) स्थिर, दृढ़, गत, ठहरा हुआ, टिका हुआ, जाने को उद्यत ।

२०२२. **प्रस्थिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रस्थान, चढ़ाई, यात्रा, अभियान ।

२०२३. **प्रस्फुट** (वि०) (सं०) विकसित, खिला हुआ, प्रकट, स्पष्ट, साफ़, ज्ञात ।

२०२४. **प्रस्फोटन** (संज्ञा पु०) (सं०) खुलना, फूटना, निकलना, विकसित करना या होना, खिलना या खिलाना, पीटना, ठोकना, फटकना, सूप ।

२०२५. **प्रस्रव** (संज्ञा पु०) (सं०) बहाव, धार, निकलना, टपकना ।

२०२६. **प्रस्रवण** (संज्ञा पु०) (सं०) सोता, झरना, प्रपात, निर्झर, दूध, पसीना ।

२०२७. **प्रहत** (वि०) (सं०) हत, मारा हुआ, पीटा हुआ, फैलाया हुआ, प्रसारित, (संज्ञा पु०) ठोकर, प्रहार ।

२०२८. **प्रहरण** (संज्ञा पु०) (सं०) हरण, हरना, छीनना, अस्त्र, युद्ध, प्रहार, वार, मारना, आघात पहुँचाना, फेंकना, हटाना, पर्दे वाली गाड़ी, डोली ।

२०२९. **प्रहरी** (संज्ञा पु०) (सं०) पहरेदार, चौकीदार, रखवाला, घड़ियाली, यामिक, पहरुआ ।

२०३०. **प्रहर्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) हर्ष, आनन्द, आह्लाद, खुशी, प्रसन्नता ।

२०३१. **प्रहर्षित** (वि०) (सं०) आनन्दित, हर्षित, खुश, आह्लादित, प्रफुल्लित ।

२०३२. **प्रहसन** (संज्ञा पु०) (सं०) हँसी, दिल्लगी, परिहास, उपहास, मज़ाक ।

२०३३. **प्रहस्त** (संज्ञा पु०) (सं०) चपत, थप्पड़, चपेट, चावड़, तबड़ा ।

२०३४. **प्रहाणि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) परित्याग, हानि, घाटा, नाश ।

२०३५. **प्रहार** (संज्ञा पु०) (सं०) चोट, वार, आघात, मार ।

२०३६. **प्रहास** (संज्ञा पु०) (सं०) अट्टहास, नट, शिव ।

२०३७. **प्रहृत** (वि०) (सं०) फेंका हुआ, चलाया हुआ, पसारा हुआ, फैलाया हुआ, मारा हुआ, प्रताड़ित, पीटा हुआ, (संज्ञा पु०) चोट, आघात ।

२०३८. **प्रहेलिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पहेली, बात, बुझौवल, कूटार्थ भाषित, दुरूह वाक्य ।

२०३९. **प्रह्व** (वि०) (सं०) विनीत, नम्र, आसक्त, अनुरक्त ।

२०४०. **प्रांजल, प्राञ्जल** (वि०) (सं०) सरल, सीधा, सच्चा, समान, बराबर, स्वच्छ और शुद्ध भाषा ।

२०४१. **प्रांत, प्रान्त** (संज्ञा पु०) (सं०) अन्त, सीमा, सिरा, छोर, किनारा, दिशा, ओर, तरफ़, खंड, प्रदेश, राज्य का एक भाग ।

२०४२. **प्रांतर, प्रान्तर** (संज्ञा पु०) (सं०) सुनसान रास्ता, उजाड़, वन, जंगल, वृक्ष, कोटर, वीरान ।

२०४३. **प्राकृत** (वि०) (सं०) स्वाभाविक, प्राकृतिक, सहज, भौतिक, साधारण, मामूली, संसारी, लौकिक, नीच, अधम, वास्तविक, वस्तुत: (संज्ञा पु०) एक प्राचीन भाषा ।

२०४४. **प्राकृतिक** (वि०) (सं०) प्रकृति से उत्पन्न, प्रकृति का, प्रकृति-सम्बन्धी, साधारण, मामूली, भौतिक, सांसारिक, लौकिक, नीच, स्वाभाविक, सहज (अँ०) नेचुरल ।

२०४५. **प्राक्कथन** (संज्ञा पु०) (सं०) परिचय, भूमिका, (अँ०) फ़ोर-वर्ड ।

२०४६. **प्राक्तन** (संज्ञा पु०) (सं०) भाग्य, प्रारब्ध (वि०) पुरातन, पुराना, प्राचीन ।

२०४७. **प्रागल्भ्य** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रगल्भता, वीरता, चतुरता, योग्यता, प्रधानता, प्रबलता, प्रादुर्भाव, प्राकट्य, साहस, धीरता, अहंकार, दर्प, गर्व, घमंड, औद्धत्य, अभिमान ।

२०४८. **प्राचीन** (वि०) (सं०) पूरब का, पुरातन, पुराना, वृद्ध, बुड्ढा ।

२०४९. **प्राची** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पूर्व दिशा, पूरब, जल-आँवला, सूर्योदय दिक् ।

२०५०. **प्राचीर** (संज्ञा पु०) (सं०) चहार दीवारी, चार दीवारी, शहर पनाह, परकोटा, प्राकार ।

२०५१. **प्राचुर्य** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रचुरता, अधिकता, बहुतायत, विपुलता, बाहुल्य ।

२०५२. **प्राज्ञ** (वि०) (सं०) बुद्धि-सम्बन्धी, मानसिक, बुद्धिमान्, विद्वान्, चतुर, (वि०) पंडित, अभिज्ञ, विज्ञ, (संज्ञा पु०) जीवात्मा ।

२०५३. **प्राज्य** (वि०) (सं०) अधिक, बहुत, विपुल, प्रचुर, यथेष्ट, बहु, अधिक घी-युक्त ।

२०५४. **प्राड्विवाक** (संज्ञा पु०) (सं०) न्यायकर्ता, न्यायाधीश, वकील, व्यवहार-द्रष्टा, विचारक ।

२०५५. **प्राणंती, प्राणन्ती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) भूख, क्षुधा, हिचक, छींक ।

२०५६. **प्राण** (संज्ञा पु०) (सं०) वायु, हवा, साँस, श्वास, निश्वास, बल, शक्ति, पौरुष, जीव, आत्मा, परब्रह्म, इन्द्रिय, प्रेम-पात्र, माशूका, यकार वर्ण, ब्रह्म, विष्णु, अग्नि, आग, प्रजापति ।

२०५७. **प्राण-आधार** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रिय, पति, स्वामी ।

२०५८. **प्राणथ** (संज्ञा पु०) (सं०) वायु, हवा, प्रजापति, पवित्र स्थान, तीर्थ, (वि०) बलवान्, हृष्ट-पुष्ट ।

२०५९. **प्राणद** (संज्ञा पु०) (सं०) खून, लहू, जल, पानी, विष्णु, (वि०) प्राणदाता, प्राणरक्षक ।

२०६०. **प्राणनाथ** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रिय व्यक्ति, प्रियतम, प्यारा पति, स्वामी, नाथ, प्रभु ।

२०६१. **प्राणपति** (संज्ञा पु०) (सं०) आत्मा, प्रभु, ईश्वर, हृदय, पति, स्वामी, प्रिय व्यक्ति, प्यारा, प्राणवल्लभ ।

२०६२. **प्राणासार** (संज्ञा पु०) (सं०) बल, शक्ति, बलिष्ठ या ताकतवर व्यक्ति ।

२०६३. **प्राणी** (वि०) (हिं०) जीवधारी, (संज्ञा पु०) जीव, जन्तु, मनुष्य, सचेतन ।

२०६४. **प्रातःकाल** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रात, प्रातः, प्रभात, तड़का, सवेरा, विहान ।

२०६५. **प्रातराश** (संज्ञा पु०) प्रातकालीन, भोजन, प्रातभोज़न, जलपान, जलखवा ।

२०६६. **प्रातिहार** (संज्ञा पु०) (सं०) मायावी, ऐन्द्रजालिक, द्वारपाल, प्रतिहार, जादूगर, प्रातिहारिक।

२०६७. **प्रादुर्भाव** (संज्ञा पु०) (सं०) आविर्भाव, उत्पत्ति, हृदय ।

२०६८. **प्राधान्य** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रधानता, श्रेष्ठता, मुख्यता, प्रधानत्व ।

२०६९. **प्राध्यापक** (संज्ञा पु०)(सं०) बड़ा अध्यापक, विशेषज्ञ, (अं०) प्रोफ़ेसर ।

२०७०. **प्राध्व** (संज्ञा पु०) (सं०) लम्बी राह या रास्ता, सवारी; पहर, विनय, बन्ध ।

२०७१. **प्रापण** (संज्ञा पु०) (सं०) प्राप्ति, मिलना, प्रेरण, ले आना, पहुँचाना ।

२०७२. **प्राप्त** (वि०) (सं०) लब्ध, पाया हुआ, समुपस्थित, उत्पन्न, आसादित, उपलब्ध, गृहीत ।

२०७३. **प्राप्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) उपलब्धि, प्रापण, मिलना, रसीद, पहुँच, आगमन, अर्थागम, अर्जन, भाग्य, प्रारब्ध, व्याप्ति, प्रवेश, मेल, संगीत, लाभ, अधिगम, उपार्जन ।

२०७४. **प्राभव** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रभुत्व, अधिकार, प्रधानता, श्रेष्ठता ।

२०७५. **प्रामाणिक** (वि०)(सं०) शास्त्रसिद्ध, ठीक, सत्य, यथार्थ, मान्य, प्रमाण-युक्त, सबूत वाला, परखा हुआ ।

२०७६. **प्रमाद्य** (संज्ञा पु०) (सं०) पागलपन, उन्माद, अडूसा ।

२०७७. **प्राय** (संज्ञा पु०) (सं०) समान, बराबर, लगभग, उम्र, मृत्यु ।

२०७८. **प्राय:** (अव्यय) (सं०) अवसर, करीब-करीब, अधिकतर, लगभग, बहुधा, तकरीबन ।

२०७९. **प्रायण** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रवेश, आरम्भ, जन्मान्तर,

स्थानान्तर, भूख हड़ताल से मरना ।

२०८०. **प्रायशः** (अव्यय) (सं०) प्रायः, बहुधा, अकसर ।

२०८१. **प्रायश्चित्त** (संज्ञा पु०) (सं०) अफ़सोस, दुःख, पछतावा, पाप-नाशक कर्म, पाप क्षय करने वाला कर्म, प्रायश्चिति ।

२०८२. **प्रारंभ, प्रारम्भ** (संज्ञा पु०) शुरू, आरम्भ, आदि ।

२०८३. **प्रारब्ध** (संज्ञा पु०) (सं०) भाग्य, किस्मत, अदृष्ट, पूर्व कर्म, ललाट ।

२०८४. **प्रार्थना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) माँगना, चाहना, विनती, विनय, याचना, निवेदन ।

२०८५. **प्रालेय** (संज्ञा पु०) (सं०) हिम, पाला, बर्फ़, तुषार ।

२०८६. **प्रावण** (संज्ञा पु०) (सं०) कुदाल, फावड़ा, बेलचा ।

२०८७. **प्रावर** (संज्ञा पु०) (सं०) परकोटा, हाता, घेरा ।

२०८८. **प्रावरण** (संज्ञा पु०) (सं०) ओढ़नी, चादर, ढक्कन, प्रच्छादन, आच्छादन ।

२०८९. **प्रावृत्त** (संज्ञा पु०) (सं०) घूँघट, बुरका, ओढ़नी ।

२०९०. **प्रावृत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) घेरा, हाता, बाड़ा, आत्मज्ञान, आड़, रोक ।

२०९१. **प्रवृषेण्य** (संज्ञा पु०) (सं०) कदम्ब वृक्ष, कुटज, धार कदम्ब, प्रचुरता, विपुलता, ईति (वि०) वर्षाकाल में उत्पन्न ।

२०९२. **प्रावृष्य** (वि०) (सं०) वर्षाकालीन, (संज्ञा पु०) धार कदम्ब, कुटज, कुरैया, विकंटक, वैदूर्य ।

२०९३. **प्राशित** (वि०) (सं०) भक्षित, (संज्ञा पु०) पितृतर्पण, पितृ-यज्ञ, भक्षण ।

२०९४. **प्रासंगिक, प्रासङ्गिक** (वि०) (सं०) प्रसंग-सम्बन्धी, अकालिक, आनुषंगिक, नैमित्तिक ।

२०९५. **प्रासाद** (संज्ञा पु०) (सं०) बड़ा मकान, महल, राजभवन, देवा-लय, मन्दिर ।

२०९६. **प्रासादिक** (वि०) (सं०) दयालु, कृपालु, सुन्दर, प्रसाद-सम्बन्धी

२०९७. **प्रियंगु, प्रियङ्गु** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कँगनी (अन्न), पीपल, कुटकी, राई, राजिका, प्रियंगू ।

२०९८. **प्रिय** (वि०) (सं०) प्यारा, सुन्दर, मनोहर, हरा, स्नेह पात्र, प्रियतम, प्रेमी, प्रणयी, (संज्ञा पु०) पति, स्वामी, जामाता, दामाद, कार्तिकेय, हिरन, जीवक (औषध), ऋद्धि, कँगनी, हित, भलाई, बेंत, हरताल, धारा कदम्ब, ईश्वर ।

२०९९. **प्रियक** (संज्ञा पु०) (सं०) पीत शालक, कदम्ब वृक्ष, केसर, धारा कदम्ब, चित्र-मृग, चितकबरा हिरन, पक्षी, मधुमक्खी, कँगनी ।

२१००. **प्रियतम** (वि०) (सं०) सर्वप्रिय, परमप्रिय, (संज्ञा पु०) पति, स्वामी, मारशिखा वृक्ष ।

२१०१. **प्रियदर्शन** (वि०) (सं०) मनोहर, सुन्दर, खूबसूरत, (संज्ञा पु०) तोता, खिरनी वृक्ष, एक गन्धर्व ।

२१०२. **प्रिया** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नारी, स्त्री, पत्नी, भार्या, इलायची, चमेली, मल्लिका, मदिरा, शराब, प्रेमिका, प्रणयिनी, प्यारी, प्रेयसी, वल्लभा, माशूका, कँगनी, एक छन्द ।

२१०३. **प्री** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रेम, प्रीति, कान्ति, चमक, इच्छा, तृप्ति, तर्पण ।

२१०४. **प्रीण** (वि०) (सं०) प्रसन्न, सन्तुष्ट, प्राचीन, पुरातन, पहले का, अगला ।

२१०५. **प्रीति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सन्तोष, हर्ष, आनन्द, प्रेम, स्नेह, मुहब्बत, प्यार, प्रणय, स्नेह, प्रीत ।

२१०६. **प्रूफ़** (संज्ञा पु०) (सं०) (अँ०) प्रमाण, सबूत, मुद्रित वस्तु का नमूना ।

२१०७. **प्रेंखा, प्रेङ्खा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) हिलना, झूलना, घोड़े की चाल, यात्रा, भ्रमण, नाच ।

२१०८. **प्रेक्षणक** (संज्ञा पु०) (सं०) खेल, तमाशा, स्वाँग, लीला ।

२१०९. **प्रेक्षा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) देखना, बुद्धि, प्रज्ञा, दृष्टि, निगाह, शोभा, डाली, शाखा, डाल, विचार, ग्रालोचन, मनन ।

२११०. **प्रेक्षागार** (संज्ञा पु०) (सं०) रंगशाला, नाट्यशाला, मंत्रणागृह, प्रेक्षागृह ।

२१११. **प्रेत** (संज्ञा पु०) (सं०) मृतात्मा, मृतक प्राणी, दुष्ट, स्वार्थी, कल्पित-देवयोनि, भूत, पिशाच, मृतक ।

२११२. **प्रेत-गृह** (संज्ञा पु०) (सं०) श्मशान, मरघट, कबरिस्तान ।

२११३. **प्रेति** (संज्ञा पु०) (सं०) मरण, मरना, ग्रन्न, ग्रनाज ।

२११४. **प्रेम** (संज्ञा पु०) (सं०) मुहब्बत, प्रीति, प्यार, माया, लोभ, स्नेह, प्रियता, प्रणय ।

२११५. **प्रेमा** (संज्ञा पु०) (सं०) स्नेह, स्नेही, इन्द्र, वायु ।

२११६. **प्रेमी** (संज्ञा पु०) (सं०) ग्रनुरागी, ग्रासक्त, ग्राशिक, प्रेमयुक्त, स्नेही, प्यारा, स्नेह-भाजन ।

२११७. **प्रेयर** (संज्ञा स्त्री०) (ग्रँ०) स्तुति, प्रार्थना, ईश्वर-भजन ।

२११८. **प्रेरणा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दबाव, ज़ोर, उत्तेजना, उकसाना ।

२११९. **प्रेषण** (संज्ञा पु०) (सं०) भेजना, रवानगी ।

२१२०. **प्रेषित** (वि०) (सं०) प्रेरित, भेजा हुग्रा, रवाना किया हुग्रा ।

२१२१. **प्रेष्ठा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रेमिका, पत्नी, जाँघ, (संज्ञा पु०) प्रेष्ठ ।

२१२२. **प्रेष्य** (संज्ञा पु०) (सं०) नौकर, दास, दूत, सेवक, भृत्य, (वि०) भेजने योग्य ।

२१२३. **प्रेष्यता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दासत्व, दूतत्व ।

२१२४. **प्रैष** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेषण, भेजना, संकट, विपत्ति, कष्ट, दुःख, विक्षिप्तता, पागलपन, उन्माद ।

२१२५. **प्रैष्य** (संज्ञा पु०) (सं०) नौकर, सेवक, दासत्व ।

२१२६. **प्रोक्षित** (वि०) (सं०) सींचा हुआ, मारा हुआ, प्रवासगत, विदेशस्थ, परदेशी ।

२१२७. **प्रोग्राम** (संज्ञा पु०) (अं०) कार्यक्रम, कार्यक्रम-सूचकपत्र ।

२१२८. **प्रोथ** (वि०) (स०) विख्यात, प्रसिद्ध, स्थापित, भीषण, भयानक (संज्ञा पु०) घोड़े का नथुना, सूअर का थूथन, कमर, पेड़, चूचड़, गर्त्त, गड्ढा, गर्भाशय ।

२१२९. **प्रोष्ठ** (संज्ञा पु०) (सं०) बैल, साँड़, तिपाई, काठ का मूढ़ा, (अँ०) स्टूल ।

२१३०. **प्रोह** (संज्ञा पु०) (सं०) तर्क, हाथी का पैर, गाँठ, जोड़ ।

२१३१. (वि०)(सं०) गम्भीर, गूढ़, पुराना, निपुण, चतुर, प्रवृद्ध, प्रगल्भ, पका हुआ ।

२१३२. **प्रौढ़ि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रौढ़ता, धृष्टता, ढिठाई, शक्ति, सामर्थ्य, वाद-विवाद, प्रगल्भता ।

२१३३. **प्लवंग, प्लवङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) बन्दर, वानर, मृग, हिरन, पाकरवृक्ष, कपि ।

२१३४. **प्लव** (संज्ञा पु०) (सं०) बाढ़, मुर्गा, कारंडव पक्षी, मेंढक, बन्दर, भेड़, नागरमोथा, चांडाल, दुश्मन, शत्रु, नहाना, तैरना, गोपालकरंज, अन्न, शब्द, एक जलपक्षी, मेष, जलकाक, पानी, नौका, नाव, तरणि, (वि०) तैरता हुआ, झुकता हुआ, क्षणभंगुर ।

२१३५. **प्लवग** (संज्ञा पु०) (सं०) मेंढक, बन्दर, हिरन, जलपक्षी, सूर्य का सारथी, सिरस का पेड़ ।

२१३६. **प्लवन** (संज्ञा पु०) (सं०) तैरना, उछलना, कूदना ।

२१३७. **प्लाँट** (संज्ञा पु०) (सं०) भूमि-भाग, कथावस्तु, षड्यन्त्र ।

२१३८. **प्लास्टर** (संज्ञा पु०) (अँ०) पलस्तर, लेप ।

२१३९. **प्लुक्षि** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेम, आग, अग्नि ।

२१४०. **प्लुत** (संज्ञा पु०) (सं०) तीन मात्राओं वाला स्वर, विशेष, टेढ़ी चाल, (वि) काँपता हुआ, चलने वाला प्लावित, तरोबार ।

२१४१. **प्लुष** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेम, जलना, पूर्ति ।

२१४२. **प्लेग** (संज्ञा पु०) (सं०) भीषण, संक्रामक, रोग, ताऊन, महामारी ।

२१४३. **प्लेट** (संज्ञा पु०) (सं०) (अँ०) तश्तरी, रकाबी, थाली ।

(फ)

२१४४. **फंग** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रेम, फंदा, अनुराग ।

२१४५. **फंजिका, फञ्जिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दंती वृक्ष, जवासा, देवताड़, फञ्जी ।

२१४६. **फंद, फन्द** (संज्ञा पु०)(सं०) बन्धन, जाल, फाँस, फन्दा, छल, धोखा, मर्म, रहस्य, कष्ट, दुःख ।

२१४७. **फंदना, फन्दना** (क्रि०) (हिं०) फँसना, फाँदना, लाँघना, भटकना, उलझना, रुकना ।

२१४८. **फक** (वि०) (हिं०) स्वच्छ, सफ़ेद, बदरंग, हैरान ।

२१४९. **फकत** (वि०) (अँ०) केवल, सिर्फ़, पर्याप्त, बल ।

२१५०. **फ़कीर** (संज्ञा पु०) (अँ०) भिखभंगा, भिक्षुक, साधु, निर्धन व्यक्ति ।

२१५१. **फकीरी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) भिगमंगापन, साधुता, निर्धनता, एक प्रकार का अँगूर ।

२१५२. **फक्कड़**, (वि०)(हिं०) मस्त, विरंग, उच्छृंखल, हुड्ड, बखेड़िया, झगड़ालू, लड़ाकू, उद्दण्ड व्यक्ति, गन्दी बातें, गाली-गलौज ।

२१५३. **फटक** (संज्ञा पु०) (हिं०) स्फटिक, बिल्लौर, पत्थर, (क्रि० वि०) झट, तत्क्षण तुरन्त ।

२१५४. **फटकना** (क्रि०) (हिं०) पटकना, धुनना, फड़फड़ाना, पछोरना, दुःखी होना ।

२१५५. **फटफटाना** (क्रि० वि०) (हिं०) प्रयास करना, फड़फड़ाना, व्याकुल होना, हाथ-पैर धुनना, कूदना, छटपटाना, व्यर्थ बकवास करना ।

२१५६. **फटा** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) साँप का फन, छल, धोखा, घमंड, शेखी, (वि०) सछिद्र, फाँकदार, दरका हुआ, फटा हुआ।

२१५७. **फड़कन** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) धड़कन, उत्सुकता, (वि०) भड़कने वाला, तेज़, चंचल ।

२१५८. **फड़फड़ाना** (क्रि०) (*हिं०*) घबराना, उत्सुक होना, तड़फड़ाना, फटफटाना, दुःखी होना, छटपटाना ।

२१५९. **फणधर** (संज्ञा पु०) (*सं०*) साँप, नाग, सर्प, शिवजी ।

२१६०. **फणिजिह्वा** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) बड़ी सतावर, महासमंगा, फणिजिह्विका ।

२१६१. **फणिज्झक** (संज्ञा पु०) (*सं०*) फणिजा, काली तुलसी, नींबू ।

२१६२. **फणिपति** (संज्ञा पु०) (*सं०*) सर्पराज, शेषनाग, अनन्त, वासुकी ।

२१६३. **फणिलता** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) फणिवल्ली नागवल्ली, पान ।

२१६४. **फणींद्र, फणीन्द्र** (संज्ञा पु०) (*सं०*) शेषनाग, वासुकी, बड़ा सर्प, अजगर, सर्पराज, फणिपति ।

२१६५. **फणी** (संज्ञा पु०) (*सं०*) साँप, सर्प, केतु, सीसा, मरुवा, सर्पिणी औषध ।

२१६६. **फ़तह** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) विजय, जीत, सफलता, फते, फतेह, जय ।

२१६७. **फ़तूर** (संज्ञा पु०) (*अ०*) दोष, विकार, बाधा, विघ्न, उपद्रव, हानि, नुकसान ।

२१६८. **फन** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) फण, बाल, भटवाँस, नाग का मुँह, (*फा०*) **फ़न**—विद्या, हुनर, गुण, खूबी, छलने का ढंग, मकर ।

२१६९. **फनगा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) फतिंगा, अंकुर, कल्ला, अखफोड़ा, टिड्डी ।

२१७०. **फ़ना** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) नाश, बरबादी ।

२१७१. **फफोला** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) छाला, झलका, स्फोट, स्फोटक ।

२१७२. **फबती** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) व्यंग्य, चुटकी, उपहास, परिहास, चुहल, चुटकुला ।

२१७३. **फबन** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) शोभा, शृंगार, सजावट, छवि ।

२१७४. **फबीला** (वि०) (*हिं०*) सुन्दर, सुहाना, शोभायुक्त, सजीला, रम्य, शोभायमान ।

२१७५. **फर** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) फल, सामना, मुक़ाबिला, बिछौना, बिछावन, फलक, माला की नोक ।

२१७६. **फ़रक़** (संज्ञा पु०) (*अ०*) अलगाव, पार्थक्य, अन्तर, दूरी, भेद, कमी, कसर, दुराव, परायापन (क्रि०) अलग, पृथक् ।

२१७७. **फरकाना** (क्रि०) (*हिं०*) हिलाना, संचालित करना, फड़फड़ाना, अलग करना, फड़कना, काँपना, स्फुरण होना, थरथराना ।

२१७८. **फ़रचा** (वि०) (*हिं०*) शुद्ध, पवित्र, साफ़, सुथरा, जो जूठा न हो ।

२१७९. **फ़रजंद, फ़रजन्द** (संज्ञा पु०) (*फा०*) पुत्र, लड़का, बेटा, फ़रज़िन्द ।

२१८०. **फ़रज़ी** (संज्ञा पु०) (*फा०*) शतरंज का एक मोहरा (वज़ीर) (वि०) नकली, बनावटी, कल्पित ।

२१८१. **फरद** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) लेख, सूची, रजाई का पल्ला, चादर, (वि०) अनुपम, बेजोड़ ।

२१८२. **फरफंद** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) छल, कपट, धोखा, नखरा ।

२१८३. **फरमा** (संज्ञा पु०) (*अ०*) ढाँचा, डौल, साँचा ।

२१८४. **फ़रश** (संज्ञा पु०) (*अ०*) बड़ी दरी, धरातल, समतल भूमि, (*अँ०*) फ़्लोर ।

२१८५. **फरसा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) परशु, कुठार, कुल्हाड़ी, फवड़ी ।

२१८६. **फरहर** (वि०) (*हिं०*) शुद्ध, निर्मल, साफ़, स्पष्ट, प्रसन्न, खिला हुआ, तेज़, चालाक, अलग-अलग ।

२१८७. **फरहरा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) झंडा, पताका, ध्वजा, केतु,

(वि०) शुद्ध, निर्मल, पृथक्-पृथक्, स्पष्ट, खिला हुआ, प्रसन्न।

२१८८. **फराखी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) चौड़ाई, विस्तार, फैलाव, सम्पन्नता।

२१८९. **फरागत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) छुट्टी, छुटकारा, मुक्ति, बेफ़िक्री, मल-त्याग।

२१९०. **फ़रीक** (संज्ञा पु०) (अ०) विपक्षी, मुकाबले वाला, प्रतिद्वन्द्वी।

२१९१. **फरूही** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छोटा फावड़ा, मथानी, फ़रवी, मुरमुरा, लाई, भुना हुआ चावल।

२१९२. **फ़रेब** (संज्ञा पु०) (फा०) छल, कपट, धोखा, (वि०) फ़रेबी।

२१९३. **फ़र्ज** (संज्ञा पु०) (अ०) कर्तव्य, कर्म, उत्तरदायित्व, मान लेना, कल्पना।

२१९४. **फर्राटा** (संज्ञा पु०) (हिं०) तेज़ी, क्षिप्रता, वेग, खर्राटा, बाँस का टुकड़ा।

२१९५. **फ़लक** (संज्ञा पु०) (हिं०) आकाश, अन्तरिक्ष।

२१९६. **फल** (संज्ञा पु०) (सं०) वृक्षफल, परिणाम, नतीजा, कर्म-भोग, लाभ, गुण, प्रभाव, प्रतिकार, बदला, प्रतिफल, हल की फाल, लोहे का फाल, फलक, ढाल, धर्म, उद्देश्य, सिद्धि, जायफल, प्रयोजन, क्षेत्रफल, मूल का ब्याज, सूद, कंकोल, इष्टसिद्धि, अभिप्राय (अँ०) फ्रूट।

२१९७. **फलक** (संज्ञा पु०) (सं०) तख्ता, पट्टी, चादर वरक, तबक, पत्र, पृष्ठ, चौकी, मेज़, फल, हथेली, अस्तिखंड, नागकेसर, चर्म, ढाल, काष्ठ, पदक, पटरा, तख्ता (अ०) आकाश, अन्तरिक्ष।

२१९८. **फलतः** (सं०) इसलिए, फलस्वरूप, परिणामतः।

२१९९. **फ़लाँ** (वि०) (फा०) अमुक, कोई, अनिश्चित (व्यक्ति या बातें) फलाना।

२२००. **फलाँग** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) कुदान, उछाल, छलाँग।

२२०१. **फलित** (वि०) (सं०) फला हुआ, पूर्ण, पूरा, सम्पन्न (संज्ञा पु०) वृक्ष, पेड़, छरीला, पत्थर-फल।

२२०२. **फलिनी** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) दुधिया, दूधी, जल-पीपल, मेंहदी, श्योनाक, भायमाणालता, मूसली, इलायची, प्रियंगु, अग्निशिखा (वृक्ष)।

२२०३. **फली** (वि) (*सं०*) फलयुक्त, फलवान्, सफल, (संज्ञा पु०) प्रियंगु, मूसली, आमड़ा।

२२०४. **फल्गु** (वि०) (*सं०*) व्यर्थ, निरर्थक, साधारण, सामान्य, छोटा, क्षुद्र, सारहीन, असार।

२२०५. **फसकना** (क्रि०) (*हिं०*) मसकना, बैठना, धँसना, फटना, तड़कना, फूटना, दरकाना, ढीला होना, शिथिल होना।

२२०६. **फ़सल** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) ऋतु, मौसम, समय, काल, पैदावार।

२२०७. **फ़साद** (संज्ञा पु०) (*अ०*) विकार, ख़राबी, उपद्रव, उत्पात, लड़ाई, हुज्जत।

२२०८. **फसादी** (वि०) (*फा०*) उपद्रवी, झगड़ालू, लड़ाका, नटखट, दँगाई।

२२०९. **फ़हम** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) समझ, ज्ञान, विवेक।

२२१०. **फाँक** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) टुकड़ा, खंड।

२२११. **फाँकड़ा** (वि०) (देशज) तिरछा, बाँका, तगड़ा, हृष्ट, पुष्ट।

२२१२. **फाँटना** (क्रि०) (*हिं०*) बाँटना, विभाग करना, काढ़ा बनाना।

२०१३. **फाँद** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) उछाल, फंदा, पाश, जाल, फाँसी, फसड़ी।

२२१४. **फाँदना** (क्रि०) (*हिं०*) उछलना, कूदना, फँसाना, लाँघना।

२२१५. **फाँस** (संज्ञा पु०) (*सं०*) सूक्ष्म काँटा, पाश, फंदा, बेंत की तीली या कमची।

२२१६. **फाइन** (संज्ञा पु०) (अँ०) अर्थ-दंड, जुर्माना, (वि०) अच्छा, बढ़िया ।

२२१७. **फाटक** (संज्ञा पु०) (हि०) बड़ा द्वार, दरवाज़ा, तोरण, कांजी हौस, मुख्य द्वार, सदर दरवाजा, भूसी ।

२२१८. **फाड़खाऊ** (वि०) (हि०) कटखन्ना, क्रोधी, बिगड़ैल, घातक, भयानक ।

२२१९. **फाब** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शोभा, छवि, फबन ।

२२२०. **फ़ायदा** (संज्ञा पु०) (अ०) लाभ, नफ़ा, प्रयोजन-सिद्धि, अच्छा फल, भला परिणाम, उत्तम प्रभाव, अच्छा असर ।

२२२१. **फाल्गुन** (संज्ञा पु०) (सं०) फागुन का महीना, दूर्वा नामक सोमलता, अर्जुन वृक्ष, अर्जुन ।

२२२२. **फिट** (अव्यय) (हिं०) धिक, छी, (वि०) (अँ०) ठीक, उपयुक्त ।

२२२३. **फिटकार** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) धिक्कार, लानत, शाप, कोसना, तिरस्कार, गाली, हलकी मिलावट, बास ।

२२२४. **फितरती** (वि०) (अ०) चतुर, चालाक, धोखेबाज़, फितूरी ।

२२२५. **फ़ितूर** (वि०) (अ०) विकार, खराबी, कमी, न्यूनता, घाटा, झगड़ा, उपद्रव ।

२२२६. **फ़ितूरी** (वि०) (अ०) लड़ाका, झगड़ालू, फ़सादी, उपद्रवी ।

२२२७. **फिरंगी** (वि०) (हिं०) गोरा, योरुपियन, (वि०) फिरंग देश का रहने वाला ।

२२२८. **फिरंट** (वि०) (हिं०) फिरा हुआ, विपरीत, विरुद्ध, खिलाफ़, झगड़ालू, विरोधी ।

२२२९. **फिर** (क्रि० वि०) (हिं०) दोबारा, पुनः, पुनि, बहुरि, बाद, पश्चात्, भविष्य में, आगे, पीछे, अनन्तर, उपरान्त, उस अवस्था में, आगे बढ़ कर, आगे चलकर, इसके अतिरिक्त, इसके अलावा ।

२२३०. **फिरकी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) फिरहरी, चकई ।

२२३१. **फिरना** (क्रि०) (हि०) घूमना, भ्रमण करना, पर्यटन करना,

रमणा, लौटना, मुड़ना, टहलना, डोलना, सैर करना, विचरना, चक्कर खाना, वापिस होना, उल्टा होना, विपरीत होना।

२२३२. **फिराक** (संज्ञा पु०) (अ०) वियोग, बिछोह, चिन्ता, सोच, खटका, खोज, टोह।

२२३३. **फ़िलासफ़ी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) दर्शनशास्त्र, सिद्धान्त, तत्त्व, गूढ़ बात।

२२३४. **फिसलना** (क्रिया) (हिं०) खसकना, गिरना, रपटना।

२२३५. **फ़ी** (अव्यय) (अँ०) प्रत्येक, हरएक, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) हेठापन, निकृष्टता, उलाहना।

२२३६. **फीका** (वि०) (हिं०) स्वादहीन, बेज़ायका, मलिन, कान्ति-हित, प्रभाहीन, प्रभावहीन, बेरौनक, मन्द, व्यर्थ।

२२३७. **फ़ील्ड** (संज्ञा पु०) (अ०) मैदान, खेत।

२२३८. **फ़ीस** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) कर, शुल्क, उजरत, पारिश्रमिक, मूल्य।

२२३९. **फुंदी, फुन्दी** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) गाँठ, फँदा, टीका, बिन्दी।

२२४०. **फुट** (वि०) (हिं०) एकाकी, अकेला, पृथक्, अलग (संज्ञा पु०) (अँ०) १२ इंच का पैमाना।

२२४१. **फुटपात** (संज्ञा पु०) (अँ०) पटरी, पगडंडी।

२२४२. **फुनगी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) कली, कोंपल, मंजरी, अंकुर।

२२४३. **फुर** (वि०) (हिं०) सत्य, सच्चा, यथार्थ, ठीक, (संज्ञा पु०) उड़ने का शब्द।

२२४४. **फुरती** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) शीघ्रता, जल्दी, चुस्ती।

२२४५. **फुरना** (क्रिया) (हिं०) निकलना, स्फुटित होना, प्रकाशित होना, चमक उठना, झलक पड़ना, फड़कना, हिलना, उच्चरित होना, सत्य ठहरना, पूरा उतरना, असर करना, सफल होना, सूझना, उपजना, ध्यान में आना।

२२४६. **फुरसत** (संज्ञा पु०) (अ०) अवकाश, अवसर, समय, निवृत्ति, छुट्टी, रोग-निवृत्ति, आराम।

२२४७. **फुलका** (संज्ञा पु०) (हिं०) रोटी, छाला, फफोला।

२२४८. **फुसलाना** (क्रिया) (हिं०) बहलाना, अनुकूल करना, सन्तुष्ट करना, मनाना।

२१४६. **फुहार** (संज्ञा पु०) (हिं०) छींटा, जलकण, झड़ी, हल्की वर्षा, झींसी।

२२५०. **फूँकना** (क्रि०) (हिं०) फूँक मारना, जादू-टोना पढ़ना, जलाना, भस्म करना, प्रज्वलित करना, बरबाद करना, नष्ट करना, सताना, दुःख देना, फैलाना, प्रचारित करना।

२२५१. **फूँदा** (संज्ञा पु०) (हिं०) फुँदना, झब्बा, फुफुँदी, नीबी।

२२५२. **फूई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) घी का फूल, फफूँदी, भुकड़ी।

२२५३. **फूटना** (क्रि०) (हिं०) भग्न होना, दरकना, फटना, नष्ट होना, प्रस्फुटित होना, खिलना, बिखरना, फलाना, साथ छोड़ना, टूटना, टुकड़े-टुकड़े होना।

२२५४. **फूल** (संज्ञा पु०) (हिं०) पुष्प, सुमन, कुसुम, सत्त, सार, पुष्प, गर्भाशय।

२२५५. **फूलना** (क्रि०) (हिं०) खिलना, सूजना, हुलसना, आनन्दित होना, फैलाना, विकसित होना, स्थूल होना, मोटा होना, प्रसन्न होना, घमंड होना, मुँह फुलाना, रूठना।

२२५६. **फेंकना** (क्रि०) (हिं०) पटकना, गिराना, गँवाना, खोना, परित्याग करना, लापरवाही से रख देना, अपव्यय करना, झटकना, पटकना, पटा चलाना, प्रक्षेपण करना, त्यागना, निकाल देना, अलग करना।

२२५७. **फेंटा** (संज्ञा पु०) (हिं०) कमर का घोड़ा, कमरबंद, छोटी पगड़ी, कटि-बन्धन, पटुका, मुरेठा, साफ़ा।

२२५८. **फेनक** (संज्ञा पु०) (सं०) झाग, फेन, एक मिठाई, वातासफेनी।

२२५९. **फेनल** (वि०) (सं०) फेनयुक्त, झागदार, फेनिल।

२२६०. **फेर** (संज्ञा पु०) (हिं०) घुमाव, चक्कर, परिवर्तन, हेर-फेर, रद्दोबदल, झंझट, बखेड़ा, धोखा, भ्रम, चालबाज़ी, धूर्त्तता, उपाय, युक्ति, ढंग, अदला-बदला, विनिमय, हानि, घाटा, नुकसान, दिशा, असमंजस, दुविधा, पलटाव, बदली, बुरे दिन, अभाग्य, कठिनता, सियार, शृगाल, गीदड़, (अव्यय) पुनः, फिर ।

२२६१. **फेरना** (क्रि०) (हिं०) गति बदलना, घुमाना, मोड़ना, लौटाना, वापिस होना, लौटा देना, मंडलाकार चलाना, मरोड़ना, पोतना, लेप करना, परिवर्तित करना, रुख बदलना, विपरीत करना, विरुद्ध करना, चाल चलना ।

२२६२. **फेरफार** (संज्ञा पु०) (हिं०) परिवर्तन, उलट-फेर, घुमाव-फिराव, पेच, चक्कर, टालमटोल, बहाना, अन्तर, फ़र्क ।

२२६३. **फेरव** (संज्ञा पु०) (सं०) शृगाल, सियार, गीदड़, राक्षस, फेरु, (वि०) धूर्त, चालबाज़, हिंस्र, दुःखदायी ।

२२६४. **फेरवट** (संज्ञा पु०) (हिं०) फेरा, घुमाव-फिराव, चक्कर, अन्तर, फ़र्क ।

२२६५. **फेरा** (संज्ञा पु०) (हिं०) परिक्रमण, चक्कर, घुमाव, लपेट, आवर्त्त, घेरा, मंडल ।

२२६६. **फेरी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) परिक्रमा, प्रदक्षिणा, चक्कर, भिक्षा माँगना ।

२२६७. **फेल** (संज्ञा पु०) (अ०) कार्य, काम, कर्म, (वि०) (सं०) उच्छिष्ट, जूठा, (अं०) अनुत्तीर्ण, असफल ।

२२६८. **फ़ेस** (संज्ञा पु०) (अँ०) चेहरा, मुख, सामना, सामने का भाग ।

२२६९. **फैज़** (संज्ञा पु०) (फा०) लाभ, फल, परिणाम ।

२२७०. **फैल** (सज्ञा पु०) (हिं०) काम, कार्य, क्रीडा, खेल, नखरा, मकर, हठ, दुराग्रह, (संज्ञा स्त्री०) फैला हुआ, लम्बा-चौड़ा, विस्तृत ।

२२७१. **फैलना** (क्रि०) (हिं०) विस्तृत होना, पसरना, मोटा

होना, आवृत करना, भरना, संख्या बढ़ना, प्रचलित होना, प्रसिद्ध होना, मचलना, विथरना।

२२७२. **फैलाना** (क्रि०) (*हिं०*) पसारना, छितराना, बढ़ती करना, बढ़ाना, प्रकट करना, हिसाब या लेखा लगाना, गणित करना, आयोजन करना, बिछाना, प्रचार करना।

२२७३. **फैलाव** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) विस्तार, प्रसार, लम्बाई, चौड़ाई, प्रचार, पसराव, बिछाव।

२२७४. **फ़ैशन** (संज्ञा पु०) (अँ०) ढंग, तर्ज़, रीति, प्रथा, बनाव-सिंगार का ढंग।

२२७५. **फैसला** (संज्ञा पु०) (अ०) निर्णय, निपटारा।

२२७६. **फोंफर** (वि०) (*हिं०*) पोला, फोक, निःसार।

२२७७. **फोक** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) सीठी, भूसी, फीकी या नीरस वस्तु।

२२७८. **फोकट** (वि०) (*हिं०*) तुच्छ, निःसार, मुफ्त, व्यर्थ, छूँछा, कँगाल, दरिद्र।

२२७९. **फोता** (संज्ञा पु०) (*फा०*) भूमिकर, अण्डकोष, कमरबन्द, पटुका, रुपये रखने की थैली।

२२८०. **फोतेदार** (संज्ञा पु०) (*फा०*) कोषाध्यक्ष, खजाँची, रोकड़िया।

२२८१. **फ़ौज** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) सेना, झुंड, समूह।

२२८२. **फौत** (वि०) (अ०) मृत, गत, नष्ट, (संज्ञा पु०) मृत्यु, मरण, निधन।

२२८३. **फ़ौरन** (क्रि०) (अ०) तुरन्त, तत्काल, शीघ्र, जल्दी।

२२८४. **फ्री** (वि०) (अँ०) स्वतन्त्र, मुक्त।

(ब)

२२८५. **बंका** (वि०) (*हिं०*) तिरछा, टेढ़ा, बाँका, पराक्रमी, बलशाली।

२२८६. **बंकाई** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) टेढ़ापन, तिरछापन, वक्रता।

२२८७. **बंग** (वि०) (*हिं०*) टेढ़ा, उद्दंड, अज्ञानी, (सज्ञा पु०) बंगाल।

२२८८. **बंगा** (वि०) (*हिं०*) टेढ़ा, मूर्ख, बेवकूफ़, उद्दंड ।

२२८९. **बंचकता** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) चालबाज़ी, छल, धूर्त्तता, बंचकताई ।

२२९०. **बंचना** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) ठगी, (क्रि०) ठगना, छलना, पढ़ना ।

२२९१. **बँटवाना** (क्रि०) (*हिं०*) वितरण करना, पिसवाना ।

२२९२. **बंद, बन्द** (संज्ञा पु०) (*फा०*) बाँध, फीता, तनी, बंधन, क़ैद, (वि०) ढका हुआ, रुका हुआ ।

२२९३. **बंदगी, बन्दगी** (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) प्रणाम, नमस्कार, बंदना, उपासना, सलाम ।

२२९४. **बंदा, बन्दा** (संज्ञा पु०) (*फा०*) सेवक, दास, मैं ।

२२९५. **बंदारु, बन्दारु** (वि०) (*हिं०*) वन्दनीय, पूजनीय, आदरणीय ।

२२९६. **बंदी, बन्दी** (संज्ञा पु०) (*सं०*) भाट, चारण, कैदी, (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) दासी, चेरी, बंदेरी, (*हिं०*) क़ैदी ।

२२९७. **बंध, बन्ध** (संज्ञा पु०) (*सं०*) बंधन, गाँठ, गिरह क़ैद, बाँध, निबन्ध-रचना, वन्द, लगाव, फँसाव, शरीर ।

२२९८. **बंधन, बन्धन** (संज्ञा पु०) (*सं०*) प्रतिबन्ध, रुकावट, कारागार, कैदखाना, ज़ोड़, वध, हिंसा, रस्सी, जंजीर, वेड़ी, शिव, महादेव ।

२२९९. **बँधाना** (क्रि०) (*हिं०*) बँधवाना, कैद कराना, धारण करना ।

२३००. **बंधु, बन्धु** (संज्ञा पु०) (*सं०*) भाई, मित्र. बन्धूक पुष्प, पिता ।

२३०१. **बंधुता, बन्धुता** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) भाईचारा, दोस्ती, मैत्री, भ्रातृत्व ।

२३०२. **बंधुर, बन्धुर** (संज्ञा पु०) (*सं०*) मुकुट, ताज, हंस, सारस, काकड़ासींगी, पक्षी, विहङ्ग, (वि०) सुन्दर, मनोहर, नम्र ।

२३०३. **बंधुल, बन्धुल** (संज्ञा पु०) (*सं०*) वेश्या पुत्र, दुराचारिणा-

पुत्र, (वि०) सुन्दर, आकर्षक, नम्र।

२३०४. **बँधेज** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) लेन-देन का भाव, बँधान, बाजीकरण, प्रतिबन्ध, रुकावट।

२३०५. **बंध्य, बन्ध्य** (संज्ञा पु०) (*सं*०) बाँध, (वि०) बाँधने योग्य, बाँझ (स्त्री)।

२३०६. **बंब, बम्ब** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) रणनाद, नगाड़ा, डंका, (अँ०) बम।

२३०७. **बंबा, बम्बा** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) स्रोत, सोता, नल।

२३०८. **बंसी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बाँसुरी, मुरली, वंशी, बाजा, मछली फँसाने का औज़ार।

२३०९. **बक** (संज्ञा पु०) (*सं*०) बगुआ, अगस्त का फूल, बगला, (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बड़बड़ाहट, प्रलाप, बकवाद, बकबक।

२३१०. **बकवास** (संज्ञा स्त्री०) (*फ़ा*०) बकवाद, बकबक, वाचालता, व्यर्थ की बातें।

२३११. **बकसीस** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) दान, इनाम, पारितोषिक, बख्शीश।

२३१२. **बकुची** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) छोटा बकुचा, छोटी गठरी, सोमराजी, कृष्णफला।

२३१३. **बकुर** (संज्ञा पु०) (*सं*०) सूर्य, तुरही, बिजली।

२३१४. **बकुल** (संज्ञा पु०) (*सं*०) शिव, महादेव, मौलसरी का पेड़ या फूल।

२३१५. **बखान** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) वर्णन, कथन, प्रशंसा, बड़ाई, स्तुति।

२३१६. **बखानना** (क्रि० स०) (*हि*०) वर्णन करना, प्रशंसा करना, तारीफ़ करना, स्तुति करना, गाली देना, बुरा-भला कहना।

२३१७. **बखूबी** (क्रि० वि०) (*फ़ा*०) अच्छी तरह से, भली प्रकार से, पूर्णतया, पूरी तरह से।

२३१८. **बखेड़ा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) झंझट, झगडा, लड़ाई, टंटा, आडंबर, व्यर्थ विस्तार, कठिनता, मुश्किल ।

२३१९. **बखेरना** (क्रि०) (*हिं०*) फैलाना, छितराना, बिखराना ।

२३२०. **बख्त** (संज्ञा पु०) (*फा०*) भाग्य, किस्मत, तक़दीर ।

२३२१. **बख्शना** क्रि० (*सं०*) देना, प्रदान करना, छोड़ना, त्यागना, क्षमा करना ।

२३२२. **बख्शीश** (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) बख्शिश, दान, इनाम, उपहार ।

२३२३. **बगर** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) महल, प्रासाद, बड़ा मकान, घर, कोठरी, आँगन, सहन ।

२३२४. **बगल** (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) काँख, पार्श्व, पास की जगह, कक्ष, किनारा, समीप ।

२३२५. **बगा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) नामा, वागा, बगला ।

२३२६. **बगाना** (क्रि० स०) (*हिं०*) घुमाना, फिराना, टहलाना, (क्रि०) भागना ।

२३२७. **बग़ावत** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) विद्रोह, बलवा, अराजकता ।

२३२८. **बघार** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) तड़का, छौंक, बघारने की महक ।

२३२९. **बच** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वचन, वाक्य, बात, (संज्ञा स्त्री०) ओषधि विशेष, उग्रगधा, भद्रा, काँगा ।

२३३०. **बचत** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बचा हुआ भाग, लाभ, मुनाफ़ा, अवशिष्ट, अवशेष, शेष, बाकी ।

२३३१. **बचन** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वाणी, वाक्, बात, वाक्य, कथन, कौल, करार, प्रण ।

२३३२. **बचाना** (क्रि०) (*हिं०*) रक्षा करना, प्रभावित होने देना, अलग रखना, छिपाना, चुराना, दूर रखना, उद्धार करना, छिपाना, शेष रखना, शेष बचा रखना ।

२३३३. **बच्चा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) नवजात शिशु, लड़का, बालक, (वि०) अज्ञान, अनजान ।

२३३४. **बजना** (क्रि०) (*हिं०*) शस्त्रों का चलना, अड़ना, हठ करना, ज़िद करना, प्रख्याति पाना, प्रसिद्ध होना, मारपीट होना, समय बीतना, (संज्ञा पु०) बाजा, रुपया ।

२३३५. **बजरी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) कंकड़, छोटे-छोटे पत्थर, ओला, कँगूरा, बाजरा ।

२३३६. **बजा** (वि०) (*फ़ा०*) उचित, ठीक, सही, सत्य ।

२३३७. **बजारी** (वि०) (*हिं०*) बाज़ारी, बाज़ारु, साधारण, सामान्य ।

२३३८. **बट** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वट, गोल, वृक्ष, बट्टा, मार्ग, रास्ता, रस्सी का बल, बाट, बटखरा ।

२३३९. **बटना** (क्रि०) (*हिं०*) ऐंठना, बल देना, रस्सी बनाना, मरोड़ना, विभक्त होना (संज्ञा पु०) उबटना, रस्सी बटने का औज़ार ।

२३४०. **बटमार** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) ठग, डाकू, लुटेरा, डकैत, धूर्त्त, कपटी, धोखेबाज़ ।

२३४१. **बटला** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) देग, देगचा, देगची, बटलोई, बटली ।

२३४२. **बटवारा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) भाग, तकसीम, विभाग, विभाजन, बाँट, (अँ०) पार्टीशन ।

२३४३. **बटा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) गोल, गेंद, रोड़ा, ढेला, पथिक, यात्री ।

२३४४. **बटी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) गोली, वाटिका, बगीचा, उपवन, घड़ी ।

२३४५. **बटोरना** (क्रि०) (*हिं०*) समेटना, इकट्ठा करना, जमा करना, एकत्रित करना ।

२३४६. **बटोहिया** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) बटोही, राही, पथिक, मुसाफ़िर, यात्री, पान्थ ।

२३४७. **बट्टा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) दलाली, दस्तूरी, टोटा, हानि, घाटा,

कलंक, दाग़, कूटने का पत्थर, लोढ़ा, गोल डिब्बा, उबली हुई सुपारी, डिबिया, दर्पण, तोलने का बाट ।

२३४८. **बट्टू** (संज्ञा पु०) (*देशज*) ताली, बोड़ा, लोबिया, धारीदार, चारखाना वस्तु ।

२३४९. **बड़** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बकवाद, प्रलाप, (संज्ञा पु०) बरगद वृक्ष ।

२३५०. **बड़प्पन** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) बड़ाई, श्रेष्ठता, महत्त्व, गौरव, प्रधानता, महानता ।

२३५१. **बड़वा** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) बड़वाग्नि, घोड़ी, दासी, अश्विनी नक्षत्र, सूर्य, पत्नी, संज्ञा ।

२३५२. **बड़ा** (वि०) (*हिं०*) विस्तृत, लम्बा-चौड़ा, विशाल, श्रेष्ठ, महत्त्वपूर्ण, अधिक आयु वाला, महान्, प्रधान, मुख्य, बृहद्, (संज्ञा पु०) दाल का बड़ा ।

२३५३. **बड़ाई** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बड़प्पन, श्रेष्ठता, महिमा, महत्त्व, प्रशंसा, तारीफ़, उच्चता, विशालता ।

२३५४. **बड़ेरा** (वि०) (*हिं०*) बड़ा, प्रधान, बृहत्, मुख्य, मुखिया ।

२३५५. **बढ़ाना** (क्रि०) (*हिं०*) अधिकाना, वृद्धि करना, अधिक करना, विस्तृत करना, (*सं०*) फैलाना, व्यापक करना, प्रबल करना, उन्नत करना, तरक्की देना, आगे चलाना, फैलाना, सस्ता बेचना, दूकान बन्द करना, दीपक बुझाना, चुकना, समाप्त होना ।

२३५६. **बढ़ाव** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) विस्तार, फैलाव, अधिकता, ज़्यादती, उन्नति, वृद्धि, तरक्की ।

२३५७. **बढ़ावा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) प्रोत्साहन, उत्साह, उत्तेजना, उकसाना ।

२३५८. **बढ़िया** (वि०) (*हिं०*) अच्छा, उत्तम, श्रेष्ठ, रमणीय, महँगा ।

२३५९. **बताना** (क्रि०) (*हिं०*) कहना, जताना, समझाना, हृदयंगम कराना, निर्देश करना, दिखाना, बतलाना, सिखलाना ।

२३६०. **बतौर** (अव्यय) (अ०) तरह, पर, रीति से, सदृश, समान ।

२३६१. **बत्ती** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) दीपक, चिराग़, मोमबत्ती, पलीता, बाती, दिया ।

२३६२. **बद** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) जाँघ की गिलटी, गोहिया, बाघी, पलटा, बदला, एवज़, पक्ष, जोखिम, (वि०) (फा०) दुष्ट, खल, नीच, बुरा, खराब, अधम, निकृष्ट ।

२३६३. **बदकारी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) कुकर्म, व्यभिचार ।

२३६४. **बदगोई** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) निन्दा, चुग़ली ।

२३६५. **बदज़ात** (वि०) (फा०) नीच, तुच्छ, कमीना, छोटा, लुच्चा, लफंगा ।

२३६६. **बदतमीज** (वि०) (फा०) अशिष्ट, असभ्य, गँवार, बेहूदा ।

२३६७. **बदन** (संज्ञा पु०) (फा०) शरीर, देह, तन, काया ।

२३६८. **बदना** (क्रि०) (हिं०) कहना, वर्णन करना, स्वीकार करना, नियत करना, ठहराना, बाज़ी लगाना, शर्त लगाना, होड़ लगाना, निश्चित करना ।

२३६९. **बदनाम** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) कुख्यात, कुप्रसिद्ध ।

२३७०. **बदनामी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) निन्दा, अपकीर्ति, लोकनिन्दा, अपयश, कुकीर्ति, बेइज़्ज़ती ।

२३७१. **बदनुमा** (वि०) (फा०) कुरूप, भद्दा, भोंड़ा ।

२३७२. **बदबख़्त** (वि०) (फा०) अभागा, बदकिस्मत ।

२३७३. **बदमाश** (वि०) (फा०) दुर्वृत्त, दुष्ट, पाजी, दुराचारी, गुंडा, कुकर्मी, शैतान ।

२३७४. **बदमाशी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) दुर्वृत्ति, खोटाई, दुष्टता, नीचता, व्यभिचार, लंपटता, लुच्चापन, शैतानी ।

२३७५. **बदर** (संज्ञा पु०) (सं०) बेर, कपास, बिनौला (हि०) मेघ, बादल (क्रि० वि०) (फा०) बाहर (जैसे शहर बदर करना) ।

२३७६. **बदल** (संज्ञा पु०) (अ०) हेर-फेर, परिवर्तन, पलटा, प्रतिकार,

एवज़, बादल ।

२३७७. **बदला** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) प्रतिकार, लेन-देन, व्यवहार, विनिमय, पलटा, एवज़, परिणाम, फल, नतीजा ।

२३७८. **बदली** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बादल, मेघ, तबादला, (*अँ*०) ट्राँसफ़रेंस ।

२३७९. **बदसलूकी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) अशिष्टता, कुव्यवहार, बुराई, अपकार ।

२३८०. **बदहवास** (वि०) (*फ़ा*०) बेहोश, अचेत, व्याकुल, उद्विग्न, श्रान्त, शिथिल ।

२३८१. **बदा** (वि०) (*हिं*०) भविष्य में लिखा हुआ, भवितव्य, अदृष्ट, होनहार, भावी ।

२३८२. **बदी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) कृष्णपक्ष, अन्धेरा, पाख, (*फ़ा*०) अपकार, बुराई, अहित, कमीनापन ।

२३८३. **बदौलत** (क्रि० वि०) (*फ़ा*०) आसरे से, द्वारा, अवलम्ब से कृपा से, कारण से, वजह से ।

२३८४. **बद्दू** (वि०) (*हिं*०) अपमानित, बदनाम ।

२३८५. **बद्ध** (वि०) (*सं*०) बँधा हुआ, बन्धन में पड़ा हुआ, निर्धारित, निर्दिष्ट, बैठा हुआ, जमा हुआ, सटा हुआ, जुड़ा हुआ ।

२३८६. **बधाई** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) वृद्धि, बढ़ती, मंगलोत्सव, गाना-बजाना, मंगल, चार, मुबारकवाद, उपहार ।

२३८७. **बधिक** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) हत्यारा, जल्लाद, व्याध, बहेलिया ।

२३८८. **बधूटी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) पुत्रवधू, पुत्र की स्त्री, सुहागिन, बहू, युवती ।

२३८९. **बधूरा** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) अँधड़, बगूला, चक्रवात ।

२३९०. **बन** (संज्ञा पु०) (*सं*०) जंगल, कानन, अरण्य, समूह, जल, पानी, बाग़, बगीचा, निरौनी, निन्दाई, कपास, शादियाना, (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बना, भेस, सजावट, सजधज ।

२३९१. **बनक** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बनावट, सजावट, सज-धज, बाना, बेष, वन की उपज या पैदावार ।

२३९२. **बनज** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वाणिज्य, व्यापार, कमल, शंख, मछली।

२३९३. **बनजारा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) व्यापारी, बनिया, सौदागर, खानाबदोश व्यापारी।

२३९४. **बनड़ा** (संज्ञा पु०) (*देशज*) दूल्हा, वर।

२३९५. **बनत** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बनावट, रचना, मेल, अनुकूलता।

२३९६. **बनना** (क्रि०) (*हिं०*) रचा जाना, तैयार होना, ठीक होना, वसूल होना, प्राप्त होना, निभना, हो सकना, मरम्मत होना, पटना, सुन्दर होना, स्वाँग रचना, सिंगार करना, सजना, मूर्ख सिद्ध होना।

२३९७. **बनमाली** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) कृष्ण, विष्णु, मेघ, बादल, वन की माला धारण करने वाला।

२३९८. **बनाना** (क्रि०) (*हिं०*) रचना, तैयार करना, ठीक करना, उपार्जित करना, वसूल करना, प्राप्त करना, प्रस्तुत करना, सजाना, सुधारना, जोड़ना, मिलाना, पकाना, उत्पन्न करना, सिरजना, जीवोद्धार करना, मूर्ख सिद्ध करना।

२३९९. बनाव (संज्ञा पु०) (*हिं०*) बनावट, रचना, सजावट, तरकीब, युक्ति।

२४००. **बनावट** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) रचना, निर्माण, ढोंग, दिखावा, आडम्बर, डील-डौल, आकार, संगठन, नकल, कृत्रिमिता।

२४०१. **बनिज** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) व्यापार, सौदा, वाणिज्य, लेन-देन, आदान-प्रदान, धनी-पथिक (ठग)।

२४०२. **बनिता** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) स्त्री, औरत, पत्नी, महिला।

२४०३. **बनिया** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वैश्य, मोदी, व्यापारी, हटवानिया, बनी, किराना बेचने वाला।

२४०४. **बनी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) वनस्थली, वनभाग, वाटिका, बाग़, नववधू, स्त्री, नायिका, कपास, (संज्ञा पु०) बनिया।

२४०५. **बपु** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) शरीर, देह, अवतार, रूप।

२४०६. **बपुरा** (वि०) (हिं०) बेचारा, अशक्त, अनाथ, ग़रीब, रंक, असहाय, दीन, कंगाल।

२४०७. **बम** (संज्ञा पु०) (हिं०) विस्फोटक पदार्थ, बम्ब।

२४०८. **बयना** (क्रि०) (हिं०) बोना, बीज लगाना, वर्णन करना, कहना।

२४०९. **बयार** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) बयारि, हवा, पवन, वायु, बतास।

२४१०. **बयाला** (संज्ञा पु०) (हिं०) झरोखा, ताख, आला।

२४११. **बर** (संज्ञा पु०) (हिं०) बरगद, रेखा, लकीर, ज़िद करना, (फ़ा०) फल (अव्यय) वरन्, बल्कि, (फ़ा०) ऊपर (वि०) (फ़ा०) बढ़ा-चढ़ा, श्रेष्ठ, पूरा, (हिं०) अच्छा, उत्तम ।

२४१२. **बरकत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) अधिकता, लाभ, फ़ायदा, प्रसाद, कृपा, समाप्ति, अन्त, एक।

२४१३. **बरक़रार** (वि०) (फ़ा०) स्थिर, कायम, मौजूद, उपस्थित।

२४१४. **बरखा** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) वर्षा, बारिश, वृष्टि, मेंह, वर्षा-ऋतु।

२४१५. **बरजना** (क्रि०) (हि०) रोकना, मना करना, निषेध करना, इन्कार करना, वर्जन करना।

२४१६. **बरज़ोर** (वि०) (हिं०) प्रबल, बलवान्, (क्रि०) बलपूर्वक, ज़बर-दस्ती, बहुत ज़ोर से।

२४१७. **बरतन** (संज्ञा पु०) (हि०) धातु, मिट्टी, पात्र, भाँडा, बासन, भाण्ड, बरताव, व्यवहार ।

२४१८. **बरतरफ़** (वि०) (फ़ा०, अ०) किनारे, अलग, बर्खास्त।

२४१९. **बरदान** (संज्ञा पु०) (हिं०) आशीर्वाद, प्रसाद, उपहार, इनाम।

२४२०. **बरन** (संज्ञा पु०) (हिं०) वर्ण, रंग, अक्षर, लिखावट, (अव्यय) बल्कि, प्रत्युत।

२४२१. **बरना** (क्रि० स०) (हि०) ग्रहण करना, अङ्गीकार करना, वरण करना, स्वीकार करना, ब्याह करना, दान देना, मना करना,

रोकना, बलना, जलना, (संज्ञा पु०) एक वृक्ष।

२४२२. **बरबस** (क्रि० वि०) (हिं०) बलपूर्वक, हठात, ज़बरदस्ती, व्यर्थ, फ़जूल।

२४२३. **बरबाद** (वि०) (फ़ा०) नष्ट, विनष्ट, चौपट, सत्यानाश।

२४२४. **बरबादी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) नाश, विनाश, ख़राबी, तबाही।

२४२५. **बरषा** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) वर्षा, वृष्टि, बरसात, वर्षाकाल।

२४२६. **बरसना** (क्रि०) (हिं०) मेह पड़ना, ओसाया जाना, पानी पड़ना, वृष्टि होना, बहुत अधिक गुस्सा करना।

२४२७. **बरा** (संज्ञा पु०) (हिं०) बड़ा (पीठी का बना हुआ), बरगद का पेड़, बहुँटा, टाँड़।

२४२८. **बराक** (संज्ञा पु०) (हिं०) शिव, युद्ध, लड़ाई, (वि०) नीच, पापी, अधम, शोचनीय, वेचारा, बापुरा।

२४२९. **बराना** (क्रि०) (हिं०) बचाना, रक्षा करना, हिफ़ाज़त करना, सिंचाई करना, पृथक् रहना, अलग रहना, परहेज़ करना, बचा जाना, चुनना, छाँटना, बालना, जलाना।

२४३०. **बराबर** (वि०) (फ़ा०) तुल्य, एक-सा, समतल, समान पद या मर्यादा वाला, ठीक, समान, (क्रि०वि०) (हिं०) साथ-साथ, लगातार, निरंतर, एक साथ, एक पंक्ति में, सर्वदा, हमेशा, सदा, साथ।

२४३१. **बराबरी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) समता, समानता, सदृश्य, तुलना, मुकाबला।

२४३२. **बरामद** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) गंगबरार, ज़मीन, आमदनी, निकासी, (वि०) प्राप्त।

२४३३. **बरियाई** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) ताकतवरी, बलप्रयोग, ज़बर-दस्ती, ज़ोरावरी (क्रि० वि०) हठात्, बलात्।

२४३४. **बरी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) गोल टिकिया, वटी, कली, वड़ो, (फ़ा०) (वि०) छूटा हुआ, मुक्त।

२४३५. **बरुआ** (संज्ञा पु०) (हिं०) वटु, ब्रह्मचारी, उपनयन, ब्राह्मणकुमार।

२४३६. **बरे** (क्रि० वि०) (*हिं०*) ज़ोर से, बलपूर्वक, ज़बरदस्ती, ऊँचे स्वर से (अव्यय) बदले में, वास्ते, निमित्त ।

२४३७. **बरोक** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) फलदान, सेना, फ़ौज, (क्रि० वि०) (*हि०*) बलपूर्वक, ज़बरदस्ती ।

२४३८. **बर्क** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) बिजली, विद्युत्, (वि०) तेज़, चालाक, पूर्णतया, अभ्यस्त ।

२४३९. **बर्बर** (संज्ञा पु०) (*सं०*) घुँघराले बाल, असभ्य आदमी, अत्याचारी व्यक्ति, अस्त्रों की झंकार, एक मछली, एक कीड़ा, एक पौधा, (वि०) जंगली, असभ्य, अशिष्ट, उद्दंड, अत्याचारी ।

२४४०. **बर्राक** (वि०) (*अ०*) तेज़, तीव्र, चतुर, चालाक, चमकीला, जगमगाता हुआ, बहुत उजला, सफ़ेद, पूर्णतया अभ्यस्त ।

२४४१. **बल** (संज्ञा पु०) (*सं०*) शक्ति, सामर्थ्य, ताकत, ज़ोर, बूता, सँभार, आश्रय, सहारा, भरोसा, सेना, फ़ौज, पार्श्व, पहलू, बलदेव, बलराम, वरुण नामक वृक्ष, (संज्ञा पु०) (*हिं०*) झुकाव, सिकुड़न, ऐंठन, मरोड़, फेरा, लपेट, लहरदार घुमाव, लचक, गुलझट, शिकन, कसर, कमी, अन्तर, टेढ़ापन, कज़, खम ।

२४४२. **बलज** (संज्ञा पु०) (*सं०*) नगर का द्वार, द्वार, अन्न का ढेर, शस्य, फसल, खेत, युद्ध ।

२४४३. **बलभद्र** (संज्ञा पु०) (*सं०*) बलराम, बलदेव, बलदाऊ, बलवीर, लोध का पेड़, नीलगाय, जंगली गाय ।

२४४४. **बलवा** (संज्ञा पु०) (*फा०*) दंगा, हुल्लड़, खलबली, विद्रोह, बग़ावत।

२४४५. **बलवान्** (वि०) (*सं०*) बलिष्ठ, ताकतवर, शक्तिशाली, सामर्थ्यवान्, दृढ़, मज़बूत, बलवन्त, समर्थ, सशक्त ।

२४४६. **बला** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) पृथ्वी, लक्ष्मी (*अ०*) आपत्ति, विपत्ति, आफ़त, दुःख, कष्ट, भूत, प्रेत, रोग, व्याधि ।

२४४७. **बलाक** (संज्ञा पु०) (*सं०*) बक, बगला ।

२४४८. **बलात्कार** (संज्ञा पु०) (*सं०*) सतीत्व-अपहरण, ज़बरदस्ती,

अन्याय, अत्याचार ।

२४४६. **बलाय** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) विपत्ति, आपत्ति, बला, दुःख, कष्ट, व्याधि ।

२४५०. **बलि** (संज्ञा पु०) (*सं०*) मालगुज़ारी, राज-कर, उपहार, भेंट, भूतयज्ञ, अक्ष्य अन्न, खाने की वस्तु, चढ़ावा, नैवेद्य, भोग, न्योछावर ।

२४५१. **बलिदान** (संज्ञा पु०) (*सं०*) देवभोग, बलित, बलिकर्म, शहीद होना, कुर्बान होना ।

२४५२. **बलिष्ठ** (वि०) (*सं०*) अतिशय बलवान्, अधिक बलवान्, बलशाली, समर्थ, (संज्ञा पु०) (*सं०*) उष्ट्र, ऊँट ।

२४५३. **बलिहारी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) निछावर, कुर्बान ।

२४५४. **बली** (वि०) (*सं०*) बलवान्, ताकतवर ।

२४५५. **बल्कि** (अव्यय) (*फा०*) वरन्, अन्यथा, प्रस्तुत, अच्छा यह कि, वेहतर है।

२४५६. **बल्या** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) अतिबला, अश्वगंधा, प्रसारिणी, चंगोनी, शिम्रीडी ।

२४५७. **बल्लम** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) सोटा, डंडा, छड़, बरछा, भाला, नेज़ा ।

२४५८. **बल्ला** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) लम्बा शहतीर, डाँड़, बल्ली, (*अँ०*) बैट ।

२४५९. **बवंडर** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) चक्रवात, बगूला, प्रचण्डवायु, आँधी, तूफ़ान, अन्धड़, झगड़ा, उपद्रव ।

२४६०. **बवना** (क्रि० स०) (*हिं०*) छितराना, बिखराना ।

२४६१. **बस** (वि०) (*फा०*) पर्याप्त, भरपूर, बहुत, काफ़ी (अव्यय) (*फा०*) पर्याप्त, काफ़ी, यथेष्ट, सिर्फ़, केवल, (संज्ञा पु०) काबू, अधिकार, (*अँ०*) यात्री बस ।

२४६२. **बसना** (क्रि० अ०) (*हिं०*) स्थिर होना, रहना, आबाद होना, आकर रहना, टिकना, ठहरना, डेरा करना, वास करना, सुगन्धपूर्ण होना,

(संज्ञा पु०) बेठन, थैली, बरतन, बासना ।

२४६३. **बसाना** (क्रि० स०) (*हिं*०) जनपूर्ण करना, आबाद करना, टिकाना, ठहराना, बैठाना, रखना, बस्ती बसाना, (क्रि० अ०) महकना, दुर्गन्ध देना ।

२४६४. **बसेरा** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) खोंता, घोंसला, निवास ।

२४६५. **बस्ता** (संज्ञा पु०) (*फा*०) बेठन, बसना, थैला ।

२४६६. **बहकना** (क्रि० अ०) (*हिं*०) भटकना, मार्ग-भ्रष्ट होना, चूकना, निराश होना, धोखा खाना, भूलना, लक्ष्यच्युत होना, उद्देश्य-भ्रष्ट होना ।

२४६७. **बहकाना** (क्रि० स०) (*हिं*०) भुलावा देना, बहलाना, भुलाना, निराश करना, धोखा देना ।

२४६८. **बहना** (क्रि० अ०) (*हिं*०) प्रवाहित होना, इधर-उधर हो जाना, कहीं चला जाना, फिसल जाना, आवारा होना, कुमार्गी होना, गर्भपात होना, (जानवरों के लिए), जल्दी अंडे देना, वहन करना, धारण करना, निर्वाह करना, निबाह करना, उठना, चलना, (सम्पत्ति या धन) नष्ट होना ।

२४६९. **बहराना** (क्रि० स०) (*हिं*०) बहलाना, बहकाना, फुसलाना ।

२४७०. **बहलाना** (क्रि० स०) (*हिं*०) चित्त प्रसन्न करना, बहकाना, भुलावा देना, मनोरंजन करना, मन-बहलाव करना, भुलाना, फिराना, घुमाना ।

२४७१. **बहस** (संज्ञा स्त्री०) (*अं*०) वाद, विवाद, दलील, तर्क, मुक्ति, झगड़ा, होड़, बाज़ी ।

२४७२. **बहादुर** (वि०) (*फा*०) सूरवीर, पराक्रमी, उत्साही ।

२४७३. **बहाना** (क्रि० स०) (*हिं*०) प्रवाहित करना, गँवाना, व्यर्थ व्यय करना, सस्ता बेचना, डालना, फेंकना, ढालना (संज्ञा पु०) (*फा*०) झूँठी बात, मिस, हीला, तुच्छ, निमित्त ।

२४७४. **बहार** (संज्ञा पु०) (*फा*०) वसन्त ऋतु, यौवन, जवानी, शोभा, सौन्दर्य, रमणीयता, सुहावनापन, विकास, प्रफुल्लता, फूल, कौतुक, तमाशा ।

२४७५. **बहाल** (वि०) (*फ़ा*०) पूर्ववत् स्थित, ज्यों का त्यों, भला-चंगा, स्वस्थ, प्रसन्न, ख़ुश ।

२४७६. **बहिन** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) बहन, भगिनी सोदरा ।

२४७७. **बहिरंग** (वि०) (*सं*०) बाहरी, बाह्य, बाहरवाला ।

२४७८. **बहिष्कार** (संज्ञा पु०) (*सं*०) बाहर करना, निकालना, हटाना, दूर करना, अलग करना, त्यागना, छोड़ना ।

२४७९. **बहु** (वि०) (*सं*०) विपुल, प्रचुर, बहुत से, अनेक, सम्पन्न, बहुतायत, अधिक, बहुत ।

२४८०. **बहुक** (संज्ञा पु०) (*सं*०) केकड़ा, आक, मदार, पपीहा, चातक ।

२४८१. **बहुत** (वि०) (*हिं*०) अधिक, अनेक, यथेष्ट, काफ़ी, (क्रि० वि०) ख़ूब, ज़यादा ।

२४८२. **बहुताई** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बहुतायत, अधिकता, आधिक्य, अधिकाई, समाई, सरसाई ।

२४८३. **बहुधा** (क्रि० वि०) (*सं*०) प्रायः, अकसर ।

२४८४. **बहुपत्रिका** (संज्ञा स्त्री०) (*सं*०) भूम्यामलकी, महाशतावरी, मेथी, वच ।

२४८५. **बहुपत्री** (संज्ञा स्त्री०) (*सं*०) तुलसी का पौधा, जतुका, भूम्यामलकी, लिगिना, वृहती, दूब्रिया घास ।

२४८६. **बहुफला** (संज्ञा स्त्री०) (*सं*०) भूम्यामलकी, खीरा, क्षविका, छोटा करेला, जंगली करेला, काकामची ।

२४८७. **बहुल** (वि०) (*सं*०) अधिक, बहुत, ज़्यादा, प्रचुर, (संज्ञा पु०) आकाश, गगन, सफ़ेद मिर्च, कृष्ण वर्ण, कृष्ण पक्ष, काला रंग, अग्नि, महादेव ।

२४८८. **बहुलता** (संज्ञा स्त्री०) (*सं*०) बहुतायत, अधिकता, बाहुल्य, फ़ालतूपन, व्यर्थता ।

२४८९. **बहुला** (संज्ञा स्त्री०) (*सं*०) गाय, नील, इलायची, कात्तिका, नक्षत्र ।

२४६०. **बहू** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) वधु, स्त्री, पत्नी, दुलहिन, पतोहू, पुत्र-वधू ।

२४६१. **बहेंगवा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) भुजंगा, करचोटिया, पक्षी, (वि०) घुमक्कड़, आवारा, बहेतू ।

२४६२. **बाँ** (संज्ञा पु०) (*हि०*) बार, दफ़ा, बेर, गाय का शब्द ।

२४६३. **बाँक** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बाँह का कंगन, आभूषण, पाजेब, कमान, धनुष, छुरी, कसरत, टेढ़ापन, लोहे का शिकंजा, गन्ना छीलने का औज़ार, (वि०) (*हिं०*) बाँका, तिरछा, टेढ़ा, घुमावदार, शहतीर, वक्र ।

२४६४. **बाँकपन** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) टेढ़ापन, तिरछापन, अलबेलापन, बनावट, सजावट, छवि, शोभा ।

२४६५. **बाँका** (वि०) (*हि०*) टेढ़ा, तिरछा, अत्यन्त साहसी, वीर, बहादुर, लुच्चा, छैला, अकड़ैत, (संज्ञा पु०) एक कीड़ा ।

२४६६. **बाँग** (संज्ञा स्त्री०) (*फ़ा०*) शब्द, आवाज़, पुकार, चिल्लाहट, अज़ान, मुर्गे की आवाज़ ।

२४६७. **बाँगड़ू** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) एक भाषा, (वि०) (*हिं०*) मूर्ख, बेवकूफ़, उजड्ड, जंगली ।

२४६८. **बाँचना** (क्रि० स०) (*हि०*) पढ़ना, पाठ करना, बाकी रहना, बच रहना, बचाना, छोड़ देना ।

२४६६. **बाँट** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) विभाजन, भाग, हिस्सा, अंश ।

२५००. **बाँटना** (क्रि०) (*हि०*) हिस्सा लगाना, विभाग करना, वितरण करना, भाग करना ।

२५०१. **बाँदी** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) दासी, लौंडी, सेविका, परिचारिका ।

२५०२. **बाँध** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) पुश्ता, बन्द, मेंड़, आड़, बन्ध, (*अँ०*) डैम ।

२५०३. **बाँधना** (क्रि० स०) (*हि०*) गाँठ लगाना, कैद करना, बन्द-करना, पाबंद करना, प्रेमपाश में बाँधना, मकान बनाना, योजना बनाना, मन

में बैठाना, स्थिर करना।

२५०४. **बाँधव, बान्धव** (संज्ञा पु०) (सं०) भाई, बंधु, नातेदार, मित्र, दोस्त।

२५०५. **बाँस** (संज्ञा पु०) (हि०) वंश वृक्ष, एक पेड़, रीढ़ (पीठ की हड्डी)।

२५०६. **बाँह** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) भुजा, हाथ, शक्ति, बल, सहायक, मददगार, सहारा, मदद, भरोसा।

२५०७. **बाच** (वि०) (हिं०) वर्णनीय, अच्छा, सुन्दर, बढ़िया।

२५०८. **बाचना** (क्रि० अ०) (हिं०) बचना, सुरक्षित रहना, (क्रि० स०) बचाना, सुरक्षित रखना, पढ़ना, बाँचना।

२५०९. **बाज** (संज्ञा पु०) (अ०) एक शिकारी पक्षी, एक बगला, (वि०) (फा०) वंचित, रहित, (फा०) (वि०) बगैर, बिना (संज्ञा पु०) (हिं०) घोड़ा, बाजा।

२५१०. **बाजना** (क्रि० अ०) बाजा बजना, लड़ना, भिड़ना, कहलाना, पुकारा जाना, प्रसिद्ध होना, लगना, आघात पहुँचना, जा पहुँचाना, (वि०) (हिं०) बजने वाला, जो बजता हो।

२५११. **बाज़ार** (संज्ञा पु०) (फा०) पैंठ, हाट, मंडी, (अँ०) मार्केट।

२५१२. **बाज़ारी** (वि०) (फा०) बाज़ार-सम्बन्धी, बाज़ार का, मामूली, साधारण, मर्यादा रहित, अशिष्ट, अनिश्चित।

२५१३. **बाजि** (संज्ञा पु०) (हिं०) घोड़ा, बाण, पक्षी, अड़ूसा, (वि०) (हिं०) चलने वाला।

२५१४. **बाज़ी** (संज्ञा स्त्री) (फा०) शर्त, बदान, दाँव, होड़।

२५१५. **बाजु** (संज्ञा पु०) (अव्यय) बिना, बग़ैर, अतिरिक्त, सिवा।

२५१६. **बाजू** (संज्ञा पु०) (हिं०) भुजा, बाहु, बाँह, बाजूबन्द, भुजबन्द (गहना), डैना (पक्षी)।

२५१७. **बाट** (संज्ञा पु०) (हिं०) बटखरा, बट्टा, राह, रास्ता, पन्थ, डगर।

२५१८. **बाढ़** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बढ़ाव, अधिकता, वृद्धि, जलप्लाव, सैलाब, सान, (छुरी की धार)।

२५१९. **बाण** (संज्ञा पु०) (*सं०*) तीर, शर, सायक, थन, पाँच की संख्या, सरपत, नरकुल, निशाना, लक्ष्य, नीली कटसरैया, आग, स्वर्ग, मोक्ष।

२५२०. **बात** (संज्ञा स्त्री०) वाक्य, कथन, वचन, वाणी, चर्चा, ज़िक्र, प्रसङ्ग, प्रचलित प्रसङ्ग, अफ़वाह, किंवदन्ति, प्रवाद, मामला, परिस्थिति, संदेश, संदेशा, कथोपकथन, वार्तालाप, बनावटी कथन, मिस, बहाना, प्रतिज्ञा, कौल, साख, प्रतीति, विश्वास, मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा, इज़्ज़त, उपदेश, नसीहत, रहस्य, भेद, अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, विशेष गुण, ख़ूबी, मर्म, गूढ़ अर्थ, मानी, प्रश्न, सवाल, समस्या, इच्छा, कामना, चाह, काम, कार्य, आचरण, व्यवहार, लगाव, सम्बन्ध, तअाल्लुक, स्वभाव, प्रकृति, लक्षण, वस्तु, पदार्थ, दाम, माल, उचित पथ, उपाय, कर्त्तव्य।

२५२१. **बाद** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) तर्क, बहस, विवाद, झगड़ा, झकझक, तूलकलामी, शर्त, बाज़ी, (अव्यय) (*अ०*) उपरान्त, पीछा, (वि०) छोड़ा हुआ, दस्तूरी, अतिरिक्त, सिवाय, (संज्ञा पु०)(*फ़ा०*) बात, हवा, (अव्यय) (*हिं०*) व्यर्थ, निष्प्रयोजन, बिना मतलब।

२५२२. **बादर** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) बादल, मेघ, (वि०) प्रसन्न, खुश, (संज्ञा पु०) (*सं०*) मोटा खद्दड़।

२५२३. **बादरा** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) कपास का पौधा, बदरी या बेर का वृक्ष, जल, पानी, रेशम, दक्षिणावर्त शंख।

२५२४. **बादल** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) घन, मेघ, घटा, बदल, वारिध, जलधर, जलद ,जलप्लावन, जलवाह, खचर, नभोगज, पयोधर, पयोज, पाथोधर, अम्बर, धराधर, अम्बुद, पयद, गगनचर, जगजीवन, धाराधर, धारावर, धूमज, अम्बुधर।

२५२५. **बादशाह** (संज्ञा पु०) (*फ़ा०*) बड़ा राजा, शासक, सर्वश्रेष्ठ पुरुष, सरदार, शतरंज का मोहरा, ताश का पत्ता।

२५२६. **बादशाही** (संज्ञा स्त्री०) (*फ़ा०*) राज्याधिकार, शासन, हुकूमत,

मनमाना व्यवहार, (वि०) बादशाह के योग्य।

२५२७. **बादामी** (वि०) (फ़ा०) बादाम के रंग का या बादाम के आकार का, अण्डाकार, (संज्ञा पु०) एक छोटी चिड़िया, छोटी डिबिया, बादामी घोड़ा।

२५२८. **बादी** (वि०) (फ़ा०) वायु विकार-सम्बन्धी (संज्ञा स्त्री०) वात-विकार (संज्ञा पु०) (हिं०) मुद्दई, प्रतिद्वन्द्वी, शत्रु।

२५२९. **बाध** (संज्ञा पु०) (सं०) बाधा, अड़चन, रुकावट, रोक, कष्ट, पीड़ा, कठिनता, मुश्किल, अर्थ की असम्मति।

२५३०. **बाधक** (संज्ञा पु०) (सं०) रोकने वाला, कष्टदायक, हानि-कारक, दुःखदायी, प्रतिबन्धक, विघ्नकारक, प्रसूति-सम्बन्धी पीड़ा।

२५३१. **बाधा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अड़चन, विघ्न, रुकावट, संकट, दुःख, कष्ट, पीड़ा, भय, डर, आशंका, क्लेश।

२५३२. **बान** (संज्ञा पु०) (हिं०) बाण, शर, तीर, एक तरह की आ-तिशबाजी, रंग, आब, कान्ति, मूँज की रस्सी, (संज्ञा स्त्री०) टेव, अभ्यास, आदत, सजधज, बनाव-सिंगार।

२५३३. **बानक** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) परिस्थिति, संयोग, वेष, भेस, सजधज।

२५३४. **बाना** (संज्ञा पु०) (हि०) पहनावा, वस्त्र, पोशाक, वेश-विन्यास, भेस, रीति, स्वभाव, प्रकृति, व्यवहार, चाल, बुनावट, बुनन, बुनाई, (क्रि०) खुलना, खोलना।

२५३५. **बानी** (संज्ञा स्त्री०) वाणी, बोली, वचन, मनौती, मन्नत, सरस्वती, महात्मा का उपदेश, रंग, वर्ण, आभा, दमक, कपसा (मिट्टी)।

२५३६. **बापुरा** (वि०) (हिं०) बेचारा, दीन-हीन, तुच्छ, दुखिया, बापड़ा, असमर्थ।

२५३७. **बाब** (संज्ञा पु०) (अ०) परिच्छेद, अध्याय, मुकद्दमा, प्रकार, तरह, विषय, अभिप्राय, आशय, मतलब।

२५३८. **बाबा** (संज्ञा पु०) (*तुर्की*) पिता, पिता का पिता, दादा, बूढ़ा, साधु, संन्यासी ।

२५३९. **बाम** (वाम) (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) गहना, (संज्ञा पु०) (वि०) बायाँ (*फ़ा०*) अटारी, कोठा, छत, पुरसा (संज्ञा पु०) (*हिं०*) महादेव, कामदेव ।

२५४०. **बायँ** (वि०) (*हिं०*) बायाँ, खाली ।

२५४१. **बायन** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) उपहार, पेशगी, बयाना ।

२५४२. **बायाँ** (वि०) (*हिं०*) विपरीत, उलटा, हानि करने वाला, विरोधी, शत्रु, वाम, वामाङ्ग, बाईं ओर ।

२५४३. **बार** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) द्वार, दरवाज़ा, आश्रम, स्थान, ठिकाना, (संज्ञा स्त्री०) काल, समय, विलम्ब, देर, बेर, अतिकाल, दफ़ा, मरतबा, दिन, बेला, अवसर, देरी (संज्ञा पु०) घेरा, बाड़, किनारा, छोर, धार, बाढ़ ।

२५४४. **बारगह** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) ड्योढ़ी, खेमा, डेरा, प्रताप, ऐश्वर्य ।

२५४५. **बारजा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) बरामदा, कोठा, अटारी, छोटा दालान ।

२५४६. **बारदाना** (संज्ञा पु०) (*फ़ा०*) टूटा-फूटा सामान, रसद ।

२५४७. **बारम्बार** (क्रि० वि०) (*हिं०*) बारबार, लगातार, पुनः-पुनः, प्रतिक्षण, प्रतिपल ।

२५४८. **बारना** (क्रि०) (*हि०*) मना करना, बिलगाना, अलग-अलग करना, निषेध करना, रोकना, रुकावट डालना, बालना, जलाना, (संज्ञा पु०) एक वृक्ष ।

२५४९. **बारा** (वि०) (*हि०*) बाल्यावस्था वाला, (संज्ञा पु०) (*हिं०*) बालक, लड़का ।

२५५०. **बारिश** (संज्ञा स्त्री०) (*फ़ा०*) वर्षा, वृष्टि, वर्षाऋतु, बरसात, मेंह का बरसना ।

२५५१. **बारी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) किनारा, तट, हाशिया, घेरा, बाड़, ओंठ, धार, बाढ़, घर, मकान, खिड़की, झरोखा, बन्दरगाह, मौका, परी, छोटी लड़की, बालिका, युवती, जल, पानी, फुलवारी, खेत, क्यारी, बाड़ी, बाग़, बगीचा।

२५५२. **बारीक** (वि०) (*फा०*) महीन, पतला, बहुत छोटा, सूक्ष्म, गम्भीर, गूढ़।

२५५३. **बारीकी** (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) पतलापन, महीनपन, गुण, विशेषता, खूबी।

२५५४. **बाल** (संज्ञा पु०) (*सं०*) बालक, बच्चा, लड़का, नासमझ, अनजान, पशु का बच्चा, केश, शिरोरुह।

२५५५. **बालक** (संज्ञा पु०) (*सं०*) लड़का, पुत्र, छोटा बच्चा, शिशु, अबोध व्यक्ति, अनजान आदमी, हाथी का बच्चा, घोड़े का बच्चा, बछेड़ा, बाल, केश, सुगन्ध वाला, कंगन, अँगूठा, हाथी की पूँछ, छोकरा, ढोटा।

२५५६. **बालत्व** (संज्ञा पु०) (*सं०*) बालकता, बचपन, लड़कपन, बाल्य, लड़काई, बालपन।

२५५७. **बालम** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) पति, स्वामी, प्रणयी, प्रेमी, प्रियतम, प्यारा।

२५५८. **बाला** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) षोडशी स्त्री, पत्नी, भार्या, स्त्री, औरत, पुत्री, कन्या, चीनी, ककड़ी, छोटी इलायची, नीली कटसरैया, नारियल, घीग्वार, घृत कुमारी, हलदी, बेले का पौधा, खैर का पेड़।

२५५९. **बालाई** (वि०) (*फा०*) ऊपरी, ऊपर का।

२५६०. **बालिका** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) छोटी लड़की, कन्या, पुत्री, बेटी, छोटी इलायची, (कान में पहनने की) बाली, बालू।

२५६१. **बालिश** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) तकिया, (संज्ञा पु०) बालक, शिशु, मूर्ख या अबोध व्यक्ति, (वि०) अबोध, अज्ञानी, नासमझ, बेवकूफ़, अज्ञ।

२५६२. **बालुका** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) रेत, बालू, कपूर, ककड़ी, कङ्कर।

२५६३. **बालू** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) रेत, रेणुका, बालुका, रेती, रेणु, सिकता ।

२५६४. **बालेय** (संज्ञा पु०) गदहा, खर, चावल, (वि०) कोमल, मुलायम, बलि देने योग्य ।

२५६५. **बाव** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वायु, हवा, बाई, अपान वायु, पाद, बयार ।

२५६६. **बावर** (वि०) (*हिं०*) पागल, बावला, मूर्ख, बेवक़ूफ़ (संज्ञा पु०) (*फ़ा०*) यकीन, विश्वास ।

२५६७. **बावला** (वि०) (*हिं०*) पागल, मूर्ख, विक्षिप्त, उन्मुक्त, सिड़ी ।

२५६८. **बाशिंदा, बाशिन्दा** (संज्ञा पु०) (*फ़ा०*) निवासी, रहने वाला ।

२५६९. **बाष्कल** (संज्ञा पु०) (*सं०*) योद्धा, वीर ।

२५७०. **बाष्प** (संज्ञा पु०) (*सं०*) आँसू, भाप, लोहा, एक जड़ी ।

२५७१. **बास** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) निवास, रहने का स्थान, गन्ध, महक, वस्त्र, कपड़ा, पोशाक, छोटा वस्त्र, (संज्ञा स्त्री०) वासना, इच्छा, अग्नि, आग, सुगन्ध ।

२५७२. **बासना** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) इच्छा, चाह, वांछा, गन्ध, महक, अभिलाषा, मनोरथ (क्रि०) सुगन्धित करना, महकाना, बास देना ।

२५७३. **बासर** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) दिन, सवेरा, प्रातःकाल, सुबह ।

२५७४. **बासा** (संज्ञा पु०) (*देशज*) अड़ूसा, भोजनालय, रहने का स्थान, डेरा, (संज्ञा पु०) (*हिं०*) एक घास ।

२५७५. **बारना** (क्रि०) (*हिं०*) ढोना, लादना, चलाना, हाँकना, बहाना, प्रवाहित करना, खेत जोतना, धारण करना, कंघी करना, अस्त्र चलाना, फेंकना, छोड़ना, त्यागना ।

२५७६. **बाहर** (क्रि० वि०) (*हिं०*) बग़ैर, सिवा, (अव्यय) अन्यत्र, दूसरा स्थान, परदेश, अन्य देश ।

२५७७. **बाहरी** (वि०) (*हिं०*) बाहर का, बाहर वाला, पराया, ग़ैर, ऊपरी ।

२५७८. **बाहुबल** (संज्ञा पु०) (सं०) पराक्रम, बहादुरी, शारीरिक शक्ति ।

२५७९. **बाहुल** (संज्ञा पु०) (सं०) कार्त्तिक का महीना, अग्नि, आग, हाथ का दस्ताना, (जो युद्ध के समय काम आता है) ।

२५८०. **बाहुल्य** (संज्ञा पु०) (सं०) बहुतायत, अधिकता, व्यर्थता, फ़ालतूपन, बहुलता, आधिक्य, अधिकाई ।

२५८१. **बाह्य** (वि०) (सं०) बाहिर का, बाहिरी, (संज्ञा पु०) भार ढोने वाला पशु, सवारी ।

२५८२. **बिग** (संज्ञा पु०) (हिं०) ताना, व्यंग्य, काकोक्ति, आक्षेप-पूर्ण वाक्य (अँ०) बड़ा ।

२५८३. **बिंदी, बिन्दी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) शून्य, बिन्दु, सिफ़र, गोल टीका, चिह्न, नुक़ता, दाग़ ।

२५८४. **बिंब, बिम्ब** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रतिबिंब, अक्स, छाया, कमंडलु, प्रतिमूर्ति, कुन्दरू फल, सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल, गिरगिट, सूर्य, आभास, झलक ।

२५८५. **बिंबक, बिम्बक** (संज्ञा पु०) (सं०) साँचा, कुन्दरू, सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल ।

२५८६. **बिकरार** (वि०) (हिं०) व्याकुल, विकल, बेचैन, कठिन, भयानक, भयंकर ।

२५८७. **बिकराल** (वि०) (हिं०) विकराल, डरावना, भयंकर, भयानक, विकट, कठोर ।

२५८८. **बिकल** (वि०) (हिं०) व्याकुल, घबराया हुआ, उद्विग्न, बेचैन ।

२५८९. **बिकसना** (क्रि० अ०) (हिं०) विकसित होना, खिलना, फूलना, प्रसन्न होना, स्फुटित होना ।

२५९०. **बिकार** (संज्ञा पु०) (हिं०) विकृति, विक्रिया रोग, पीड़ा, दुःख, दोष, ऐब, पापकर्म, कुवासना, (वि०) विकराल, विकट, भीषण ।

२५९१. **बिकारी** (वि०) (*हिं०*) हानिकारक, अहितकर, विकृत ।

२५९२. **बिगड़ना** (क्रि०) (*हिं०*) विकार होना, खराब होना, भ्रष्ट होना, क्रुद्ध होना, अप्रसन्न होना, विरोध करना, व्यर्थ खर्च होना, अनबनाव होना, विरोधी होना, काम न होना ।

२५९३. **बिगड़ैल** (वि०) (*हिं०*) हठी, ज़िद्दी, क्रोधी स्वभाव का, बुरे चालचलन वाला ।

२५९४. **बिगाड़** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) दोष, खराबी, मनमुटाव, वैमनस्य, झगड़ा, लड़ाई, विरोध, तोड़, अङ्ग, हानि, क्षति ।

२५९५. **बिगाड़ना** (क्रि० स०) (*हिं०*) नष्ट करना, कुमार्ग में लगाना, भ्रष्ट होना, सतीत्व-हरण करना, स्वभाव खराब करना, व्यर्थ खर्च करना, बहकाना, विरोध करना ।

२५९६. **बिगाना** (वि०) (*फा०*) पराया, ग़ैर, अपरिचित, अनजान, अजनबी ।

२५९७. **बिगूचना** (क्रि०) (*हिं०*) असमंजस में पड़ना, पकड़ा जाना, दबाया जाना, दबोचना, धर दबाना ।

२५९८. **बिगोना** (क्रि०) (*हिं०*) नष्ट करना, बिगाड़ना, बहकाना, दुराना, छिपाना, तंग करना, दिक करना, बिताना, भ्रम में डालना ।

२५९९. **बिग्रह** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) विग्रह, शरीर, देह, लड़ाई, झगड़ा, कलह, विभाग ।

२६००. **बिघरना** (क्रि०) (*हिं०*) विघटित करना, विनष्ट करना, बिगाड़ना, तोड़ना, फोड़ना ।

२६०१. **बिचकना** (क्रि०) (*हिं०*) मुँह टेढ़ा होना, भड़कना, चौंकना, सतर्क होना ।

२६०२. **बिचलना** (क्रि०) (*हिं०*) विचलित होना, मुकरना, इन्कार करना, साहस छोड़ना, हिम्मत हारना, फिसलना, बिछलना, खसकना, स्खलित होना ।

२६०३. **बिचहुत** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) अन्तर, फ़र्क, दुविधा, सन्देह ।

२६०४. **बिचारना** (क्रि०) (*हिं*०) सोचना, विचारना, पूछना, प्रश्न करना, ग़ौर करना, ध्यान करना, निर्णय करना, समझना, बूझना, जाँचना।

२६०५. **बिचेत** (वि०) (*हिं*०) मूर्च्छित, बेहोश, अचेत, बदहवास।

२६०६. **बिछोह** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) विरह, वियोग, जुदाई।

२६०७. **बिजन** (वि०) (*हिं*०) एकान्त, एकाकी, अकेला, (संज्ञा पु०) (*हिं*०) सुनसान या निर्जन स्थान, पंखा।

२६०८. **बिजली** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) विद्युत्, चपला, चंचला, तड़ित्, दामिनी, सौदामिनी, घन-बाम, नीलांजना, गो, क्षणकप्रभा, आकालकी, अतिभी, अशनि, क्षणिका, घनज्वाला, चटुला, चला, तन्वित, तमोमणि, रोहिणी, शद्रि, अधीरा, चाँकी, दृग्भू सुधा, सूर्यपुत्री, स्तनयित्नु, छनदा, आर्द्राशनि, छनछवि, जलवालिका, अकासकृत, अचिर प्रभा, अणुभा, अद्रिछिद्र।

२६०९. **बिजायठ** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) बाजूबन्द, अंगद, भुज, बाजू।

२६१०. **बिजोरा** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) बिजौरा, नींबू का वृक्ष, (वि०) (*हिं*०) कमज़ोर, अशक्त, निर्बल।

२६११. **बिट** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) नायक-सखा (नाटक में), वैश्य, विष्ठा, बीठ, नीच या खल व्यक्ति।

२६१२. **बिडंबना** (क्रि०) (*हिं*०) नक़ल, उपहास, हँसी, निन्दा, बदनामी।

२६१३. **बिडर** (वि०) (*हिं*०) बिखरा, छितराया, अलग-अलग, निर्भय, निडर, धृष्ट, ढीठ।

२६१४. **बिड़ाल** (संज्ञा पु०) बिलाव, बिल्ली, आँख का डेला, एक राक्षस।

२६१५. **बित** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) शक्ति, सामर्थ्य, कद, आकार, धन, द्रव्य।

२६१६. **बिताना** (क्रि०) (*हिं*०) गँवाना, काटना, गुज़ारना, व्यतीत करना।

२६१७. **बिदकना** (क्रि०) (*हिं*०) फटना, चिरना, घायल होना,

ज़ख्मी होना, अटकना, बिचकना ।

२६१८. **बिदल** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) अनारदाना, दाल, पीठा, सोना, बाँस, पात्र, लाल सोना ।

२६१९. **बिदा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) प्रस्थान, रवानगी, गमन, गौना, द्विरागमन, जाने की आज्ञा ।

२६२०. **बिद्दत** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) ख़राबी, बुराई, कष्ट, तकलीफ़, विपत्ति, आफ़त, अत्याचार, ज़ुल्म, दुर्दशा, दुर्गति ।

२६२१. **बिध** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) प्रकार, तरह, भाँति, विधि, ब्रह्मा, व्यवहार, रीति, आय-व्यय का लेखा ।

२६२२. **बिधना** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) ब्रह्मा, करतार, विधाता, प्रजापति, (क्रि०) (*हिं०*) भिदना, छेदना ।

२६२३. **बिनती** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) विनय, चिरौरी, प्रार्थना, निवेदन, अनुनय, अनुरोध, अभ्यर्थना, इष्ट-वंदन, मनौती, अर्ज़ ।

२६२४. **बिनय** (अव्यय) (*हिं०*) छोड़कर, रहित, अतिरिक्त, बिन, बग़ैर ।

२६२५. **बिनानी** (वि०) (*हिं०*) ज्ञानवान्, ज्ञानी, अनजान, (संज्ञा स्त्री०) विचार, विवेचन, ग़ौर ।

२६२६. **बिपच्छ** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) शत्रु, वैरी, (वि०) प्रतिकूल, विमुख, नाराज़ ।

२६२७. **बिनय** (अव्यय) (*हिं०*) छोड़कर, रहित, अतिरिक्त, बिन, बग़ैर ।

२६२८. **बिमन** (वि०) (*हिं०*) दुःखी, उदास, सुस्त, चिन्तित ।

२६२९. **बिरथा** (वि०) (*हि०*) व्यर्थ, फ़ज़ूल, निरर्थक ।

२६३०. **बिरला** (वि०)' (*हिं०*) कोई-कोई, इक्का-दुक्का ।

२६३१. **बिरादरी** (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) भाईचारा, बन्धुत्व ।

२६३२. **बिरियाँ** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) अवसर, बारी, पाला, समय, वेला, बकत, वार, दफ़ा ।

२६३३. **बिरोग** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वियोग, विछोह, चिन्ता, दुःख, कष्ट ।

२६३४. **बिलकुल** (क्रि० वि०) (*अ०*) पूरा-पूरा, सब, निपट, निरा ।

२६३५. **बिलखना** (क्रिया) (*हिं०*) देखना, निरखना, सिसकना, रोना, उदास होना, विलाप करना, सिकुड़ना ।

२६३६. **बिलग** (वि०) (*हिं०*) अलग, पृथक्, भिन्न, जुदा, न्याय, आन, अन्य, दूसरा, (संज्ञा पु०) पार्थक्य ।

२६३७. **बिलावल** (संज्ञा पु०) (*सं०*) एक राग, (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) प्रेमिका, पत्नी, स्त्री, प्रियतमा ।

२६३८. **बिलोना** (क्रिया) (*हिं०*) मथना, डालना, उँड़ेलना ।

२६३९. **बिल्ली** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बिलाई, बिल्ल, मार्जार, दीप्त-लोचन, द्रुत, पूतिका, बिडाली, बिलारी, बिलाव, बिलैया, बिल्ला, (*अँ०*) कैट ।

२६४०. **बिसमिल्ला, बिसमिल्लाह** (संज्ञा पु०) (*अ०*) श्रीगणेश, आरम्भ, शुरू, आदि ।

२६४१. **बिसयक** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) देश, प्रदेश, रियासत, राज्य ।

२६४२. **बिसरना** (क्रिया) (*हिं०*) भूलना, विस्मृत करना, याद न रहना ।

२६४३. **बिसवासी** (वि०) (*हिं०*) विश्वास करने वाला, विश्वासा, बेऐतबार, विश्वासघाती ।

२६४४. **बिसात** (संज्ञा स्त्री०) (*अ०*) हैसियत, औकात, जमा, पूँजी, सामर्थ्य, शक्ति, हक़ीक़त, चौपड़ का कपड़ा ।

२६४५. **बिसारना** (क्रिया) (*हिं०*) भुलाना, विस्मृत करना ।

२६४६. **बिस्तारना** (क्रिया) (*हि०*) फैलाना, विस्तृत करना ।

२६४७. **बिहरना** (क्रिया) (*हिं०*) घूमना, फिरना, सैर करना, विहार करना, फटना, टूटना, फूटना, विदीर्ण होना ।

२६४८. **बिहान** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) सवेरा, प्रातःकाल, प्रात, भोर, भिनसरा ।

२६४९. **बिहाना** (क्रिया स०) (*हिं*०) छोड़ना, त्यागना, निर्वाह करना, समय काटना, गुज़रना, व्यतीत होना, बीतना ।

२६५०. **बिहिश्त** (संज्ञा पु०) (*फा*०) स्वर्ग, वैकुंठ ।

२६५१. **बींद** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) दूल्हा, वर ।

२६५२. **बींदना** (क्रिया अ०) (*हिं*०) अनुमान करना, अन्दाज़ से जाँचना ।

२६५३. **बीच** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) मध्य, माँझ, माँह, भीतर, बीच का अन्तर, अवकाश, भेद, अन्तर, फ़रक, मौका, अवसर ।

२६५४. **बीचि** (क्रिया वि०) (*हिं*०) अन्दर, में, दरमियान (संज्ञा स्त्री०) वीचि, लहर, तरंग ।

२६५५. **बीचु** (संज्ञा पु०) (*हिं*०) अवसर, मौका, अन्तर, फ़र्क ।

२६५६. **बीज** (संज्ञा पु०) (*सं*०) बीया, जड़, मूल, प्रधान कारण, मूल प्रकृति, हेतु, कारण, वीर्य, शुक्र, (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) बिजली ।

२६५७. **बीजक** (संज्ञा पु०) (*सं*०) सूची, तालिका, फ़ेहरिस्त, असना का वृक्ष, बिजौरा नींबू, बीज, चालान ।

२६५८. **बीजपूर, बीजपूरक** (संज्ञा पु०) बिजौरा नींबू, चकोतरा ।

२६५९. **बीजमन्त्र** (संज्ञा पु०) (*सं*०) गुर, मूलमन्त्र ।

२६६०. **बीजी** (वि०) (*हिं*०) बीज विषयक, बीजवाला, (संज्ञा स्त्री०) गिरी, मींगी, गुठली, (संज्ञा पु०) पिता ।

२६६१. **बीझा** (वि०) (*हिं*०) निर्जन, एकान्त स्थान, घना, सघन ।

२६६२. **बीतना** (क्रि०) (*हिं*०) समय गुज़रना, विगत होना, वक्त कटना, दूर होना, जाता रहना, घटित होना, घटना, पड़ना, व्यतीत होना, पूरा होना, समाप्त होना ।

२६६३. **बीनना** (क्रि० स०) (*हिं*०) चुनना, छाँटना, अलग करना, बुनना ।

२६६४. **बीबी** (संज्ञा स्त्री) (*फा*०) कुलीन स्त्री, कुलवधू, पत्नी, भार्या,

अविवाहिता लड़की, कन्या, स्त्री, मेहरारू, मेहरिया, मेम ।

२६६५. **बीभत्स** (वि०) (सं०) घृणित, क्रूर, पापी, (संज्ञा पु०) सातवाँ रस ।

२६६६. **बीमारी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) रोग, व्याधि, झंझट, दुर्व्यसन, बुरी आदत ।

२६६७. **बीर** (संज्ञा पु०) (हि०) भाई, भ्राता, भैया, कान का गहना, वीर, (संज्ञा स्त्री०) सखी, सहेली, तरनाबीरी, चरागाह, स्त्री, औरत ।

२६६८. **बील** (वि०) (हिं०) पोल, खाली, (संज्ञा पु०) बेल, औषध-विशेष, मन्त्र ।

२६६९. **बीसी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) कोड़ी, (संज्ञा पु०) तोलने का काँटा, तुला ।

२६७०. **बुँद** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) बूँद, बिंदु, कतरा, वीर्य, (वि०) थोड़ा-सा, ज़रा सा, (संज्ञा पु०) (सं०) तीर, आभूषण विशेष ।

२६७१. **बुक** (संज्ञा स्त्री०) (अँ०) पुस्तक, किताब ।

२६७२. **बुक्का** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) हृदय, कलेजा, गुरदे का माँस, रक्त, लहू, बकरी, (संज्ञा पु०) (हिं०) अबरक का चूर्ण, बुकरा, मुट्ठी भर, चुटकी ।

२६७३. **बुख़ार** (संज्ञा पु०) (अँ०) वाष्प, भाप, ज्वर, ताप, दुःख, हृदय का उद्वेग ।

२६७४. **बुज़ुर्ग** (वि०) (फा०) वृद्ध, बड़ा, पाजी, दुष्ट, (संज्ञा पु०) (फा०) बाप, दादा, पूर्वज, पुरखा ।

२६७५. **बुझाना** (क्रि०) (हिं०) शान्त करना, ठंडा करना, पानी का छौंकना, बुतवा देना, आग ठंडी करना, दिया बुझाना ।

२६७६. **बुत** (संज्ञा पु०) (फा०) मूर्त्ति, प्रतिमा, प्रियतम ।

२६७७. **बुद्ध** (संज्ञा पु०) (फा०) जागरित, ज्ञानवान्, ज्ञानी, विद्वान्, बुद्धिमान्, पंडित, सर्वज्ञ, सुगत, विदित, ज्ञात, (संज्ञा पु०) महात्मा गौतम ।

२६७८. (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अक्ल, समझ, मनीषा, धी, धीषणा,

विवेक, प्रज्ञा, प्रज्ञान, प्रेक्षा, मेधा, स्मरणशक्ति, बूझ, मति, सिद्धि, समझ, चेतन, तमीज़।

२६७९. **बुद्धिमत्ता** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) समझदारी, अक्लमन्दी।

२६८०. **बुध** (संज्ञा पु०) (*सं०*) देवता, बुद्धिमान् या विद्वान् आदमी, कुत्ता, चतुर्थ ग्रह, चन्द्रमा का पुत्र, बुधावतार।

२६८१. **बुधान** (संज्ञा पु०) (*सं०*) कवि, गुरु, प्रियवादी।

२६८२. **बुनिया** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) जुलाहा, बुनकर।

२६८३. **बुनियाद** (संज्ञा स्त्री०) (*फा०*) नींव, जड़, मूल, आधार, असलियत, वास्तविकता।

२६८४. **बुनियादी** (क्रि०) (*फा०*) आधारिक, मूल, बिलकुल, प्रारंभिक।

२६८५. **बुरकना** (क्रि० स०) (*हिं०*) छिड़कना, भुरभुराना (संज्ञा पु०) (*हिं०*) खड़िया मिट्टी की दावात।

२६८६. **बुरा** (वि०) (*हिं०*) निकृष्ट, मंद, ख़राब, दुष्ट, नीच, अधम, निकम्मा।

२६८७. **बुराई** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) बुरापन, खराबी, खोटापन, नीचता, अवगुण, दोष, निंदा, शिकायत, दुष्टता, अधमता, अधमाई।

२६८८. **बुरादा** (संज्ञा पु०) (*फा०*) कुनाई, चूरा, चूर्ण।

२६८९. **बुर्द** (संज्ञा स्त्री) (*फा०*) ऊपरी लाभ या आमदनी, नफ़ा, शर्त, होड़, बाज़ी।

२६९०. **बुलबुला** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) पानी का बुल्ला, बुदबुदा, बुलका।

२६९१. **बुलाना** (क्रि० स०) पुकारना, आवाज़ देना, झाँक मारना, आह्वान करना, निमंत्रित करना।

२६९२. **बुल्लन** (संज्ञा पु०) (*देशज*) मुख, चेहरा, (संज्ञा पु०) (*हि०*) पानी का बुलबुला।

२६९३. **बुहारना** (क्रि० स०) (*हिं०*) झाड़ना, झाड़ू देना, बुहारी लगाना, साफ़ करना।

२६९४. **बुहारी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) झाड़ू, सोहनी, बढ़नी, बढ़नि ।

२६९५. **बूँद** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) बिंदु, कतरा, टोप, वीर्य, जलकण, जलबिन्दु, छींटा ।

२६९६. **बूँदी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) वृष्टि, वर्षा की बूँद, एक मिठाई ।

२६९७. **बू** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) गंध, वास, महक, बदबू, दुर्गन्ध ।

२६९८. **बूझ** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) समझ, बुद्धि, पहेली, बुझौवल, जान, पहिचान, अक्ल ।

२६९९. **बूझना** (क्रि० स०) (हिं०) समझना, जानना, पूछना, उत्तर निकालना, हृदयङ्गम करना, जानना, पहेली ।

२७००. **बूट** (संज्ञा पु०) (हिं०) पेड़, वृक्ष, पौधा, अन्नविशेष, चणक, चना, (अँ०) जूता ।

२७०१. **बूटा** (संज्ञा पु०) (हिं०) छोटा वृक्ष, पौधा, छोटा बूटा, बेल ।

२७०२. **बूड़ना** (क्रि० स०) (हिं०) डूबना, ग़र्क होना, लीन होना, निमग्न होना, जल में डूबना ।

२७०३. **बूढ़** (वि०) (हिं०) बुड्ढा, (संज्ञा पु०) लाल रंग, वीर-बहूटी ।

२७०४. **बूता** (संज्ञा पु०) (हिं०) सामर्थ्य, शक्ति, बल ।

२७०५. **बूथड़ी** (संज्ञा स्त्री०) (देशज) चेहरा, आकृति, शक्ल, सूरत ।

२७०६. **बूरा** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) साँड, बैल, इन्द्र, मोरपंख ।

२७०७. **बूष** (संज्ञा पु०) (हिं०) शक्कर, चीनी, महीन चूर्ण ।

२७०८. **बृहती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बनभंटा, कटाई, उपरना, उत्तरीय वस्त्र, वाक्य, कंटकारि ।

२७०९. **बृहत्** (वि०) (सं०) बहुत बड़ा, विशाल, भारी, चौड़ा, बहुत विस्तारयुक्त, दृढ़, बलिष्ठ, पर्याप्त, उच्च, ऊँचा ।

२७१०. **बृहत्फल** (संज्ञा पु०) (*सं०*) कुम्हड़ा, कटहल, जामुन, चिचड़ा।

२७११. **बृहत्फली** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) तितलौकी, महेन्द्रवारुणी, कुम्हड़ा, जामुन।

२७१२. **बृहद्बला** (संज्ञा पु०) (*सं०*) महाबला, सफ़ेदलोध, लजालू।

२७१३. **बृहद्भानु** (संज्ञा पु०) (*सं०*) अग्नि, चित्रक, चीतावृक्ष, सूर्य।

२७१४. **बृहद्रथ** (संज्ञा पु०) (*सं०*) इन्द्र, यज्ञपात्र।

२७१५. **बेंच** (संज्ञा स्त्री०) (*अँ०*) न्यायकर्ता, न्यायालय, अदालत, बैठने का तख्त।

२६१६. **बेंड़** (संज्ञा पु०) (*देशज*) नकद रुपया-पैसा, पड़ाव।

२७१६. **बेंड़ा** (वि०) (*हिं०*) आड़ा, तिरछा, कठिन, मुश्किल।

२७१८. **बेंदी** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) टिकली, बिंदी, शून्य, सुन्ना, सिफ़र।

२७१९. **बेअन्त** (क्रि० वि०) (*हिं०*) असीम, बेहद, सीमारहित।

२७२०. **बेइन्साफ़ी** (संज्ञा स्त्री०) (*फ़ा०*) अन्याय, बेइन्साफ़।

२७२१. **बेइज्जत** (वि०) (*फ़ा०*) अप्रतिष्ठित, अपमानित, बेक़दर।

२७२२. **बेईमान** (वि०) (*फ़ा०*) अधर्मी, अविश्वसनीय, धोखेबाज़, कपटी।

२७२३. **बेक़रार** (वि०) (*फ़ा०*) व्याकुल, विकल, बेचैन।

२७२४. **बेकली** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) व्याकुलता, विकलता, बेचैनी, घबराहट।

२७२५. **बेकस** (वि०) (*फ़ा०*) निःसहाय, निराश्रय, ग़रीब, लाचार, मोहताज, दीन, अनाथ, यतीम।

२७२६. **बेकाबू** (वि०) (*फ़ा०*) विवश, लाचार।

२७२७. **बेकार** (वि०) (*फ़ा०*) निठल्ला, निकम्मा, निरर्थक, व्यर्थ, बेरोज़गार, (क्रि० वि०) व्यर्थ, बेफ़ायदा, बिना काम, निष्प्रयोजन।

२७२८. **बेख** (संज्ञा स्त्री०) (*फ़ा०*) जड़, मूल, (संज्ञा पु०) (*हि०*) भेस, स्वरूप, नकल, स्वाँग।

२७२९. **बेखटक** (वि०) (*हिं०*) निस्संकोच, बेधड़क, निर्भय, भय-

शून्य, निडर, निधड़क ।

२७३०. **बेख़बर** (वि०) (फ़ा०) अनजान, नाबालिक, बेहोश, बेसुध ।

२७३१. **बेगम** (संज्ञा स्त्री०) (तुर्की) रानी, राजपत्नी, पत्नी, जोरू ।

२७३२. **बेगरज** (क्रि० वि०) (फ़ा०) व्यर्थ, निष्प्रयोजन, (वि०) बेपरवाह ।

२७३३. **बेगाना** (वि०) (फ़ा०) ग़ैर, दूसरा, पराया, अनजान, नावाकिफ़ ।

२७३४. **बेगि** (क्रि० वि०) (हि०) जल्दी से, चटपट, तुरन्त ।

२७३५. **बेचारा** (वि०) (फ़ा०) ग़रीब, दीन ।

२७३६. **बेचैन** (वि०) (आ०) व्याकुल, विकल ।

२७३७. **बेजा** (वि०) (फ़ा०) अनुचित, नामुनासिब ।

२७३८. **बेजान** (वि०) (फ़ा०) मुरदा, मृतक, निर्बल, कमज़ोर ।

२७३९. **बेजोड़** (वि०) (हिं०) जोड़-रहित, अद्वितीय, निरूपम ।

२७४०. **बेटा** (संज्ञा पु०) (हिं०) पुत्र, सुत, लड़का, छोकरा ।

२७४१. **बेटी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पुत्री, लड़की, कन्या, बिटिया, तनया, दुहिता ।

२७४२. **बेड** (संज्ञा पु०) (अँ०) नीचे का भाग, तला, बिस्तर, बिछौना ।

२७४३. **बेड़ा** (संज्ञा पु०) (हि०) नाव, झुंड, समूह, घरनई, चौवड़ा, खटला, (वि०) कठिन, विकट, मुश्किल ।

२७४४. **बेड़ी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छोटी नाव, नौका, छोटा वेड़ा, बन्धन सूत्र, पैकड़ी, पाँव की जंजीर ।

२७४५. **बेडौल** (वि०) (हिं०) कुरूप, भद्दा, बेढंगा, बदशक्ल ।

२७४६. **बेढंग, बेढंगा** (वि०) (हि०) बेतरतीब, कुरूप, भद्दा ।

२७४७. **बेढब** (क्रि० वि०) (हिं०) अनुचित रूप से, बेतरह, (वि०) (हिं०) बेढंगा, भद्दा, बीहड़ ।

२७४८. **बेतकल्लुफ़ी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) सरलता, सादगी ।

२७४९. **बेतहाशा** (क्रि० वि०) (फ़ा०) बहुत तेज़ी से, शीघ्रता से, बहुत घबराकर, बिना सोचे-समझे।

२७५०. **बेताब** (वि०) (फ़ा०) अशक्त, दुर्बल, विकल, व्याकुल।

२७५१. **बेताल** (संज्ञा पु०) (हिं०) भाट, बन्दी।

२७५२. **बेतुका** (वि०) (हिं०) बेमेल, बेढंगा।

२७५३. **बेदम** (वि०) (फ़ा०) मृतक, निर्जीव, मृतप्राय, अधमरा, जर्जर, बादा, बिना दम का, थका हुआ।

२७५४. **बेदर्द** (वि०) (फ़ा०) कठोर हृदय, निर्दय।

२७५५. **बेदाग़** (वि०) (फ़ा०) साफ़, बिना ऐब का, निर्दोष, शुद्ध, पवित्र, निरपराध, बेकसूर।

२७५६. **बेधड़क** (क्रि० वि०) (हिं०) संकोच-रहित, निःसंकोच, आशंका-रहित, भय-रहित, बेख़ौफ़, निडर होकर, निर्द्वन्द्व, निडर, निर्भय।

२७५७. **बेन** (संज्ञा पु०) (हिं०) वंशी, मुरली, बाँसुरी, वेणु, बाँस, (संज्ञा पु०) (अ०) वायु, हवा।

२७५८. **बेना** (संज्ञा पु०) (हिं०) ख़स, उशीर, बाँस, पंखा

२७५९. **बेनागा** (वि०) (फ़ा०) निरन्तर, लगातार, नित्य।

२७६०. **बेनु** (संज्ञा पु०) (हिं०) वेणु, मुरली, वंशी, बाँस।

२७६१. **बेपरद** (वि०) (फ़ा०) अनावृत, नंगा, नग्न।

२७६२. **बेपरवा, बेपरवाह** (वि०) (फ़ा०) बेफ़िक्र, परम उदार, मनमौजी।

२७६३. **बेपरदी** (वि०) (हिं०) निर्दय, बेरहम।

२७६४. **बेबस** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पराधीन, परवश।

२७६५. **बेर** (संज्ञा पु०) (हिं०) बदरी वृक्ष, बदरी फल, (संज्ञा स्त्री०) बार, दफ़ा, विलम्ब, देर, बेला।

२७६६. **बेरा** (संज्ञा पु०) (हिं०) समय, बेला, तड़के, भोर, कच्चा कुआँ।

२७६७. **बेल** (संज्ञा पु०) (हिं०) बिल्व फल, महाफल, (संज्ञा स्त्री०)

लता, बल्ली, संतान, वंश, डाँड़ ।

२७६८. **बेलना** (क्रिया) (*हिं०*) फैलाना, बढ़ाना, रोटी पीटना ।

२७६९. **बेला** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) लहर, कटोरा, किनारा, समय, पुष्प विशेष ।

२७७०. **बेली** (संज्ञा पु०) (*हि०*) साथी, संगी, मित्र, दोस्त ।

२७७१. **बेलौस** (वि०) (*हिं०*) सच्चा, खरा, बेमुरव्वत, स्पष्ट वक्ता ।

२७७२. **बेवकूफ़** (वि०) (*फ़ा०*) मूर्ख, नासमझ, निर्बुद्धि, अनाड़ी, अज्ञानी ।

२७७३. **बेवफ़ा** (वि०) (*फ़ा०*) दुःशील, बेमुरव्वत, कृतघ्न, अकृतज्ञ ।

२७७४. **बेशरम** (वि०) (*फ़ा०*) निर्लज्ज, बेहया ।

२७७५. **बेशुमार** (वि०) (*फ़ा०*) अगणित, असंख्य, अनगिनत ।

२७७६. **बेहतर** (वि०) (*फ़ा०*) ठीक, अच्छा ।

२७७७. **बेहद** (वि०) (*फ़ा०*) असीम, अपरिमित, अपार, बहुत अधिक ।

२७७८. **बेहन** (संज्ञा पु०) (*हि०*) बीज, (वि०) पीला, ज़र्द ।

२७७९. **बेहर** (वि०) (*देशज*) अलग, पृथक्, स्थावर, अचर, (संज्ञा पु०) बावली, वापी ।

२७८०. **बेहरा** (संज्ञा पु०) (*देशज*) एक घास, चिपटी पेटारी, (वि०) अलग, पृथक्, जुदा ।

२७८१. **बेहाल** (वि०) (*फ़ा०*) व्याकुल, विकल, बेचैनी ।

२७८२. **बेहूदा** (वि०) (*फ़ा०*) अशिष्ट, असभ्य ।

२७८३. **बेहोश** (वि०) (*फ़ा०*) मूर्च्छित, बेसुध, अचेतन, चेतना-रहित ।

२७८४. **बैठक** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) आसन, चौपाल, आधार, जमावड़ा, जमाव, संग, मेल ।

२७८५. **बैठना** (क्रि०) (*हिं०*) स्थित होना, आसन जमाना, आसीन होना, अभ्यस्त होना, पिचक जाना, लागत लगना, ख़र्च होना, अस्त होना,

बेरोज़गार रहना, निरुद्योग रहना, उपविष्ट होना, उपवेशन करना, काम-धन्धा बिगड़ना ।

२७८६. **बैठाना** (क्रि०) (*हि०*) स्थिर रहना, उपविष्ट करना, ठीक जमाना, धँसाना, डुबाना, स्थापन करना, नियत करना ।

२७८७. **बैतड़ा** (वि०) (*हिं०*) आवारा, लुच्चा, शोहदा ।

२७८८. **बैर** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) शत्रुता, दुश्मनी, अदावत, वैमनस्य, दुर्भाव, वैर, द्वेष, विद्वेष, विरोध, प्रतिद्विन्द्विता ।

२७८९. **बैरी** (वि०) (*हिं०*) शत्रु, द्वेषी, दुश्मन, विरोधी, प्रतिद्वन्द्वी ।

२७९०. **बैलून** (संज्ञा पु०) (*अँ०*) गुब्बारा ।

२७९१. **बैस** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) आयु, उम्र, यौवन, जवानी, वयस, अवस्था, उमर, वैश्य ।

२७९२. **बैहर** (वि०) (*हिं०*) भयानक, क्रोधी, (संज्ञा स्त्री०) वायु, हवा ।

२७९३. **बोझ** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) ढेर, भार, भारीपन, गुरुत्व, वजन, उत्तरदायित्व ।

२७९४. **बोट** (संज्ञा स्त्री०) (*अँ०*) नाव, नौका, छोटी नाव ।

२७९५. **बोदा** (वि०) (*हिं०*) मूर्ख, गावदी, सुस्त, मट्ठर, फुसफुसा, अदृढ़, निर्मल, अशक्त, निर्जीव, असमर्थ, नासमझ, मूर्ख ।

२७९६. **बोध** (संज्ञा पु०) (*सं०*) ज्ञान, जानकारी, धीरज, सन्तोष, तसल्ली, समझ, बुद्धि, विवेक, मति ।

२७९७. **बोधन** (संज्ञा पु०) (*सं०*) जताना, बोध कराना, सूचित करना, जगाना, प्रज्वलित करना, दीपदान, मन्त्र जगाना ।

२७९८. **बोबला** (संज्ञा पु०) (*देशज*) रेत, बालू, बाजरे का भूसा ।

२७९९. **बोबा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) स्तन, थन, गट्ठर, गठरी, गाँठ, माल, सम्पत्ति ।

२८००. **बोय** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) गन्ध, बास, सुगन्ध ।

२८०१. **बोरना** (क्रि०सं०) (*हिं०*) डुबाना, भिगोना, कलंकित करना,

योग देना, रंगना ।

२८०२. **बोल** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वचन, वाणी, ताना, व्यंग्य, प्रतिज्ञा, कथन, वादा, वाद्य-शब्द, गीत का शब्द, अदद, संख्या ।

२८०३. **बोलता** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) आत्मा, जीवनतत्व, प्राण, मनुष्य, हुक्का, फ़क़ीर, (वि०) वाचाल, वाक्पटु ।

२८०४. **बोली** (संज्ञा स्त्री०) (*हि०*) वाणी, अर्थयुक्त शब्द, सार्थक बात, भाषा, बात, नीलामी की भाषा ।

२८०५. **बौंड़ी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) फली, छीमी, दमड़ी, छदाम ।

२८०६. **बौरई** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) पागलपन, सनक ।

२८०७. **बौरहा** (वि०) (*हिं०*) पागल, विक्षिप्त, बावला, उन्मत्त, सिड़ी ।

२८०८. **बौरा** (वि०) (*हिं०*) बावला, पागल, विक्षिप्त, भोला, नादान, गूँगा ।

२८०९. **बौराह** (वि०) (*हिं०*) बावला, पागल, सनकी, उन्मत्त ।

२८१०. **ब्यापना** (क्रि०) (*हि०*) व्याप्त होना, फैलना, प्रभाव दिखाना, घेरना, ग्रसना ।

२८११. **ब्याली** (सज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) सर्पिणी, साँपिन, नागिन ।

२८१२. **ब्योंची** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) युक्ति, उपाय, व्यवस्था, ढब, ढंग, तरीका, आयोजन, उपक्रम, अवसर, संयोग, प्रबन्ध, व्यवस्था, समाई, उलटी, वमन, कै ।

२८१३. **ब्योरा** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) वृत्त, विवरण, वृत्तान्त, समाचार, (अँ०) रिपोर्ट ।

२८१४. **ब्रध्न** (संज्ञा पु०) (*सं०*) सूर्य, वृक्षमूल, जड़, विवश, मदार का पौधा, सीसा, जस्ता, घोड़ा, शिव, एक रोग ।

२८१५. **ब्रह्म** (संज्ञा पु०) (*सं०*) ईश्वर, परमात्मा, आत्मा, चैतन्य, ब्राह्मण, ब्रह्मा, ब्रह्मराक्षस, वेद, एक की संख्या, तप, तपस्या ।

२८१६. **ब्रह्मकृत** (संज्ञा पु०) (*सं०*) विष्णु, शिव, इन्द्र ।

२८१७. **ब्रह्मगति** (संज्ञा पु०) (*सं०*) मुक्ति, निर्माण, मोक्ष, नजात ।

२८१८. **ब्रह्मचारिणी** (संज्ञा स्त्री०) ब्रह्मचर्यधारिणी, दुर्गा, पार्वती, सरस्वती, भारंगीबूटी ।

२८१९. **ब्रह्मपद** (संज्ञा पु०) ब्रह्मत्व, ब्राह्मणत्व, मोक्ष, मुक्ति ।

मध्यवर्ग—मिडिल क्लास के लोग, जो सामन्तवादी अर्थ-व्यवस्था में नौकरी या दलाली द्वारा गुज़ारा कर हैं। मार्क्सवादी इसे सबसे अधिक घृणा की दृष्टि से देखता है

मनोविकार—मन के रोग, मानसिक परिवर्तन

मनोविश्लेषण—मानस के विभिन्न अंशों की विस्तृत व्याख्या—फ्रायड, जुंग और एडलर इसके मुख्य आचार्य माने जाते हैं, मनोविश्लेषण का संसार के साहित्य तथा आलोचना पर गहरा प्रभाव पड़ा है

मरसिया—शोकगीत, एलेजी (अं०)

मराठी—महाराष्ट्र की भाषा

मर्यादापुरुषोत्तम—राम

मलयालम—द्रविड गोत्र की वह भाषा जो मलाबार (केरल) में बोली जाती है

मसनवी—कथा काव्य की एक शैली जिसमें शेरों की संख्या तथा भावों का कोई बंधन नहीं होता। जायसी का पद्मावत इसी शैली में लिखा गया है

महाकाव्य—पद्य में विस्तृत कथात्मक काव्य जिसमें जीवन के विविध अंगों और समाज का चित्रण हो, कथानक उदात्त व्यक्ति के चरित्र से संबद्ध हो और अवान्तर कथाएं भी हों, साथ ही देश-काल की झलक हो—रामायण, महाभारत, पृथ्वीराज - रासो, रामचरितमानस, पद्मावत, प्रियप्रवास कामायनी, साकेत, कृष्णायन आदि महाकाव्य हैं

महायान—बुद्ध धर्म की पूर्वी शाखा,
मात्रा—परिमाण, ग्रोषधि की खूराक छन्द शास्त्र में ध्वनि के उच्चारण की इकाई—मत्ता, मत्त, कला भी इसी के नाम हैं—मात्रा के दो भेद गुरु ग्रौर लघु
माधुर्य—एक काव्य गुण
मानवीकरण—ग्रमानव में मानव गुण का ग्रारोप, जैसे 'संध्या-सुन्दरी'
मानस—मन
मारिफ़त—ईश्वरीय, ईश्वरभक्ति में भक्त की दास्य ग्रवस्था
मार्क्सवाद—द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, मार्क्स का पदार्थवाद जिसमें पदार्थ को प्रधान माना गया है ग्रौर प्रत्यय (चेतना) को पदार्थ से उत्पन्न
मालिनी—न न म य य—१५ वर्णों का छन्द
मालोपमा—जहां एक उपमेय के ग्रनेक उपमान हों (ग्रर्थालंकार)
माहिया—पंजाबी का विरह-पूर्ण लोक गीत
मिश्रवस्तु—नाटक में प्रख्यात के साथ उत्पाद्य कथावस्तु का मिश्रण
मिसरा (उ०)—छन्द का एक चरण
मीमांसा—गवेषणा, तर्कपूर्ण विचार, मीमांसा एक दर्शनशास्त्र भी है
मीलित—उपमेय उपमान का गुणों की एकता के कारण परस्पर मिलकर पृथक न दिखाई देना 'जुवति जोन्ह में मिलि गई'
मुकरी—कहमुकरनी, पहेली का एक प्रकार
मुक्तक काव्य—प्रबन्ध काव्य के विपरीत जिस काव्य का प्रत्येक पद्य स्वतन्त्र हो, उसमें पूर्वापर प्रसंग न हो
मुग्धा—जिस नायिका के शरीर में नवयौवन का प्रथम संचार हुग्रा हो
मुद्रा—मोहर, ग्रंगूठी, हठयोग की मुद्रा, एक ग्रर्थालंकार
मुरली—श्याम की बंसरी
मूलकथावस्तु—मुख्य (ग्राधिकारिक) कथावस्तु
मूलप्रवृत्तियाँ—ग्रादिम वृत्तियां, इंस्टिक्ट्स (अं०)
मूलाधार—हठयोग में पहला चक्र
मूषक—चंचल मन का प्रतीक
मेंढक—उछलकूद करने वाला मन
मैथिलकोकिल—कवि विद्यापति
मैथिली—मिथिला-दरभंगा की बोली
मैथुन—संभोगक्रिया

मोह—सांसारिक वस्तुओं या व्यक्तियों की ममता, एक संचारी भाव जिसमें बेहोशी आ जाती है

मोहन—प्राणप्रिय, श्याम

यथार्थवाद—आदर्शवाद के विपरात वस्तु को उसके हूबहू रूप में देखना और वर्णन करना, यह वाद कल्पना की उड़ानों के विरुद्ध है

यमक—(शव्दालंकार) जहाँ भिन्न आकार वाले दो ऐसे शब्द हों जो एकार्थक प्रतीत हों पर दोनों का अर्थ भिन्न-भिन्न हो

युक्ति—योग की युक्ति, एक अर्थालंकार, प्रियमिलन की युक्ति (उपाय)

योग—चित्तवृत्ति का निरोध, प्रियतम से संयोग,

योगमाया—विष्णु की माया भगवती जिसने संसार को सम्मोहित कर रखा है

योगी—योगाभ्यासी, नाथ संप्रदाय का कनफटा साधु

यौनवर्जना—काम-उपभोग में किसी तरह की मनाही

यौनविकृति—कामसंबन्धी अस्वाभाविक अवस्था

रंगमंच—स्टेज (अं०)

रचना—साहित्य की किसी विधा की कृति—कविता, काव्य, महाकाव्य, नाटक आदि

रचनात्मक—कर्तृत्वशक्ति वाला

रति—प्रेम, अनुरक्ति, शृंगार रस का स्थायीभाव

रस—विभाव अनुभाव संचारी भावों के योग से उत्पन्न ब्रह्मानन्द सहोदर आनन्द जो काव्य के अध्ययन दर्शन आदि से मिलता है। शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत, शान्त ये नव रस माने गये हैं। कुछ विद्वान् वात्सल्य को भी मानते हैं

रसराज—शृंगाररस

रससंप्रदाय—रसवाद

रसाभास—जहां उचित स्थान पर रस की योजना न हो

रसाभिव्यक्ति—रसनिष्पत्ति

रसिया—रसिक श्याम या कृष्ण, ध्रुपद घराने का एक संगीत

रहस्यवाद—जीवात्मा की उस प्रवृत्ति का काव्यमय प्रकाशन जो उसमें परमात्मा से मिलन की उत्कंठा के कारण रहती है

राजस्थानी—राजस्थान की भाषा

राधावल्लभी संप्रदाय—गोसाईं हित-हरिवंश का चलाया कृष्णभक्ति का एक पंथ

राम—दशरथ सुत, ईश्वर

राम कथा—रामचन्द्र की कथा

राम कहानी—अपनी कहानी, आत्म-कथा

राम काव्य—वाल्मीकि की रामायण से लेकर आज के साकेत काव्य तक का सारा रामचरिताश्रित काव्य

राष्ट्रीय गीत — राष्ट्रगीत, नेशनल सौंग (अं०)

राष्ट्रीयकविता—देशभक्ति की कविता

रास—रासलीला

रासधारी—रास रचाने वाले

रासो—वह काव्य जिसमें राजा की शोभा का वर्णन हो, यह शब्द राज-सूय, रसायन या रहस्य से बना है

रिव्यू—(अं०) पत्र-पत्रिकाओं में की गई पुस्तकों की समीक्षा

रीति—ढंग, काव्य-शैली, वृत्ति, काव्यशास्त्र संबन्धी सब नियम

रीतिकाल—संवत् १७०० से १६०० तक का हिंदी साहित्य का समय

रूपक—एक अलंकार, जहां उपमेय को उपमान का रूप दिया जाता है, जैसे—मुखचंद्र

रूपक कथा-काव्य—एलेगरी (अं०), जहां काव्य में पात्र किन्हीं भावों के प्रतीक रूप में आते हैं

रूपगर्विता — (नायिका) जिसे अपनी सुन्दरता का बहुत अभि-मान हो

रूह—(फा०) आत्मा

रेखता—ऐसी कविता जिसमें फ़ारसी और हिन्दी का मिश्रण हो, ऐसी बोली जिसमें हिन्दवी और फ़ारसी का मिश्रण हो (बाद में इसके लिए उर्दू शब्द प्रसिद्ध हो गया)

रोपनी—वर्षा में धान बीजने के समय के गीत

रोमांच—रोंगटे खड़े होना, एक सात्विक अनुभाव

रोमांटिसिज़्म—स्वच्छन्दता-वाद, यह क्लासिसिज़्म के विरुद्ध होता है, इसमें पुरानी रूढियों को नहीं स्वीकार किया जाता

रोला—प्रसिद्ध मात्रिक छन्द, इसमें २४ मात्रा और ११, १३ पर यति होती है

रौद्र—एक रस जिसका स्थायी भाव क्रोध है

लक्षक—वह शब्द जिसका अर्थ लक्षणा शक्ति से जाना जाए

लक्षिता—वह नायिका जिसका पर-पुरुष से प्रेम प्रकट हो जाए

लघु उपन्यास—नावेलेट (अं०)

लघु कथा—आख्यायिका, गल्प

लय—ताल (द्रुत, मध्यम और विलंबित)

ललित कला—फाइन आर्ट (अं०)

लाटानुप्रास—शब्द या वाक्य की आवृत्ति—शब्दों के अर्थ भी एक—परन्तु अन्वय करने पर तात्पर्य में भेद

लावनी—एक छन्द, संगीत में एक उपराग, लावनी बाजों के दंगल होते हैं

लिटरेचर (अं०)—साहित्य

लीला—भगवान् की अपार लीला

लेख—निबंध

लेश—अंश

लोक—तीन लोक, लोग, जनता, ग्राम जनता

लोकगीत—जन साधारण के गीत

लोकयात्रा—निर्वाह, आजीविका, संसार यात्रा (जीवन)

लोकपरम्परा—लोकरूढि, पुराने चले आए रीति-रिवाज

लोकमानस—जनमानस

लोरी—शिशुओं को सुलाने के समय गुनगुनाये जाने वाले गीत

लौ—लिव, लगन, चाह, चित्तवृत्ति

लौकिक छन्द—जिन छन्दों का प्रयोग वेदों में नहीं हुआ

वक्रता—कविता शैली में विदग्धता और चारुता

वक्रोक्ति—शब्दालंकार, जहां श्रोता कंठ-ध्वनि विकार से या श्लेष से वक्ता के अर्थ से भिन्न अर्थ ग्रहण करे

वज्रयान—बौद्धधर्म का एक तान्त्रिक रूप

वटगमनी—एक प्रकार के मैथिली लोकगीत

वर्गयुद्ध—वर्ग-संघर्ष

वर्गहीन समाज—साम्यवादी समाज

वर्ण—रंग, अक्षर

वर्णवृत्त—जिन छन्दों में वर्णों की गणना और गुरु लघु आदि का नियम हो

वसंततिलका—(छन्द) जहां 'त भ ज ज ग ग, हों

वस्तुसत्य—यथार्थ

वाङ्मय—साहित्य

वाचक—पाठक

वात्सल्य—दसवाँ रस

वाममार्ग—तान्त्रिक मत के दक्षिणाचार के विपरीत संप्रदाय जिसमें मद्य, माँस, मीन, मुद्रा और मैथुन ये पाँच साधन माने जाते थे, इनमें भैरवी चक्र होते थे, जिनमें मनमाना व्यभिचार होता था।

वासकसज्जा—(नायिका) प्रियमिलन के निश्चय से शरीर तथा सेज सजाने वाली नायिका।

विकल्प—यह करूँ या वह, इस तरह की दुविधा, एक अर्थालंकार—'शिवा को सराहूँ कै सराहूँ छत्रसाल को'।

विकासवाद—लामार्क डारविन आदि द्वारा स्थापित सिद्धान्त।

विघटन—संघटन का विपरीत, इकाइयों को अलग-अलग करना।

विचार—बुद्धि के तर्क-वितर्क।

विदूषक—नायक का हँसोड़ सहायक

विनोक्ति—(अर्थालंकार) जहाँ 'विना' शब्द के द्वारा चमत्कार लाया गया हो।

विप्रलंभ—वियोग शृंगार।

विबोध—एक संचारी भाव।

विभव—वैभव, अवतार।

विभ्रम—अप्रस्तुत व्यक्तियों या पदार्थों को देखना (वहम)।

विरेचक सिद्धान्त—अरिस्टॉटल का चलाया सिद्धान्त—इसमें बताया गया कि दुःखान्त से आनन्द इस कारण मिलता है कि उससे हमारा शोक बाहर बह निकलता है और हृदय स्वच्छ हो जाता है।

विरोधाभास—(अर्थालंकार) जहाँ विरोध-सा प्रतीत होता हो, पर वास्तव में विरोध न हो।

विवेचना—गुण-दोष या स्वरूप की छानबीन।

विशिष्टाद्वैतवाद—कारण ब्रह्म और कार्य ब्रह्म की एकता का सिद्धान्त, रामानुज इसके प्रवर्तक और रामानन्द उत्तर भारत में प्रचारक थे।

विश्लेषण—किसी रचना के आन्तरिक तत्त्वों को पृथक्-पृथक् करके समझाना।

विषयप्रधान काव्य—जिस काव्य में जगत् का वर्णन मुख्य हो।

विषयिप्रधान काव्य—जिसमें कवि का स्वात्म मुख्य हो

विष्कंभ—दो अंकों के बीच में आने

वाला नाटक का अंश, जिसमें हो चुके या आगे होने वाले कथांश को बताया जाता है।

विस्मय—अद्भुत रस का स्थायी भाव, रहस्यवाद की पहली स्थिति।

वीथी—गली, पंक्ति, रूपक का एक भेद जिसमें दो या एक ही पात्र हो।

वीप्सा—भय, घृणा, हर्ष आदि को प्रकट करने के लिए जहाँ शब्द की द्विरुक्ति हो।

वीर—आल्हा छंद।

वीर काव्य—योद्धाओं के यशोगान का काव्य।

वीर पूजा—वीर या आदर्श व्यक्ति की पूजा।

वीर रस—उत्साह इसका स्थायी भाव है

वेदान्त–वेदसार, उपनिषद्, अद्वैतवाद।

वैदर्भी—प्रथम काव्य रीति।

वैदिक—वेद-सम्बन्धी।

व्यंजना शक्ति—अकथित अर्थ को बताने वाली सबसे उत्तम शब्द शक्ति।

व्यक्तिवाद—इंडिविजुअलिज़्म, अपने 'मैं' को ही केन्द्र मानकर हर एक बात को सोचना और हर एक काम को करना।

व्यतिरेक—(अलंकार) जहाँ उपमेय का उपमान से या उपमान का उपमेय से उत्कर्ष कहा जाए।

व्याघात—बाधा, एक अर्थालंकार।

व्याजस्तुति या व्याजनिन्दा—(अर्थालंकार) जहाँ स्तुति के बहाने निन्दा या निन्दा के बहाने स्तुति की जाये।

व्याधि—रोग, एक संचारी भाव, शारीरिक ताप या मनःसंताप।

व्यायोग—रूपक का एक भेद, जिसमें स्त्री पात्र कम; पुरुष अधिक हों, एक ही अंक हो।

व्याहतत्व—एक अर्थदोष, पहले किसी का उत्कर्ष या अपकर्ष दिखाकर फिर उसके विपरीत कथन।

व्रीडा—लज्जा, लज्जा संचारीभाव।

शंका—एक संचारीभाव, दूसरे की कठोरता या अपनी त्रुटि से अपने अनिष्ट की आशंका।

शकार—राजा का साला (नाटकों में एक मूर्ख पात्र)।

शक्ति—संस्कार रूप से वर्तमान काव्य-रचना की शक्ति।

शठ—जो नायक किसी अन्य नायिका में अनुराग रखे; परन्तु सामने

उपस्थित नायिका में झूठमूठ अनुराग दिखाये ।

शतक—मुक्तक सौ पद्यों का संग्रह ।

शबरी—भीलनी ।

शब्ददोष—पदांशगत, पदगत और वाक्यगत तीन प्रकार के शब्द दोष होते हैं ।

शब्दशक्ति—शब्द के अर्थ का बोध कराने वाला व्यापार ।

शब्दालंकार—जहाँ काव्य में संगीत के आधार पर शब्द चमत्कार हो ।

शरीरवाद—अति यथार्थवाद का वह रूप जिसमें शील परम्परा का पालन अवांछनीय समझा जाता है ।

शान्त—काव्य का नौवाँ रस, इसका स्थायीभाव शम, तप आदि ; विभाव काम क्रोध आदि का अभाव, और मति आदि संचारी भाव हैं ।

शाक्तमत—शक्ति की उपासना करने वालों का पंथ ।

शार्दूलविक्रीडित— (वार्णिक छन्द) म, स, ज, स, त, त, ग और १२, ७ वर्णों पर यति ।

शालिनी—(वर्ण वृत्त) म त त ग ग

शास्त्रीयवाद—पुराने शास्त्रों के नियमों का कठोरता से पालन करते हुए कविता करना ।

शिक्षा—सखी की सीख (मान मनौती आदि) ।

शिखरिणी—(वर्णवृत्त) य म न स भ ल ग ।

शिल्पक—(उपरूपक) चार अंक, चार वृत्तियाँ, शान्त और हास्य के सिवा अन्य सब रस होते हैं ।

शिष्य—काव्य शास्त्र का अधिकारी व्यक्ति ।

शुक्लाभिसारिका—(नायिका भेद) चाँदनी रात में अभिसार करने वाली नायिका ।

शुद्धतावाद—प्योरिज़म या प्यूरिटनिज़म

शुद्धाद्वैतवाद—वल्लभाचार्य का अद्वैत संबन्धी मत, इसमें ब्रह्म को माया संबन्ध से रहित अतः शुद्ध माना जाता है ।

शून्य—विष्णु के सहस्रनामों में से एक नाम, वेदान्त में ब्रह्म का एक वाचक ।

शून्यवाद—बौद्धमत के महायान का दार्शनिक सम्प्रदाय ।

शृंगारकाल—हिन्दी साहित्य का रीति काल (संवत् १७०० से

१६०० तक)।

शृंगाररस—रसराज, काव्य और नाटक का प्रथम रस, रति इसका स्थायी भाव है।

शृगाल—ज्ञानवान् मन का प्रतीक 'उलटि सियार सिंह को खायो'—कबीर।

शेर—उर्दू कविता का कोई एक छंद बहुवचन 'अशआर'।

शैली—रीति, काव्य की पद-रचना का विशेष ढंग, स्टाइल (अँ०)

शैवमत—शिव के उपासकों का पंथ

शैवागम—शैव, पाशुपत, कालायन और कापालिक, इन चार मतों के ग्रन्थ, इनकी सं० २०० है।

शोक—करुण रस का स्थायीभाव।

शोभा—अयत्नज अलंकार।

श्रम—तेंतीस में से एक संचारीभाव। रति (संभोग) या मार्ग चलने आदि से होने वाला खेद।

श्रव्यकाव्य—जिस काव्य में कवि स्वयं कथा का वर्णन करे, दृश्य के विपरीत।

श्रव्य नाटक—रेडियो नाटक का एक प्रकार।

श्रावकयान—हीनयान का ही एक अच्छा नाम।

श्रुतिकटु—पददोष, कर्ण कटु शब्दों का प्रयोग।

श्रुत्यनुप्रास — (शब्दालंकार) कण्ठ-तालु आदि से किसी एक ही स्थान से उच्चारण किये जाने वाले शब्दों की आवृत्ति।

श्रणीसाहित्य—समाज के किसी एक वर्ग का साहित्य।

श्लेष—जहाँ एक शब्द के कई अर्थ निकलें और वे अर्थ अभिलषित हों।

श्लेषवक्रोक्ति— (एक शब्दालंकार) जहाँ श्लेष के कारण वक्रोक्ति अलंकार हो।

श्लोक—यश, संस्कृत का कोई पद्य।

षड्दर्शन—न्याय, सांख्य, योग, वैशेषिक, पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा।

षोडशोपचार — मूर्ति-पूजा के सोलह विधान।

संकटकाल—व्यक्ति के जीवन में जब नीति-अनीति और जीवन-मरण में से एक को चुनने का समय आ जाये, साहित्य-समीक्षा में पूँजीवाद के कारण संस्कृति की अवनति का काल।

संकर—जब एक पद में नीरक्षीर न्याय से एक से अधिक अलंकार

मिले हुए हों, इसके तीन भेद हैं। अंगांगिभाव संकर, एकवाचकानुप्रवेश संकर, सन्देहसंकर।

संक्रमण—ऐसा परिवर्तन, जिसमें पुराने का भी अंश रहता है और नया भी आता है

संक्रमणकाल—जब साहित्य नया रूप धारण कर रहा होता है, वह समय।

संख्यासंकेत—छंद शास्त्र में वर्णसंख्या के स्थान पर प्रयोग में आने वाले शब्द, जैसे भुज नेत्र पक्ष, ये दो की संख्या के सूचक हैं।

संगति—सामंजज्य, विरोध का अभाव, सौन्दर्य बोध की तृप्ति

संगीत—ध्वनि या नाद से आनन्द देने वाली कला, गीत या वाद्य की कला।

संगीतरूपक—गीतों की प्रधानता वाला एक रेडियो रूपक।

संघर्ष—पश्चिमी नाट्यशास्त्रों के अनुसार नाटक की वह स्थिति जिनमें विरोधी शक्तियों का अंतिम बार संघर्ष होता है।

संचारीभाव—निर्वेद, ग्लानि आदि ३३ संचरण करनेवाले भाव, संचारीभाव को व्यभिचारीभाव भी कहते हैं।

संतमत—साधु, महात्मा, निर्गुणमत के प्रवर्तक कबीर आदि का चलाया मार्ग।

सन्तुलन—सामंजस्य, संगति, बैलेंस (अँ०)

संदर्भसाहित्य—वह साहित्य जिसमें सामान्यतया साहित्य में आई गूढ़ बातों का स्पष्टीकरण हो।

संदेशकाव्य—विरह सन्देश की कविता का काव्य, इसमें भावानुभूति की तल्लीनता होती है।

संदेहवाद—वह वाद है जिसमें किसी भी प्रकार के विश्वसनीय ज्ञान को असम्भव माना जाए।

संधि—व्याकरण में अक्षरों के मेल से होने वाला विकार, रूपक (दृश्य काव्य) में प्रकृति और अवस्था का मेल।

संबोधन गीति—गीति-काव्य का वह रूप जिसमें प्रेमी या प्रेमिका को संबोधन करके हृदय के भावों के उद्‌गार कहे गये हों।

संभोग शृंगार—जहाँ प्रेमी प्रेमिका दर्शन, स्पर्शन, संभाषण या शरीर सम्बध से आनन्द उपलब्ध करें, ऐसा काव्य-प्रसंग (इसे संयोग

शृंगार) भी कहते हैं।

संवेदना—ज्ञानेन्द्रियों की अनुभूति।

संश्लेष–विश्लेषण का विपरीत शब्द।

संसृष्टि—एक पद्य या वाक्य में एक से अधिक शब्दालंकारों या अर्थालंकारों का तिल-तण्डुल न्याय से मिलना।

संस्कृत—आर्य परिवार की एक प्राचीन भाषा, दो रूप—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत।

संस्कृत साहित्य या वाङ्मय—वेदों से लेकर आज तक संस्कृत भाषा में लिखे गये ग्रन्थ।

संस्कृति—सामाजिक परम्परा से प्राप्त संस्कार और व्यवहार, कल्चर (अँ०), पाश्चात्य संस्कृति या पश्चिमी संस्कृति=यूरोपीय संस्कृति।

संस्मरण—आत्मचरित का वह रूप जिसमें किसी अन्य के चरित्र को प्रधानता देकर उसकी विगत बातों का उल्लेख हो।

सकामभक्ति—कामना सहित प्रभु-भजन, ध्यान आदि करना।

सखी—गोपी, राधा, नायिका की सहचरी।

सखी भाव—गोपी के रूप में भक्त द्वारा उपासना।

सखी संप्रदाय—निम्बार्कमत की एक शाखा, इस की संस्थापना स्वामी हरिदास ने की थी, इस में भक्त सखी की वेशभूषा धारण कर लेते थे।

सगुण धारा—हिन्दी साहित्य के भक्ति काल की एक विशेष शाखा।

सगुण संप्रदाय—वे सब संप्रदाय जो साकार की उपासना को स्वीकार करते हैं।

सट्टक—उपरूपक का वह भेद जिसमें अद्भुत रस प्रधान हो और प्रवेशक, विष्कंभक आदि का अभाव हो।

सतनामी संप्रदाय—एक भक्त पंथ जिसके अनुयायी आपस में मिलने पर 'सत्तनाम' कहते हैं।

सतसई—सात सौ मुक्तक पद्यों की एक ही कवि की रचना।

सत्याग्रह—गाँधी जी का प्रचारित शब्द जिस में सत्य के आग्रह के लिए कोई व्यक्ति विरोधी के हाथों कष्ट सहन करता है, पर उसे सत्य पर चलाने का प्रयत्न नहीं छोड़ता, अहिंसा इसका मुख्य अंग है।

सबद—शब्द, आदेश उपदेश के पद।

समता—सामंजस्य।

समदाउनि—मिथिला में बेटी की विदाई में गाया जाने वाला गीत।

समरस—शिव शक्ति का तादात्म्य, आनन्द बोध के समय गायक, गान और गेय का अभेद, रसानुभूति की स्थिति।

समवकार—(रूपक का एक भेद) इस में कई नायक होते हैं।

समवेतगान—सामूहिक गान।

समष्टिवाद—व्यक्तिवाद का विपरीत शब्द, कलैक्टिविज़्म (अँ०)।

समाजवाद—सोशलिज़्म (अँ०)।

समाधि—एक अलंकार जहाँ काक-तालीय न्याय से किसी अर्थ की सिद्धि हो जाए।

समालोचना–किसी साहित्यिक रचना की परख करके उसके विषय में अपनी सम्मति देना।

समासोक्ति—(अर्थालंकार) जहाँ समान विशेषण की सामर्थ्य से प्रकृत के कथन द्वारा अप्रकृत का कथन किया जाए।

समाहारवाद—परस्पर विरोधी तत्वों, मतों या संप्रदायों का समन्वय करना।

समीक्षा—अच्छी तरह देख और जाँच कर किसी वस्तु अथवा साहित्य की रचना की विवेचना, आलो-चना आदि करना।

समूह गीत—सामूहिक गान, कोरस़ (अँ०)

समूहवाद—एक तरह की समष्टि-वादी विचारधारा।

सरमाया—पूँजी।

सरमायादार—पूँजीवादी, पूँजीपति।

सरस साहित्य—ललित साहित्य।

सरसी—एक छंद जिसमें १६, ११ के क्रम से २७ मात्राएँ प्रत्येक चरण में हों और चरणान्त में १-१ गुरु-लघु अवश्य हों।

सर्वश्राव्य—नाटक में कथोपकथन का वह भाग जो 'स्वगत' के बाद सबको सुनाने के लिए कहा जाए।

सर्वात्मवाद—सर्वेश्वरवाद, सब में एक ही आत्मा है।

सलज्जरति—जो लाज के साथ रति बढ़ाने की इच्छा करे, वह नायिका।

सवैया—एक चरण में २२ से २६ अक्षरों वाले छन्द को सवैया कहते हैं, हिन्दी में कवित्त के बाद सवैया छंद का बड़ा महत्त्व और प्रयोग है, सुन्दरी (मत्त-गयन्द), दुर्मिल, किरीट,

अरसात, मदिरा, सुमुखी आदि इसके कई भेद हैं।

सहज—(नाथ पंथ में) परमतत्त्व।

सहज रहनि—समाधि।

सहजिया—परकीया प्रेम को महत्त्व देने वाला एक संप्रदाय।

सहस्रदलकमल—हठयोगियों के अनुसार एक चक्र।

सहस्रार—ब्रह्मरंध्र।

सहोक्ति (अर्थालंकार) जहाँ सह, साथ आदि शब्दों के द्वारा चत्मकार हो।

सांग रूपक—(अर्थालंकार) जहाँ रूपक अलंकार में उपमेय के अवयवों पर उपमान के अवयवों का भी आरोप हो।

साकांक्षता—सामजस्य, समन्वय, अंग प्रत्यंग का उचित सन्निवेश।

सात्विक अनुभाव—चित्तवृत्तियों के द्वारा स्तंभ, स्वेद, रोमांच आदि शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव।

सात्विक अलंकार—शोभा, कान्ति, दीप्ति, माधुर्य आदि, सत्वगुण वाले व्यक्तित्व की सुन्दरता वढ़ाने वाले गुण।

सादृश्य—समानता, उपमा अलंकार में उपमेय उपमान की समानधर्मिता।

साधना—सिद्धि के लिए प्रयत्न।

साधारण धर्म या सामान्य धर्म—उपमा अलंकार में चौथा अंग।

साधारणीकरण—विभावादि का व्यक्तिविशिष्ट से संबंध छूट जाना और सामाजिक का व्यक्तित्व बंधन नष्ट होना, अतः रस की प्रतीति होना।

सॉनेट (अँ०)—चतुर्दशपदी छन्द।

सापेक्षता—दो परिणामों की तुलना, सौन्दर्य-विश्लेषण में अ की व से तुलना।

सापेक्षतावाद—आइनस्टाइन का आविष्कृत सिद्धान्त, इस सिद्धान्त में दिक्काल-निरन्तरता को वास्तविक माना जाता है।

सामंजस्य—नाना विभिन्न अनुभवों तथा प्रभावों की समन्विति।

सामंतवाद—राजा रजवाड़ा ज़मींदारवाद।

सामगान—सामवेद के मन्त्रों का स्वर सहित गान।

सामाजिक दायित्व—समाज के प्रति व्यक्ति के कर्तव्य।

सामाजिक यथार्थवाद—मनुष्य के व्यापारों, जीवन-प्रक्रिया तथा

लौकिक संबन्धों को ही महत्त्व-पूर्ण एवं सत्य मानने वाला मत।

सामाजिक समष्टि—सोशल होल या सोशल एग्रीगेट (अँ०), समुदाय-वाद।

सामान्य—अविशेष, एक अर्थालंकार, समानता।

सामूहिक चेतना—कोलेक्टिव साइक (अँ०), वह चेतना जो व्यक्ति विशेष की न होकर कालविशेष में समष्टिगत हो।

सामूहिक मानस—ग्रुपमाइंड (अँ०), सभा-समिति या वर्ग का मानस।

साम्यवाद—कम्यूनिज़्म।

सारंगा सदाब्रज—उत्तरीय भारत का एक कथागीत।

सार—एक छंद, सारांश, जन्मोत्सव का गीत, एक अलंकार।

सारोपा लक्षणा—लक्षणा शब्द शक्ति का एक भेद जिसमें विषयी तथा विषय दोनों का शब्द द्वारा प्रति-पादन होता है।

सावन—एक मास जो विरह के काव्य का सबसे उपयुक्त समय है।

सावनी हिंडोला—स्त्रियों द्वारा झूला झूलते समय गाये जाने वाले गीत।

साहित्य—किसी भाषा के ललित-रसपूर्ण काव्य, नाटक, उपन्यास आदि ग्रंथों का समुदाय।

साहित्य-विधा—साहित्य के रूप।

सिंहलगढ़—हठयोग में शरीर।

सिंहावलोकन—आगे-पीछे देखकर वर्णन करना या देखना।

सिद्ध—जिसकी साधना पूर्ण हुई, साबित, तन्त्रयुग में सफल साधना वाला योगी।

सुत्त—सूक्त, सूत्र।

सुपर इगो—(अँ०) इड और अहम्।

सुरति—चित्त के स्रोत का प्रवाह, स्मृति।

सुषुम्ना—इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, तीन नाड़ियाँ हैं।

सूक्तिकाव्य—कवि अनुभव सार।

सूत्र—१ सूत, २ तार, ३ जनेऊ, ४ छोटे वाक्य में बहुत अर्थ-कथन, ५ पुतलियों की डोरी, ६ मूल ग्रन्थ।

सूत्रधार—रंगशाला का प्रबन्ध कर्ता।

सूफी—इसलाम में रहस्यवादी।

सूफी मत—वह मत जिसमें लौकिक प्रेम के बहाने अलौकिक प्रेम किया जाता है।

सेवा—भगवान् की सेवा, गुरु सेवा, साधु सेवा, लोक सेवा।

सेहरा—सोने-चाँदी की तारों या फूलों की झालर, विवाह के समय बधाई के रूप में गाई जाने वाली कविता।

सैटायर—व्यंग्यगीत या व्यंग्यकविता।

सोमरस—अमीरस, एक लता का रस जिसे वेदों के काल के आर्य पीते थे।

सोरठ—एक रोमांटिक लोकगाथात्मक कविता।

सोहनी—पंजाब की एक लोकगाथा सोहनीमहिवाल की नायिका, आषाढ़ में निराती के समय का लोकगीत।

सोहम्—वेदान्त का मूलमन्त्र—मैं ब्रह्म हूँ।

सोहर—जन्मोत्सव का गीत।

सौन्दर्य चेतना—सौन्दर्यमय वस्तु की रचना या आस्वादन करते समय आत्मा की स्थिति विशेष।

स्टालिनवाद—मार्क्सिज़्म-लेनिनिज़्म के व्यावहारिक रूप के समर्थक स्टालिन का मत, वे निरन्तर क्रान्ति के पक्षपाती थे।

स्तंभ—प्रथम सात्विक अनुभाव।

स्तुतिगीत—स्तोत्र, अर्चनागीत।

स्थापक—सूत्रधार के बाद रंगमंच पर कथा की स्थापना करने वाला।

स्थैर्य—स्थिरता, नायक का सात्विक गुण।

स्नेह—प्रेम अथवा भक्ति का पूर्व एवं कोमल रूप, सन्तान के प्रति प्यार।

स्पंद—कंपन, थिरकन, गति।

स्फोट—प्रस्फुटित होना, विकसित होना, नाद का शाश्वत रूप।

स्मरण—स्मृति, का एक अर्थालंकार जिसमें सदृश वस्तु को देखकर पूर्व दृश्य के स्मरण में चमत्कार हो।

स्मित—मुस्कान, हास्य रस का एक अंग।

स्मृति—एक संचारी भाव।

स्मृति दृश्य—फ्लेशबैक (अँ०), पूर्व स्मृति का दृश्य की भाँति साकार होना।

स्रग्धरा—वर्णवृत्त म र भ न य य य ७, ७, ७ वर्ण पर यति।

स्रग्विणी—(वर्णिक छन्द) चार रगण प्रत्येक चरण में।

स्रजन—सृजन, सर्जना।

स्वकीया—आत्मीया या स्वीया नायिका

स्वगत—नाटकीय कथोपकथन का वह अंश जिसे दर्शक तो सुनते हैं पर समीपस्थ अन्य पात्र नहीं सुनते, स्वगत के द्वारा नाटककार पात्र का चरित्र-चित्रण करता है और उसके अन्तःकरण को व्यक्त करता है तथा उसके अन्तर्द्वन्द्व को प्रकट करता है।

स्वच्छन्दतावाद—रोमांटिसिज़्म (अँ०) इस वाद के अनुयायी प्राचीन रूढ़ियों का उल्लंघन करके स्वतन्त्र रूप में शृंगार, प्रकृति तथा वीरता की रचनाएँ करते हैं।

स्वप्नप्रतीक—मनोविज्ञान में स्वप्नों में दृष्ट कुछ वस्तुओं को अन्य गुप्त बातों का प्रतीक माना जाता है।

स्वप्नसर्जना—स्वप्न में की गई कलात्मक रचना।

स्वभावज अलंकार—लीला विलास आदि हाव।

स्वभावोक्ति—(अर्थालंकार) जाति, गुण, क्रिया तथा स्वभाव आदि का वर्णन।

स्वाँग—भंगी, धोबी, कुर्मी आदि का वेश का बदलकर शृंगारमय नृत्य करना जिसमें ढोलक, डफ आदि बजाये जाते हैं, विशेषतया होली में स्वाँग भरे जाते हैं और इसमें पुरुष स्त्री का वेश बनाता है तथा स्त्री पुरुष का वेश धारण करती है।

स्वागता—(वर्णवृत्त) न भ ग ग।

स्वात्मनिष्ठकाव्य—सब्जेक्टिव पोइट्री (अँ०)।

स्वाधिष्ठान—हठयोगियों का बताया शरीर में ही दूसरा चक्र।

स्वाधीनपतिका—(नायिकाभेद) जिस का पति आज्ञा का पालन करे।

हकीकत—सूफीमत की वह मंज़िल जहाँ साधक को 'रब' का यथार्थ ज्ञान होता है।

हठयोग—योग-साधना का वह अंग जिसमें इन्द्रिय-निग्रह कड़ाई से किया जाता है और प्राणायाम तथा ध्यान आदि द्वारा कुंडलिनी को जगा कर ब्रह्मरंध्र से टपकने वाला अमृतरस पिया जाता है।

हरिगीतिका—१६, १२ यति के क्रम से प्रत्येक चरण में २८ मात्रा का मात्रिक छन्द।

हरिप्रिया—इसके प्रत्येक पद में १२, १२, १२, १० कुल ४६ मात्राएँ

होती हैं, अन्त में S या SS लगा होता है। यह मात्रिक दंडक है।

हर्ष—एक संचारी भाव।

हल्लीश— (एक उपरूपक) इसमें ७-८ या १० नारी पात्र होते हैं।

हाँरमनी—(अँ०) सामंजस्य।

हाल—सूफियों की वह अवस्था जब वे सभी मानवीय गुण-दोषों से ऊपर उठकर भावावेश की अवस्था में हो जाते हैं।

हालावाद—शराब, मधुबाला और मदिरालय के प्रतीकों से की जाने वाला कविता का पंथ।

हाव—अंगज अलंकार।

हास—हास्य रस का स्थायी भाव।

हास्यरस—इसका स्थायी भाव हास्य है। इसका वर्ण श्वेत है, देवता प्रमथ है।

हिंदवी—हिन्दी का पुराना नाम।

हिन्दी—देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली उत्तरी भारत की सबसे मुख्य भाषा जो सर-हिन्द से बनारस तक बोली जाती है, भारत की राष्ट्र-भाषा और सन् १९६५ के बाद भारत की राजभाषा।

हिन्दुस्तानी—हिन्दी-उर्दू भाषा के मिले जुले सरल रूप का नाम।

हीर राँझा—झंग में हीर का और तख्त हजारे में राँझे का जन्म हुआ। दोनों की प्रेम-कहानी पंजाब में अमर हो गई, पंजाबी में कवि वारस शाह का 'हीर' नामक काव्य बड़ा प्रसिद्ध है, पंजाब का सबसे प्रसिद्ध लोकगीत।

हृदयवाद—वह मत जिसमें साहित्य रचना के लिए हृदय की अनु-भूतियों को सर्वोपरि माना जाता है।

हेला—अंगज अलंकार।

होली—फाग के गीत।

ह्रासोन्मुख—पतन की ओर प्रवृत्त।

ह्लाद—आह्लाद, हर्षातिरेक।

—: ० :—

धातु

१. अर्च्—(हिं०अर्थ) आराधना करना, उपासना करना, पूजा करना; (अँ० अ०) टु एडोर, टु वर्शिप, टु रेस्पेक्ट; (व्यु०श०) अर्चा, अर्चना।

२. अर्ज्—(हिं०) कमाना, प्राप्त करना; (अँ०) टु ऑब्टेन, टु आक्वायर; (व्यु०श०) अर्जन, उपार्जन (उप+अर्जन), धनोपार्जन (धन+उप+अर्जन)।

३. अर्थ्—(हिं०) प्रार्थना करना, माँगना (विनयपूर्वक); (अँ०) टु रिक्वेस्ट, टु डिमाण्ड, टु एंट्रीट; (व्यु०श०) अर्थ (प्रयोजन, धन), प्रार्थना (प्र+अर्थना)।

४. अश्—(हिं०) भोजन करना, खाना चबाकर निगलना; (अँ०) टु टेक फूड, टु ईट, टु कन्ज़्यूम; (व्यु०श०) अशन, प्रातराश, (प्रातर्+आश)।

५. अस्—(हिं०) होना, रहना; (अँ०) टु एग्ज़िस्ट, टु लिव, टु बी, टु रिमेन; (व्यु०श०) अस्तित्व (अस्ति+त्व)।

६. इष् (हिं०) चलना, गति करना, इच्छा करना, चाहना; (अँ०) टु मूव, टु गो, टु स्टिर, टु विश, टु डिज़ायर; (व्यु०श०) इषु (बाण, तीर), इच्छा।

७. ईक्ष्—(हिं०) परीक्षा करना, ध्यान से देखना, विचारना; (अँ०) टु एग्ज़ामिन, टु कन्सिडर,; (व्यु०श०) परीक्षा (परि+ईक्षा)।

८. ईर्—(हिं०) प्रेरित करना, उत्तेजित करना, उकसाना, दबाना; (अँ०) टु अर्ज, टु मूव, टु इन्साईट,; (व्यु०श०) ईरणा, प्रेरणा (प्र+ईरणा)।

९. ईर्ष्य्—(हिं०) ईर्ष्या करना, स्पर्धा करना डाह करना, जलना; (अँ०) टु एन्वि, टु हेट, टु ग्रज; (व्यु०श०) ईर्ष्या।

१०. उन्द्—(हिं०) जल से भिगोना, आर्द्र करना, पानी छिड़कना; (अँ०) टु वैट, टु मॉइसन; (व्यु०श०) समुद्र (सम्+उद्र), उदक (जल)।

११. ऊह्—(हिं०) तर्क-वितर्क करना, तर्क द्वारा परीक्षण करना, वाद-विवाद करना, विचार करना; (अँ०) टु डिलीबरेट, टु रीज़न, टु आर्ग्यू,

टु डिस्कस; (व्यु०श०) ऊहा, ऊहापोह (सोच-विचार, तर्क-वितर्क)।

१२. ऋध्—(हिं०) कृतार्थ होना, सफल होना, वैभववान् होना, धनवान् होना, (अँ०) टु थ्राइव, टु प्रॉस्पर, टु फ्लरिश; (व्यु०श०) ऋद्धि, समद्धि (सम्+ऋद्धि)।

१३. कथ्—(हिं०) कहना, बतलाना, वर्णन करना, प्रकट करना; (अँ०) टु टैल, टु रिलेट; (व्यु०श०) कथा।

१४. कम्—(हिं०) चाहना, इच्छा करना; (अँ०) टु विश, टु डिज़ायर; (व्यु०श०) काम, कामना।

१५. कम्प्—(हिं०) कँपाना, काँपना, हिलाना, हलचल मचाना; (अँ०) टु ट्रेम्बल, टु कॉज़ टु ट्रेम्बल, टु मूव, टु डिस्टर्ब; (व्यु०श०) कम्प, कम्पन, भूकम्प, (भू+कम्प)।

१६. कष्—(हिं०) घिसना, रगड़ना, सान देना; (अँ०) टु ग्राइंड, टु शार्पन, टु स्मूद (बाइ फ्रिक्शन); (व्यु०श०) कषवटी (कसौटी) निकष (नि+कष), कष्ट।

१७. काश्—(हिं०) चमकना, चमकाना, प्रज्वलित होना, जगमगाना; (अँ०) टु एमिट लाईट, टु ग्लीम, टु शाइन; (व्यु०श०) प्रकाश (प्र+काश)।

१८. कुच्—(हिं०) सिकुड़ना, छोटा करना; (अँ०) टु कॉण्ट्राक्ट; (व्यु०श०) संकोच, (सम्+कोच), संकुचित, (सम्+कुचित)।

१९. कुण्ठ्—(हिं०) मंद करना, धारहीन करना, भोंटा करना, भुथरा करना; (अँ०) टु ब्लण्ट; (व्यु०श०) कुण्ठा, कुण्ठित।

२०. कुत्स्—(हिं०) निन्दा करना, गाली देना, दुर्वचन कहना, अनुचित व्यवहार करना; (अँ०) टु आब्यूस, टु माल्ट्रीट; (व्यु०श०) कुत्सित, कुत्सा।

२१. कुप्—(हिं०) क्रुद्ध होना; (अँ०) टु बी एंग्रि, टु बी एन्रेज्ड; (व्यु०श०) कुपित, कोप।

२२. कृ—(हिं०) करना, कार्य संपादित करना; (अँ०) टु डू, टु एक्ट,

टु परफ़ार्म; (व्यु०श०) कृति, करण ।

२३. कृत्—(हिं०) कातना, काटना; (अँ०) टु स्पिन, टु कट; (व्यु०श०) कर्तन (कातना), कर्तन (काटना) ।

२४. कृष् (हिं०) अपनी ओर खींचना, हल जोतना, खेती करना; (अँ०) टु प्लाउ, टु पुल, टु ड्रा, टु कल्टिवेट, टु टिल; (व्यु०श०) आकर्षण (आ+कर्षण), कृषि ।

२५. क्लृप्—(हिं०) काटना, उत्पन्न करना, सम्पन्न करना; (अँ०) टु कट, टु प्रोड्यूस, टु इफ़ेक्ट; (व्यु०श०) कल्पनी (कैंची), कल्पना ।

२६. क्री—(हिं०) मोल लेना, खरीदना; (अँ०) टु पर्चेज़, टु बाई; (व्यु० श०) क्रय, विक्रय (वि+क्रय) ।

२७. क्रीड्—(हिं०) खेलना, कूद-फाँद करना, विहार करना; (अँ०) टु स्पोर्ट, टु प्ले, टु फ्रॉलिक ; (व्यु०श०) क्रीडा (क्रीड़ा) ।

२८. क्रुश्—(हिं०) चिल्लाना, निन्दा करना, दोष निकालना, कोसना; (अँ०) टु क्राइ, टु कण्डेम, टु ब्लेम, टु एब्यूस; (व्यु०श०) क्रोश (कोस—लम्बाई अथवा दूरी का परिमाण, अर्थात् वह दूरी जहाँ तक चिल्लाने की आवाज पहुँच सके), आक्रोश (आ+क्रोश) ।

२९. क्षम्—(हिं०) सहनशील होना, धैर्य रखना, संतोषी होना; (अँ०) टु बी पेशेण्ट, टु फार्बेअर; (व्यु०श०) क्षमा ।

३०. क्षर्—(हिं०) रिसना, टपकना, बहना, (बूँद बूँद करके बहना); (अँ०) टु ट्रिवल, टु फ्लो; (व्यु०श०) क्षार (छार), क्षरण ।

३१. क्षुभ्—(हिं०) चुभाना, उत्तेजित करना, घबराना, व्याकुल होना; (अँ०) टु डिस्टर्ब, टु मूव, टु शेक, टु बी एक्साइटिड, टु पिन्च; (व्यु०श०) क्षोभ, क्षुब्ध ।

३२. क्षुर्—(हिं०) काटना, घाव करना ; (अँ०) टु कट, टु वूण्ड, टु इञ्जर, टु हर्ट; (व्यु०श०) क्षुर (छुरा, उस्तरा), क्षुरा, (छुरा), क्षुरी (छुरी), क्षुरिका ।

३३. खन्—(हिं०) खोदना, गड्ढा करना, अन्वेषण करना; (अँ०)

टु एक्सकेवेट, टु डिग; (व्यु०श०) खनि (खान), खनन ।

३४. **खाद्**—(हिं०) खाना, चबाकर निगल जाना; (अँ०) टु ईट, टु टेक फूड ; (व्यु०श०) खाद्य ।

३५. **ख्या**—(हिं०) वर्णन करना, कहना, सुनाना, (अँ०) टु नैरेट, टु रिसाइट; (व्यु० श०) ख्याति, विख्यात (वि+ख्यात), व्याख्यान (वि+आ+ख्यान) ।

३६. **गण्**—(हिं०) गिनना, जोड़ना; (अँ०) टु काउण्ट, टु रेकन, टु कम्प्यूट, टु काल्क्यूलेट; (व्यु०श०) गणित, गणना ।

३७. **गद्**—(हिं०) कहना, बोलना, वार्तालाप करना, उच्चारण करना; (अँ०) टु अटर, टु से, टु स्पीक; (व्यु० श०) गद्य ।

३८. **गम्**—(हिं०) चलना, जाना, प्रस्थान करना; (अँ०) टु मूव, टू डिपार्ट, टु गो; (व्यु० श०) गम, आगम (आ+गम), गमन, गति ।

३९. **गा**—(हिं०) प्रस्थान करना, जाना, चलना, स्थान बदलना, चेष्टा करना; (अँ०) गात्र (शरीर का अवयव, अर्थात् गत्यात्मक क्रिया-व्यापार का साधन) ।

४०. **गै, गा**—(हिं०) गाना, कूजना, कविता रचना, सुरीले स्वर लय में शब्दोच्चारण करना; (अँ०) टु सिंग, टु अटर इन ए ट्यून; (व्यु०श०) गायन (गै+अन), गान (गा+अन) ।

४१. **गुण्**—(हिं०) गुणा करना, बढ़ाना; (अँ०) टु मल्टिप्लाई, टु इन्क्रीज़ (इन नंबर), टु एड्वांस; (व्यु० श०) गुणन, गुणा ।

४२. **घट्**—(हिं०) संयोगवश होना, आ पड़ना; (अँ०) टु चान्स, टु हैप्पन; (हिं०) घटना, दुर्घटना (दुर्+घटना), घटित ।

४३. **घुष्**—(हिं०) प्रकट करना, प्रकाशित करना, विज्ञापन करना; (अँ०) टु एनाउन्स, टु डिक्लेअर, टु प्रोक्लेम; (व्यु० श०) घोष, घोषित, घोषणा ।

४४. **चक्ष्**—(हिं०) देखना, दर्शन करना, निरीक्षण करना, अन्वेषण करना, परीक्षा करना; (अँ०) टु लुक, टु सी, टु डिसर्न ऑब्जेक्ट विद आइज़, टु एग्ज़ैमिन; (व्यु० श०) चक्षु ।

४५. **चण्ड्**—(हिं०) क्रुद्ध होना, कुपित होना, भयंकर होना; (अँ०) टु बी एन्रेज्ड, टु बी एंग्री; (व्यु०श०) प्रचण्ड प्र+चण्ड, चण्डी, चण्डिका।

४६. **चर्**— (हिं०) पैदल चलना, टहलना; (अँ०), टु स्टेप, टु वाक, टु ट्रैवल ऑन फुट; (व्यु०श०) चरण, चरित, चर।

४७. **चित्**—(हिं०) बोध करना, जानना, समझना, सूचित होना; (अँ०) टु नो, टु लर्न, टु अण्डरस्टैण्ड, टु एप्रिहेण्ड; (व्यु०श०) चित्त, चेतन, चेतना।

४८. **जन्**—(हिं०) जन्म लेना, पैदा होना, जनमना; (अँ०) टु बी बॉर्न, टु टेक बर्थ; (व्यु०श०) जन, जनित, जन्य, जन्म, जन्यु (प्राणी)।

४९. **ज्ञा**—(हिं०) भली-भाँति जानना (समझना), परिचित होना, अनुभव प्राप्त करना; (अँ०) टु पर्सीव, टु आब्ज़र्व, टु नो, टु अण्डरस्टैण्ड; (व्यु० श०) ज्ञान, ज्ञात।

५०. **तप्**—(हिं०) गर्म करना, गर्म होना, उत्तेजित करना, भड़काना; (अँ०) टु बी हॉट, टु मेक हॉट, टु एक्साइट, टु एजिटेट; (व्यु०श०) तप्त, तप, ताप।

५१. **दिश्**—(हिं०) दिखलाना, बतलाना, सूचित करना, निर्दिष्ट करना; (अँ०) टु इंडिकेट, टु डाइरेक्ट, टु पॉयण्ट आउट, टु शो, टु गाइड; (व्यु०श०) दिशा, दिशि।

५२. **दुह्**—(हिं०) दूध दुहना, दूध निकालना (दुधारु पशु के स्तनों में से); (अँ०) टु मिल्क, टू ड्रा मिल्क; (व्यु०श०) दोहन, दुग्ध।

५३. **द्युत**—(हिं०) जगमगाना, प्रज्वलित होना, प्रकाशित करना, चमकना, (अँ०) टु बी ब्रिल्यण्ट, टु ब्राइटेन, टु ग्लीम, टू एमिट लाइट, टू शाइन; (व्यु०श०) द्युति, विद्युत् (वि+द्युत्), द्योतक।

५४. **धा**—(हिं०) सृष्टि रचना, निर्माण करना, पोषण करना, सहारा देना, धारण करना; (अँ०) टु ऑरिजिनेट, टु ब्रिंग इनटु एग्ज़िस्टेंस, टु सप्पोर्ट, टु क्रिएट; (व्यू० श०) धात्री, धाता, विधाता (वि+धाता)।

५५. धी—(*हि०*) सोचना, विचारना, मनन करना, चिंतन करना, अनु-मान करना, कल्पना करना; (अँ०) टु थिंक, टु कन्सिडर, टु कॉण्टेम्पलेट, टु मेडिटेट, टु इमेजिन, टु फेंसि; (व्यु०श०) धी (बुद्धि, ज्ञान, पुत्री)।

५६. नम्—(*हि०*) नमस्कार करना, प्रणाम करना, झुकना, चरणों पर गिरना, (चरण स्पर्श करना), टु बेंड, टु स्टूप, टु सेल्यूट, टु रिवी-अर; (व्यु०श०) नमस्कार, नम्र।

५७. नी—(*हिं०*) मार्ग दिखाना, अग्रसर होना, ले चलना, आगे जाना, अगुआई करना ; टु डाइरेक्ट, टु गाईड, टु लीड, टु काण्डक्ट; (व्यु० श०) नेत्री, नेता।

५८. पठ्—(*हिं०*) पढ़ना, समझना, विचारना, अध्ययन करना; (अँ०) टु स्टडि, टु रीड, टु लर्न (बाई आब्ज़र्वेशन), (व्यु०श०) पठित, पाठ्य, पाठ।

५९. पिष्—(*हिं०*) पीसना, कसकर रगड़ना, चूर्ण के रूप में करना; टु रिड्यूस, टू पाऊडर, टु ग्राईन्ड, टु रब हार्ड; (व्यु०श०) पिष्ट, पेषण, पिष्टपेषण, (पिसे हुए को फिर पीसना)।

६०. पुष्—(*हिं०*) पलना-पुसना, बढ़ना, लालित-पालित होना, सबल-सुदृढ़ होना, (अँ०) टु बी नरिश्ड, टु बीं नर्चर्ड, टु बी चेरिश्ड; (व्यु०श०) पुष्टि, पुष्ट, संपुष्ट (सम्+पुष्ट)।

६१. पू—(*हिं०*) शुद्ध करना, निर्मल करना; (अँ०) टु प्योरिफ़ाई, टू क्लीन, टु मेक प्योर; (व्यु०श०) पवन, (पू+अन) अर्थात् शुद्धि करने वाला।

६२. पूज्—(*हिं०*) आराधना करना, आदर करना, उपासना करना, सम्मान करना, प्रतिष्ठा करना; (अँ०) टु आनर, टु वेनरेट, टु एडोर, टु वर्शिप, टु रेसपेक्ट, टु रेवरेंस; (व्यु०श०) पूजन, पूज्य, पूजनीय, पूजा, पूजित।

६३. प्रच्छ्—(*हिं०*) पूछना, याचना करना, माँगना, जाँचना, अन्वेषण

करना; (अँ०) टु इन्क्वायर, (एन्क्वायर), टु आस्क, टु डिमाण्ड; (व्यु०श०) पृच्छा, पृच्छक, प्रश्न ।

६४. प्रथ्—(हिं०) फैलना, प्रचलित होना, व्यवहृत होना, संचरना; (व्यु०श०) टु स्प्रेड, टु बी कस्टमरि; (व्यु०श०) प्रथा, प्रथित ।

६५. प्री—(हिं०) प्रसन्न करना, आनन्द देना, सुखकर होना, तृप्त करना, (अँ०) प्लीज़, टू ग्रेटीफ़ाइ, टु डिलाईट; (व्यु०श०) प्रीति, प्रेयसी, प्रिय ।

६६. प्लु—(हिं०) तिरना, तैरना धोना, (अँ०) टु फ़्लोट, टु बॉय; (व्यु०श०) प्लवन (प्लु+अन), प्लावन, प्लुत ।

६७. बुध्—(हिं०) जानना, समझना, ज्ञान प्राप्त करना, (अँ०) टु नो, टु पर्सीव, टु अण्डरस्टैंड, (व्यु०श०) बुद्धि, बोध ।

६८. भी—(हिं०) डरना, त्रस्त होना, आशंका करना, संदेह करना, (अँ०) टु बी एफ्रेड, टु फ़िअर, टु डाउट; (व्यु० श०) भीत, भय ।

६९. मन्—(हिं०) चिंतन करना, सोचना, विचारना, कल्पना करना; (अँ०) टु काँण्टेम्पलेट, टु मेडिटेट, टु थिंक, टु कन्सिडर ; (व्यु० श०) मन ।

७०. मह्—(हिं०) सम्मान करना, प्रतिष्ठा, करना, बढ़ाना, अधिक, करना ; (अँ०) टु आॅनर, टु मेग्निफ़ाइ, टु मेक ग्रेट ; (व्यु०श०) महान्, महत्ता ।

७१. मा—(हिं०) नापना, मापना, कूतना, अनुमान, करना ; (अँ०) टु एस्टिमेट, टु मेज़र, टु एस्सर्टेन, टु डिटर्मिन ; (व्यु०श०) मान ।

७२. मार्ग—(हिं०) खोजना, ढूँढ़ना, अन्वेषण करना, तलाशना ; (अँ०) टु सीक, टु सर्च ; (व्यु०श०) मार्ग, मार्गी, मार्गिक, मार्गन ।

७३. मिल्—(हिं०) मिलना, भेंट करना, सम्मुख आना, भिड़ना, एकत्र होना ; (अँ०) टु एन्काउंटर, टु मीट, टु कम फ़ेस टु फ़ेस, टु असेम्बल; (व्यु०श०) मिलन, सम्मेलन, (सम्+मेलन) ।

७४. मुच्—(हिं०) बन्धन से छुटकारा देना, निस्तार करना, तारना;

(अँ०) टु सेट ऐट लिबर्टी, टु रिलीज़ फ्रॉम बॉण्डेज, टु लिबरेट; (व्यु०श०) मुक्त, मुक्ति, मोचन।

७५. **मुद्**—(हिं०) आनन्दित होना, प्रसन्न होना, हँसमुख होना, (अँ०) टु बी मेरि, टु बी गे, टु बी मर्थफुल, टु बी जॉयस; (व्यु०श०) मोद, मोदक, मुदित, आमोद (आ+मोद), प्रमोद (प्र+मोद)।

७६ **मृ**—(हिं०) मरना, दम निकलना, समाप्त होना, प्राणान्त होना; (अँ० टु सीज टु लिव, टु एक्सपायर, टु डाइ; (व्यु०श०) मरण मृत्यु।

७७. **यम्**—(हिं०) अधीन करना, प्रतिबंध लगाना, रोकना, सीमा बाँधना, दबाना,; (अँ०) टु कण्ट्रोल, टु रिस्ट्रेन, टु लिमिट; (व्यु० श०) यम, संयम, (सम्+यम), नियम, नियमन।

७८. **याच्**—(हिं०) प्रार्थना करना, विनय करना; (अँ०) टु रिक्वेस्ट, टु एण्ट्रीट, टु प्रे फ़ॉर, टु बेग; (व्यु०श०) याचना, याचन, याचक।

७९. **युज्**—(हिं०) मिलना, मिलाना, जुड़ना, जोड़ना, एक होना, एकत्र होना; (अँ०) टु युनाइट, टु जॉइन, टु ग्रो इण्टू वन; (व्यु०श०) योजन, योजक, योग, संयोग, (सम्+योग), वियोग (वि+योग)।

८०. **रम्**—(हिं०) अति आनन्दित होना, हर्षित होना; (अँ०) टु टेक ग्रेट प्लेज़र, टु डिलाइट इन; (व्यु०श०) रमण (आनन्ददायक), राम (मनोहर, प्रिय)।

८१. **रस्**—(हिं०) स्वाद लेना, चखना, अनुभव करना, आनन्द लेना; (अँ०)टु गेट प्लेज़र आउट ऑव, टु रेलिश, टु टेस्ट; (व्यु०श०) रसना, रस।

८२. **राज**—(हिं०) शासन करना, अधीन या नियंत्रित रखना, व्यवस्था करना, (अँ०) टु रूल, टु गवर्न, टु रेन; (व्यु०श०) राज्य, राजा।

८३. **लक्ष्**—(हिं०) निशान लगाना, चिह्नित करना, संकेत द्वारा बताना, निर्दिष्ट करना, देखना; (अँ०) टु सिम्बलाइज़, टु मार्क, टु नोट, टु आब्ज़र्व; (व्यु०श०) लक्ष्य, लक्षण, लक्षणा, लक्षि, लक्षक, लक्षित।

८४. **लप्**—(*हि०*) बातचीत करना, बोलना, सम्भाषण करना ; (अँ०) टु चैट्टर, टु टॉक, टु स्पीक, टु कन्वर्स ; (व्यु०श०) प्रलाप (प्र+लाप), आलाप (आ+लाप), विलाप, (वि+लाप), वार्तालाप (वार्ता+आलाप) ।

८५. **लभ्**—(*हिं०*) प्राप्त करना ; (अँ०) टु गेन, टु गेट, टु ऑब्टेन; (व्यु०श०) लभ्य, लाभ, सुलभ, (सु+लभ) दुर्लभ, (दुर्+लभ) ।

८६. **लिख्**—(*हिं०*) रचना करना, लिपि में प्रकट करना, निबंध रचना, लिखना, (अँ०) टु एक्सप्रेस इन ब्लेक एंड व्हाइट, टु राइट, (व्यु०श०) लिखित, लेख, लेखन, लेखक ।

८७. **लोक्**—(*हि०*) देखना, परीक्षा करना, निरखना, निहारना, दृष्टि का प्रयोग करना, (अँ०) टु यूज़ साइट, टु लुक, टु सी, टु विहोल्ड; (व्यु०श०) लोक (लोग, संसार) ।

८८. **वच्**—(*हिं०*) बोलना, कहना, (अँ०) टु से, टु स्पीक; (व्यु०श०) वचन ।

८९. **वर्ण्**—(*हिं०*) रँगना, चित्रकारी करना, निरूपण करना, व्याख्या करना, बयान करना, (अँ०) टु पेण्ट, टु डिस्क्राइब, टु सेट फ़ोर्थ इन, टु मार्क आउट ; (व्यु०श०) वर्णन, वर्ण्य, वर्ण ।

९०. **वस्**—(*हिं०*) रहना, बसना, समय बिताना, पहनना; (अँ०) टु ड्वेल, टु इन्हैबिट, टु लिव, टु रिज़ाइड, टु वेअर; (व्यु०श०) वास, निवास, आवास, प्रवास, वसन, वस्त्र ।

९१. **विद्**—(*हिं०*) जानना, समझना, अस्तित्व रखना, प्राप्त करना; (अँ०) टु पर्सीव, टु नो, टु एग्ज़िस्ट, टु ऑब्टेन ;

९२. **वे**—(*हिं०*) बुनना, कपड़ा बनाना (बुनना) ; (अँ०) टु वीव, टु इण्टरलेस थ्रेड्ज़ इन ए लूम ; (व्यु०श०) वयन, वेम (करघा), ओत-प्रोत (आ+ऊत—प्र+ऊत) ।

९३. **व्रज्**—(*हिं०*) घूमना, विचरना, भटकना, चलना, स्थान छोड़कर जाना ; (अँ०) टु रोम, टु वाण्डर, टु रैम्बल ; (व्यु०श०) व्रज, व्रजक,

व्रजन, व्रज्या, परिव्राजक ।

९४. **शिक्ष्**—(*हिं०*) पढ़ाना, सिखाना, उपदेश देना ; (*अँ०*) टु टीच, टु इन्स्ट्रक्ट ; (*व्यु०श०*) शिक्षा, शिक्षक, शिक्षित ।

९५. **सृज्**—(*हिं०*) निर्माण करना, अस्तित्व में लाना, सृष्टि रचना, उत्पन्न करना; (*अँ०*) टु क्रिएट, टु ऑरिजिनेट, टु ब्रिंग इण्टु एग्ज़िस्टेंस ; (*व्यु०श०*) सृजन, सृष्टि, सृजक, सर्जन ।

९६. **स्मि**—(*हिं०*) मुस्कराना, हल्की हँसी हँसना ; (*अँ०*) टु स्माइल, टु लाफ़ स्लाइटलि ; (*व्यु०श०*) स्मिति, स्मित, स्मयन ।

९७. **स्मृ**—*हिं०*) स्मरण रखना, याद करना ; (*अँ०*) टु रिटेन इन मेमरि, टु बेअर इन माइण्ड, टु रेकलेक्ट, टु रिमेम्बर ; (*व्यु०श०*) स्मृत, विस्मृत (वि+स्मृत), स्मृति, स्मरण ।

९८. **हिंस्**—*हिं०*) आघात पहुँचाना, पीड़ा देना, हानि पहुँचाना ; (*अँ०*) टु डू हार्म, टु डैमेज, टु इन्जर, टु हर्ट; (*व्यु०श०*) हिंस्र, हिंसक, हिंसा ।

९९. **हु**—(*हिं०*) बलि के लिए उपस्थित करना, भेंट चढ़ाना, पूजा की सामग्री अर्पित करना, बलिदान करना; (*अँ०*) टु प्रेज़ेंट एज़ ए सेक्रिफ़ाइस, टु ऑफ्फर ; (*व्यु०श०*) होम, हुत, आहुति ।

१००. **ह्वे**—(*हिं०*) बुलाना, पुकारना, ललकारना, ; (*अँ०*) टु चैलेन्ज, टु क्राइ आउट, टु समन, टु काल; (*व्यु०श०*) आह्वान (आ+ह्वान) । (हिंदी का संबोधन-चिह्न 'हे' इस 'ह्वे' धातु का ही अपभ्रंश है ।)

—: ० :—

प्रत्यय

१. **अ**—चोर (चुर्), हास (हस्) ; वासुदेव (वसुदेव), मायूर (मयूर) यौवन (युवन्) ।

२. **अक**—रञ्जक (रञ्ज्), रजक (रञ्ज), पाचक (पच्); आरण्यक (अरण्य), ग्रैष्मक (ग्रीष्म) ।

३. **अन**—भोजन (भुज्), ज्वलन (ज्वल्) ।

४. **अनीय**—वचनीय (वच्), भेदनीय (भिद्) ।

५. **आ**—जरा (जॄ), ऊहा (ऊह्), कुण्ठा (कुण्ठ्) ।

६. **आन**—वर्धमान (वृध्), क्रियमाण (कृ) ।

७. **आमह**—पितामह, मातामह ।

८. **आलु**—दयालु, ईर्ष्यालु ।

९. **इ**—कृषि (कृष्) ।

१०. **इक**—आस्तिक (अस्), धार्मिक, मासिक, नाविक ।

११. **इत**—भ्रमित, विचलित, तारकित, पुष्पित ।

१२. **इय**—अग्रिय, इन्द्रिय ।

१३. **इल**—पंकिल, आविल ।

१४. **ईन**—कुलीन, कौलीन, ग्रामीण, सर्वांगीण ।

१५. **ईय**—आत्मीय, भ्रात्रीय ।

१६. **उ**—चक्षु (चक्ष्), भिक्षु (भिक्ष्) ।

१७. **उक**—कामुक (कम्) ।

१८. **उन**—मिथुन (मिथ्), शकुन (शक्) ।

१९. **उर**—भिदुर (भिद्), विदुर (विद्) ।

२०. **एय**—आमेय, नादेय, कौशेय ।

२१. **क**—आह्लादक, पञ्चक ।

२२. **कट**—संकट, प्रकट, विकट, उत्कट ।

२३. **त्य**—दाक्षिणात्य, पाश्चात्य ।

२४. **त्रिम**—कृत्रिम (कृ) ।
२५. **त्व**—पुंस्त्व (पुँस्) ।
२६. **त**—त्यक्त (त्यज्), हृष्ट (हृष्), उक्त (वच्) ।
२७. **तम**—उत्तम (उत्+तम), महत्तम (महत्+तम) ।
२८. **तर**—उत्तर (उत्+तर), महत्तर (महत्+तर) ।
२९. **तन**—अद्यतन, दिवातन ।
३०. **ता**—जनता, गीता ।
३१. **त**—कृति (कृ) ।
३२. **तीय**—द्वितीय, तृतीय ।
३३. **तु**—जन्तु, तन्तु, वास्तु, हेतु ।
३४. **धा**—द्विधा, शतधा ।
३५. **न**—छिन्न (छिद्), पूर्ण (पृ), प्रश्न (प्रच्छ्) ।
३६. **नि**—अग्नि, ग्लानि, हानि ।
३७. **नु**—भानु ।
३८. **म**—पञ्चम, सप्तम, मध्यम, भीम, धूम ।
३९. **मि**—भूमि, रश्मि ।
४०. **मी**—लक्ष्मी ।
४१. **य**—गद्य (गद्), देय, (दा), ग्रैव्य, सौभाग्य, सभ्य, वश्य, कुल्य ।
४२. **या**—विद्या (विद्) ।
४३. **यु**—मन्यु, मृत्यु ।
४४. **र**—कुटीर, मुखर ।
४५. **ल**—अनिल, गरल, तरल, सरल ।
४६. **व**—केशव, अश्व ।
४७. **श**—लोमश (लोम), कपिश (कपि) ।
४८. **शः**—अल्पशः, शब्दशः ।
४९. **क्ष्ण**—तीक्ष्ण ।
५०. **स्ना**—मृत्स्ना ।
५१. **सात्**—भस्मसात्, आत्मसात् ।

उपसर्ग

१. अति—(*हिं०अर्थ*) अधिक, बढ़कर, ऊपर, पार, परे, बाहर, अतिरिक्त ; (*अँ०अर्थ*) एक्सेसिव, सरपासिंग, ओवर, बियॉण्ड ; (*उदाहरण*) अतीन्द्रिय, अत्यावश्यक, अत्याचार, अतिपितृ, अत्युत्साह ।

२. अधि—(*हिं०अर्थ*) ऊपर, पर, बढ़कर, ऊँची ओर, अधिक, ऊपर की दिशा में; (*अँ०अर्थ*) अपॉन, एडिशनल, एबव ; (*उदाहरण*) अधिमास, अध्यधीन, अधिप्रसू, अधिपति, अधिदेव, अधिपुरुष, आधिभौतिक, अधिमात्र, अधिरूढ़, अधिरोह ।

३. अनु—(*हिं०अर्थ*) पीछे, अनुसरण में, विषय में, बाद में, पिछला, अनुमोदन में, पीठ की ओर, बराबर, साथ-साथ, सटे-सटे, पास-पास, एक ओर से दूसरी ओर तक, साहचर्य में, क्रमानुसार, क्रम से, नियमित ; (*अँ०अथ*) बिहाइण्ड, एलॉङ्ग, आफ्टर, नियर, विद, आर्डर्ली; (*उदाहरण*) अनुकथन, अनुनिर्देश, अन्वाख्या, अनुचर, अनुरूप, अनुशीलन, अनुदिन ।

४. अप—(*हिं०अर्थ*) दूर, दूरस्थ, पीछे, नीचे, निषिद्ध, अस्वीकृत, बुरा, अशुद्ध, हीन, दूषित, विकृत, विपरीत ; (*अँ०अर्थ*) अवे, ऑफ, बैक, डाउन, निगेटिव, बैड, रॉङ्ग ; (*उदाहरण*) अपकर्ष, अपकार, अपक्रम, अपतीर्थ, अपकलमष, अपपाठ, अपवाद, अपव्यय, अपहास, अपवर्त ।

५. अपि (पि)—(*हिं०अर्थ*) और, भी, अगरचे; (*अँ०अर्थ*) युनाइटिंग, प्लेसिंग ओवर, प्रॉक्सिमिटी, इन एडिशन टु; (*उदाहरण*) अपिच, अपिधान, अपिव्रत, अपिनद्ध, अपिहित ।

६. अभि (*हिं०अर्थ*) सामने, पास, समीप, ओर, श्रेष्ठ, अति, अत्यधिक, पुनः-पुनः; (*अँ०अर्थ*) अपॉन, ऑन, ओवर, ट्वाईस, इंटेंसिव; (*उदाहरण*)

अभिख्यान, अभिगम, अभिग्रह, अभिचर, अभिचार, अभिजन, अभिसार, अभिषेक, अभिधर्म, अभिनव, अभ्यास।

७. अव—(*हि०अर्थ*) दूर, नीचे, निश्चित, व्याप्त, अल्प, क्षीण, कम, अभाव, में; (*अँ०अर्थ*) डाउन, ऑफ, अवे; (*उदाहरण*) अवकेश, अवगति, अवगम, अवगाहन, अवगुंठन, अवगुण, अवचय, अवज्ञान, अवतरण।

८. आ—(हिं० *अर्थ*) तक, से, भर, सहित, ओर, समीप, सामने सीमित, अल्प, सूक्ष्म, लघु; (*अँ०अर्थ*) टुवार्ड्स, नियर, आप्पोज़िट, डिमिन्युटिव; (उदाहरण) आसेतु, आकण्ठ, आजन्म, आजीवन, आबालवृद्ध, आकर्ण।

९. उद्—(*हि०अर्थ*) ऊपर, ऊँचाई पर, प्रबल, प्रधान, उत्कर्ष पर, परे, दूर, बाहर, ऊपर की ओर; (*अँ०अर्थ*) आफ़, अवे, आउट, अप, आउट आव, ओवर,; (*उदाहरण*) उत्सूत्र, उत्क्षेप, उद्भव, उद्ग्रीव, उद्गार, उद्गत, उद्-घाटन, उद्घात, उद्घोष।

१०. उप—(*हिं०अर्थ*) अधिक, न्यून, समीप, आसन्न, बराबर, व्याप्त, घटिया, ओर, अधीन, अप्रधान; (*अँ०अर्थ*) ऑन, अंडर, टुवार्ड्स, नियर, इन्फ़िरिअर, सबार्डिनेट; (*उदाहरण*) उपकक्ष, उपकार, उपलक्ष्य, उपक्रम, उपचार, उपनाम, उपनिवेश, उपनीत, उपन्यास, उपमान, उपपत्ति, उपभोग, उपकण्ठ, उपकूप।

११. दुः—(*हिं०अर्थ*) बुरा, कठोर, कठिन, अनुत्तम; (*अँ०अर्थ*) बैड, हार्ड, डिफ़िक़ल्ट, इन्फ़िरिअर; (*उदाहरण*) दुःसह, दुःशील, दुर्योनि, दुर्बल, दुर्भिषज्य, दुर्योग, दुर्वृत्ति, दुर्दैव, दुर्बुद्धि, दुरभिप्राय, दुरुत्तर, दुरध्येय।

१२. नि—(*हि०अर्थ*) इनकार, में, भीतर, नीचे, पीछे; (*अँ०अर्थ*) निगेशन, इन, इण्टू, डाउन, बैक; (*उदाहरण*) निबिड, निग्रह, निसंज्ञ, निकारण, निकाम, निदेश, निवेश, निपुण, निबंध, निकट, निकृति, निदर्शन, निलय, निपीत।

१३. निः—(*हि०अर्थ*) नकारात्मक, बाहर, परे, दूर, पीछे, आगे, सामने, अत्यंत, तीव्र, वृद्धिकर्ता, घना, ; (*अँ०अर्थ*) निगेटिव, आउट, अवे, फ़ार्थ, इंटेंसिव, ; (*उदाहरण*) निःशंक, निःशब्द, निःश्वास, निःशून्य, निःकपट, निःकाम, निःकारण, निःकासन, निःक्षेप, निःछल ।

१४. परा—(*हि०अर्थ*) दूर, परे, अलग, एक ओर, प्रधान ; (*अँ०अर्थ*) अवे, आफ़, एसाइड; (*उदाहरण*) पराकाष्ठा, पराहत, परागत, परादृष्ट, पराक्रांत, पराजित, पराक्रम ।

१५. परि—(*हिं०अर्थ*) चारों ओर, गोलाई में, पूर्ण प्रकार से, पास, विषय में, बाहरी ओर ; (*अँ०अर्थ*) एबाउट, राउण्ड, फ़ुल्ली ; (*उदाहरण*) परिक्रमण, परिणत, परिवाद, परिष्कार, परिष्वंग, परिचर्या, परिच्छेद, परिकंप, परिकथा, परिकर, परिक्रिया ।

१६. प्र—(*हिं०अर्थ*) आगे, पर, ऊपर, दूर, अधिक, महान्, आगे की ओर, अत्यंत ; (*अँ०अर्थ*) आन, फ़ॉर्थ, ऑन्वर्ड्स, अवे, फॉर्वर्ड, वेरी, एक्सेसिव, ग्रेट ; (*उदाहरण*) प्रयाण, प्रभु, प्रवाद, प्रच्छाय, प्रपौत्र, प्रोषित, प्रार्थना, प्रशम, प्रांजलि ।

१७. प्रति—(*हिं०अर्थ*) ओर, तरफ, संबंध में, विषय में, मुकाबले में, विरुद्ध, ऊपर, सामने, बदले में, पीछे, हर, सादृश्य, ; (*अँ०अर्थ*) टुवार्ड्स, इन ऑप्पोज़िशन, टु अगेन्स्ट, ॲपान, इन रिटर्न, बैक, लाइकनेस, एवरि ; (*उदाहरण*) प्रतिकूल, प्रत्यग्नि, प्रतिपथ, प्रतिबल, प्रतिदिन, प्रतिकार, प्रतिदान, प्रतिफल, प्रतिग्रह, प्रतिमूर्ति, प्रतिदेवता, प्रत्यक्ष, प्रतिवाद, प्रतिभर ।

१८. वि—(*हिं०अर्थ*) बिना, परे, दूर, सामने, विरुद्ध, घना, अधिक, अलग, विभिन्न, पृथक्, विपरीत, अंतर, पर, क्रम, से ; (*अँ०अर्थ*) विदाउट, एपार्ट, अवे, अप्पोज़िट, इण्टेन्सिव, डिफ़्फ़रेंट, ; (*उदाहरण*) विगत, विकच, विचित्र, विक्रय, वियोग, विभाग, विशेष, विधा, विरोध, विध्वंस, विमल, विकार ।

१९. **सम्**—(हिं०अर्थ) साथ, इकट्ठे, पूर्णरूपेण, अधिक, समीप, अच्छा; (अँ०अर्थ) विद, टुगेदर, कॉम्प्लीटली, ; (उदाहरण) सम्मति, सम्मान, सम्मुख, सम्मिलन, सम्मत, सम्बन्ध, सम्बल, सम्प्रदान, सम्प्रयास।

२०. **सु**—(हिं०अर्थ) सुन्दर, उत्तम, अधिक, अतिशय, सहज, सरल, अनायास, भलीभाँति, पूरे तौर पर ; (अँ०अर्थ) गुड, इज़ी, मॉडरेट, वेल, (उदाहरण) सुदर्शन, सुगति, सुकुल, सुकर, स्वागत, सुगंध, सुलभ, सुजीर्ण, सुसेवित, सुशासित।